
* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
28 अगस्त, 2025
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 308

पापा ने वाक कर पहला कीमो लिया, वापस आये तो सीधे ऑफिस में मीटिंग






## राहुल गांधी की यात्रा में शामिल हो सकते हैं हेमंत

- वोटर अधिकार यात्रा का एक सिंतबर को पटना में है समापन
- कई अन्य बड़े नेताओं के शामिल होने की उम्मीद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी बिहार में चल रही राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा में शामिल हो सकते हैं। उम्मीद है कि वोटर अधिकार यात्रा के समापन पर एक सितंबर को पटना में होनेवाली महारैली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। इसको लेकर रणनीतिक कार्यक्रम बनाया जा रहा है। इस बीच झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र भी समाप्त हो चुका होगा। किसी अन्य प्रकार की सरकारी या राजनीतिक गतिविधियों के भी झारखंड में होने की संभावना नहीं है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन 27 अगस्त को राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा में मुजफ्फरपुर में शामिल हुए। वहीं जानकारी के अनुसार समापन महारैली में इंडिया गठबंधन के अन्य बड़े दलों के नेताओं के भी आने की संभावना है। झामुमो इंडिया गठबंधन की एक मजबूत कड़ी है। इंडिया गठबंधन की झारखंड में सरकार भी है। हेमंत सोरेन उसी सरकार के मुखिया हैं। इतना ही नहीं, बिहार में विधानसभा का चुनाव भी होने जा रहा है। इसी उद्देश्य से वोटर अधिकार यात्रा का भी आयोजन किया जा रहा है। झामुमो भी बिहार विधानसभा चुनाव में सीटों की उचित हिस्सेदारी की मांग कर रहा है। झामुमो की हिस्सेदारी पर अभी तक कोई सार्थक बातचीत नहीं हुई है। इसलिए हेमंत सोरेन के वोटर अधिकार यात्रा में शामिल होने की संभावना जतायी जा रही है।

### नीरज सिंह हत्याकांड: आठ साल बाद आया फैसला

## संजीव सिंह समेत सभी आरोपी बरी

- कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में सभी को छोड़ा

**सुनील भंडारी**

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड मामले में कोर्ट ने बुधवार को अपना फैसला सुना दिया है। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। बचाव पक्ष के वकील मो. जावेद ने बताया कि साक्ष्य के अभाव में सभी आरोपियों को कोर्ट ने बरी कर दिया है। वहीं, नीरज सिंह के भाई अभिषेक सिंह ने कहा कि वह इस फैसले के खिलाफ हाइकोर्ट में अपील करेंगे। पूर्व विधायक संजीव सिंह, नीरज सिंह के चचेरे भाई हैं। नीरज सिंह की पत्नी पूर्णिमा नीरज सिंह कांग्रेस से झरिया की पूर्व विधायक हैं, जबकि संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह भाजपा से झरिया की वर्तमान विधायक हैं।

बताते चलें कि पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह, ड्राइवर घल्टू महतो, पीइ अशोक यादव और बॉडीगार्ड मुन्ना तिवारी की 21 मार्च 2017 की शाम सरायढेला थाना क्षेत्र के स्टील गेट में हत्या कर दी गयी थी। दो बाइकों पर सवार चार अपराधियों ने नीरज सिंह की गाड़ी पर अंधाधुंध फायरिंग की थी। इसके बाद 23 मार्च 2017 को नीरज सिंह के भाई अभिषेक सिंह उर्फ गुड्डु सिंह ने एफआइआर दर्ज करायी थी। आठ साल तक 408 तारीखों पर सुनवाई हुई और उसके बाद 27 अगस्त 2025 को कोर्ट ने अपना अंतिम फैसला सुनाया।

**एक-एक कर अप्राथमिकी अभियुक्तों में नाम जुड़ते गये:** नीरज सिंह के भाई अभिषेक सिंह की शिकायत पर संजीव सिंह, जैनेंद्र सिंह उर्फ पिंटू सिंह, गया सिंह, महंत पांडे और सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह को आरोपी बनाया गया था। बाद में, अप्राथमिकी अभियुक्तों में नाम जुड़ते गये।

**4 अगस्त 2017 को आरोप तय हुआ था:** मामले में कार्रवाई करते हुए संजीव सिंह के साथ, धनजी सिंह, संजय सिंह, पिंटू सिंह, डब्लू मिश्रा, पंकज सिंह, शूटर अमन सिंह, सतीश सिंह, कुर्बान अली और सागर सिंह को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद मामले में 4 अगस्त 2017 को आरोप तय किये गये। इसके बाद 408 तारीखों और छह अदालतों में सुनवाई पूरी हुई। आरोपियों के खिलाफ घटना के 10 महीने बाद 3 जनवरी 2019 को 49 तारीखों पर आरोप तय किये गये। अभियोजन पक्ष ने 106 तारीखों पर 74 में से 37 गवाहों के साथ सभी साक्ष्य प्रस्तुत किये। वहीं, बचाव पक्ष ने 86 तारीखों पर 5 गवाह पेश किये। दोनों पक्षों की ओर से 49 तारीखों पर बहस हुई।



### सात आरोपी जमानत पर हैं, जबकि तीन जेल में

संजीव सिंह, जैनेंद्र सिंह उर्फ पिंटू सिंह, डब्लू मिश्रा, विनोद सिंह, सागर सिंह उर्फ शिबू, चंदन सिंह, कुर्बान अली, पंकज सिंह, रणधीर धनंजय उर्फ धनजी जमानत पर हैं, जबकि आरोपी विनोद कुमार धनबाद जेल में, सागर सिंह उर्फ शिबू कोडरमा जेल में और चंदन सिंह पलामू जेल में बंद है। वहीं, 3 दिसंबर 2023 को जेल के अंदर शूटर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

### इनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हुए थे

1. यूपी के अंबेडकर नगर के शूटर अमन सिंह, 2. सुल्तानपुर के कुर्बान अली उर्फ सोनू, 3. बलिया के चंदन सिंह उर्फ रोहित उर्फ सतीश, 4. सुल्तानपुर के शिबू उर्फ सागर सिंह, 5. सुल्तानपुर लंभुआ के पंकज सिंह, 6. समस्तीपुर के डब्लू मिश्रा, 7. झरिया के विनोद सिंह, 8. सरायढेला के धनजी सिंह, 9. जैनेंद्र सिंह उर्फ पिंटू, 10. झरिया के संजय सिंह 11. मुन्ना बजरंगी के शार्प शूटर प्रयागराज के धर्मेंद्र प्रताप सिंह को चार्जशीट में आरोपी बनाया गया था।




## सुदिव्य और इरफान को जान से मारने की धमकी

- गिरिडीह निवासी है धमकी देनेवाला
- खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** खुद को कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताने वाले एक युवक ने झारखंड सरकार के दो मंत्रियों को जान से मारने की धमकी दी है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को यह धमकी युवक ने एक वीडियो के जरिये दी है, जिसे सोशल मीडिया पर साझा किया गया है। धमकी देने वाला यह युवक गिरिडीह का निवासी बताया जा रहा। उसकी पहचान अंकित कुमार मिश्रा (बाभनटोली झगरी) के रूप में हुई है। वह वीडियो में 24 घंटे के भीतर दोनों नेताओं को उड़ाने की बात कर रहा है। इस वीडियो के सामने आने के बाद झारखंड पुलिस के पास इसकी शिकायत दर्ज करायी गयी है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। वीडियो में युवक दावा कर रहा है कि कुछ लोगों द्वारा उसके साथ की गयी मारपीट और धमकी के कारण वह यह कदम उठा रहा है। उसने यह भी कहा कि उसने अपने परिवार से संबंध तोड़ लिये हैं और इस धमकी की जिम्मेदारी उसी की होगी।












आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 28 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


# पापा ने वाक कर पहला कीमो लिया, वापस आये तो सीधे ऑफिस में मीटिंग

- जब पापा निगेटिव होने लगे, पॉडकास्ट विद हरिनारायण सिंह शुरू किया
- पूरे शो में पापा बोलते, मैं सिर्फ इंट्रो दे पाता, चाहता भी यही था मैं
- लेकिन लगातार घटता हीमोग्लोबिन दोनों के कॉन्फिडेंस को तोड़ देता



राकेश सिंह
संपादक

आजाद सिपाही विशेष



## पहले कीमो के बाद जब रांची पहुंचे, घर में घुसने की बजाय पापा ऑफिस में इंटर कर गये

पहले कीमो के करीब सात दिन के बाद हम रांची के लिए निकले। घर जाना हमेशा सुखद अनुभव रहता है। मैं और पापा बहुत उत्साहित थे। खैर शाम की फ्लाइट से हम रांची पहुंचे। पापा के लिए मैंने टिफिन बना रखा था। फ्लाइट में उन्हें खिला दिया। छोटा भाई राहुल हमें लेने एयरपोर्ट पहुंचा था। जब हम घर पहुंचे, नीचे फ्लोर में हमारा ऑफिस है। पापा सीधे ऑफिस में इंटर कर गये। मैं देखता रह गया। लेकिन खुशी भी हो रही थी कि बहुत दिनों के बाद पापा अपनी डेन में इंटर कर रहे थे। वहां उनकी ऊर्जा चीते जैसी हो जाती। 'आजाद सिपाही' की टीम ने अपने बॉस का पूरी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। पापा ने उसी क्षण मीटिंग भी ले ली। वैसे ऑफिस में किसी को जानकारी नहीं थी कि पापा को कैंसर है। उन्हें बस यही पता था कि पापा को इन्फेक्शन है। उसी का इलाज दिल्ली में चल रहा है। पापा ने कहीं भी बताने से मना कर दिया था। उन्होंने कहा था कि यह हमारी लड़ाई है, हम खुद लड़ेंगे। जब ऑफिस में देर होनी शुरू हुई, मैंने कहा पापा चलिए, अब आप आराम कर लीजिये। पापा के लिए मां ने दल-पिट्ठी बनायी थी। बड़ा मन से वह दल-पिट्ठी खाया करते। उन्होंने उस रात दल-पिट्ठी और बैगन का चोखा खाया और अपने कमरे में चले गये। पापा ने मां से कहा कि दोनों बेटा कहा हैं। मां ने कहा कि ऑफिस में हैं। पापा ने कहा कि बुला दो। हम दोनों भाई पापा के कमरे में गये। पापा ने कहा आओ पास बैठो। हम दोनों भाइयों ने पापा के पैरों को दबाना शुरू किया। ऐसा नहीं है कि पापा पैर दबवाने के लिए बुला रहे थे, पापा को अपनी दोनों संतानों से ऊर्जा का आभास होता है और उन्हें ताकत भी मिलती। पापा को आनंद का बोध हो रहा था। एक तो घर और साथ में पूरा परिवार। थोड़ी ही देर में पापा की नाक बजने लगी। मम्मी बोली अब तुम लोग भी सो जाओ। मम्मी को पापा की बीमारी के बारे पता नहीं था। उन्हें बस इतना पता था कि पापा को इन्फेक्शन है। मैं जब अपने कमरे में गया तो अपनी पत्नी जूही को कहा कि पापा को दल-पिट्ठी बहुत पसंद है, लेकिन गेहूं के आटे की बजाय क्या मिल्लेट्स की दल-पिट्ठी बन सकती है। उतनी ही टेस्टी। जूही ने कहा, हां मैं मड़ुवा की दल-पिट्ठी बना सकती हूं। कल सुबह या फिर जब भी पापा को मन करे तो मैं ट्राई करूंगी।

## पापा की स्पेशल डाइट

सुबह हुई। मैं छह बजे ही उठ गया। दिल्ली या गुरुग्राम में भी छह बजे ही उठ जाता। पापा के लिए मैंने एक डाइट प्लान बनाया था। उसकी तैयारी करने के लिए जल्दी उठना पड़ता। सब कुछ अरेंज करना पड़ता। जब से पापा बीमार पड़े तो सोता भी लेट से ही था। पापा को सुलाने में देर हो ही जाती। खैर सुबह-सुबह जूस के साथ-साथ और भी कई चीजों की तैयारी करनी पड़ती। उसकी तैयारी में मुझे घंटों लग जाते। कभी-कभी तो मैं भूल जाता कि मुझे फ्रेश भी होना है। उस दिन पापा साढ़े सात बजे उठ गये। उठने के बाद उन्होंने नीम का दातून किया। उसके बाद मैंने उन्हें नींबू पानी दिया। उसके बाद आंवला, बीट, गाजर, धनिया पत्ता, पुदीना, पालक, कच्ची हल्दी, थोड़ी काली मिर्च, कढ़ी पत्ता, अनार का जूस दिया। कभी-कभी इसमें कुछ और फलों का भी मिश्रण कर देता। मैं कोशिश करता की बीट, गाजर और खीरा ज्यादा से ज्यादा सलाद फॉर्म में ही दूं। उसी बीच मैंने पेठा का भी जूस तैयार कर लिया। हां रांची में खाना मुझे नहीं बनाना पड़ता। मां ने यह डिपार्टमेंट बखूबी संभाल लिया था। वैसे घर में खाना कुक ही बनाया करता। मम्मी की तबीयत भी बीच-बीच में खराब ही रहती। लेकिन पापा की तबीयत बिगड़ने के बाद मम्मी एक्टिव हो गयीं। नाश्ता और शाम का खाना मम्मी के हिस्से था। दिन में मेरी पत्नी जूही पापा के लिए आलमंड मिल्क में अवाकाडो और चार पांच सीड्स के साथ स्मूदी बनाती। कभी-कभी डोसा, छीला और कई प्रकार की डिशेज बनाती। पापा की डाइट में शुगर और वीट हटा दिया गया था। पापा की डाइट में दो-तीन तरीके के जूस, मिल्लेट्स, दाल, ग्रीन वेजटेबल्स, सत्तू, फ्रूट्स और सूप शामिल थे। उनका डाइट चार्ट बनाने के लिए मैंने काफी रिसर्च किया था। जूस ज्यादातर डेटॉक्स वाले मैं तैयार करता। डेटॉक्स वाले जूस बहुत फायदा करते। इसमें मैं पत्तों का भी सहारा लेता। पेठा का जूस भी बेहतर डेटॉक्स का साधन है। कुछ ब्लड प्यूरीफिकेशन और हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए और सूप आयरन और प्रोटीन युक्त रहता। क्योंकि कीमो के बाद हीमोग्लोबिन और आयरन पर ज्यादा असर पड़ता। फ्रूट्स में सीजनल फ्रूट्स के अलावा बेरीज को भी शामिल किया था। कभी-कभी शहतूत भी जुगाड़ कर के लाता। मिल्लेट्स की रोटी, जौ का भात, सावां का चावल पापा को देता। नॉनवेज में सिंघी मछली ज्यादातर खिलाया करता। कभी-कभी अंडे। समय-समय पर वेरायटी बदलती।

## कीमो का साइड इफेक्ट

पहले कीमो के करीब दस दिनों के बाद पापा के ऊपर इसका साइड इफेक्ट दिखने लगा। पापा के मुंह में छाला हो गया। अब मोटा अनाज खाने में उन्हें कठिनाई होने लगी। बीच-बीच में लहर भी मारता। पापा लिक्विड डाइट पर आ गये। खिचड़ी निगल लेते। अब पाप को पीड़ा हो रही थी। धीरे-धीरे छाले का आकार बढ़ रहा था। डॉक्टर से बात हुई तो उन्होंने कुछ दवा और जेल दिया। करीब एक हफ्ते लगा, उसके बाद पापा को राहत मिली। फिर उन्होंने ठीक से मोटा अनाज खाना शुरू किया। इस दौरान पापा शाम को ऑफिस अटेंड करते और घंटों काम भी करते। काम के समय ऊर्जा पूरी रहती। काम करते वक्त कहीं से नहीं लगता कि वह किसी बीमारी से जूझ रहे हैं। ऑफिस के बाद हम लोग सब परिवार मिलकर इधर-उधर की बातें करते। मेरा छोटा बेटा रुद्रव उस वक्त दो साल दो महीने का था और पापा के साथ खूब खेलता। अपनी मासूमियत से पापा को खूब हंसाता। पापा से खिलौने की डिमांड करता। बोलता बाबा मेरा खिलौना कहां है। पूछता आप मुझे छोड़ कर कहां चले जाते हैं। पापा बोलते इलाज कराने। बेटा बोलता इलाज कराने, पापा बोलते हां, बेटा बोलता अच्छा......। इस दौरान पापा नाश्ता करने के बाद छत पर चले जाते। वहां मैं पापा को धूप में तेल मालिश कर मसाज कर देता। छत पर भी मैंने पापा के लिए नॉन वेज किचन का सेटअप किया हुआ था। देसी अंडे को उबाल कर देता। कभी-कभी मछली भी स्टीम कर देता।

## हीमोग्लोबिन लगातार गिरता गया

समय तेजी से गुजर रहा था। देखते ही देखते दूसरे कीमो की बारी आ गयी। हर 21 दिनों में पापा का कीमो होना था। पहले कीमो के बाद पापा की हीमोग्लोबिन डेढ़ यूनिट घट गयी थी। अक्टूबर महीने में जब पापा का पहला ब्लड टेस्ट करवाया था तब हीमोग्लोबिन 11.3 थी। उस वक्त कैंसर का ट्रीटमेंट या जांच शुरू नहीं हुई थी। बायोप्सी के बाद से पापा की सेहत में हल्का ढलान आना शुरू हुआ। पहले कीमो के एक हफ्ते के बाद, जब ब्लड टेस्ट करवाया, उस वक्त पापा का हीमोग्लोबिन 10.8 हो गया। एक हफ्ते के बाद ब्लड रिपोर्ट के साथ डॉक्टर से वीडियो कॉल पर बात करनी होती। अब जब दूसरे कीमो की बारी आयी, तो फिर से ब्लड टेस्ट करवा के जाना था। कीमो शुरू करने से पहले, डॉक्टर एक दिन पहले की ब्लड रिपोर्ट देखते। करीब 12 दिनों के बाद जब ब्लड टेस्ट हुआ था, तब 10.5 हो गया था। यानी एक महीने में ही 11.3 से 10.5 पर हीमोग्लोबिन पहुंच गया। दूसरे कीमो के लिए हम फिर गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल के लिए रवाना हुए। स्टार होटल में कमरा बुक था। शाम को पहुंचे। रात का खाना रांची से साथ लेकर आते। पापा के

लिए मिल्लेट्स की रोटी और हरी सब्जी बनवा लेता। खुद के लिए सत्तू भरी पूरी बनवा लेता। ये सुबह तक चलती। सुबह सिर्फ पापा के लिए खाना बनाना पड़ता। देर शाम खाना खाने के बाद पापा को मैं रोज की तरह सुलाता। शाम को ही मार्केट जाकर मैं सुबह के लिए सब्जी ले आता। सुबह जल्दी उठ पापा के लिए खाना बना देता। दूसरे कीमो के लिए, हम फिर वही साढ़े दस बजे अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर ने ब्लड रिपोर्ट देखी। पापा का दूसरा कीमो शुरू हुआ। अगले ही दिन हम लोगों ने डिस्चार्ज ले लिया। घर आये खाये-पिये और अगले दिन फ्लाइट पकड़ कर रांची आ गये। दूसरे कीमो में पापा को खास कोई परेशानी नहीं हुई। पापा रोज की तरह ऑफिस अटेंड करते। छत पर थोड़ा बहुत चलते, योगा भी करते। खाने-पीने में पूरी सावधानी बरतते। लेकिन एक चीज जो लगातार पापा का पीछा नहीं छोड़ रही थी, वह था पापा का घटता हीमोग्लोबिन। यह पापा का पूरा मनोबल तोड़ देती। चूंकि कीमो के एक हफ्ते के बाद सीबीसी टेस्ट करवाता, उसमे हीमोग्लोबिन में कोई उछाल नहीं पाता। डाइट में कोई कमी नहीं थी। फिर भी समझ नहीं आता कि ऐसा क्यों हो रहा था। सेकंड कीमो के बाद पापा को मैं बाहर घुमाने ले जाता। पापा भी अपने बड़े और एक छोटे भाई को बुला लेते। तीनों फ्राइड या स्टीम मछली खाते। पुरानी बातें करते। गप करते। सब बढ़िया चल रहा था। कभी-कभी ऑफिस टूर भी मार लेते। ज्यादातर रामगढ़ या तमाड़ जाया करते। इन दोनों जगहों पर पापा के लिए नॉनवेज का इंतजाम हो जाता। पापा बड़े चाव से नॉनवेज खाते, खासकर मछली।

## हीमोग्लोबिन गया तेल लेने, शुरू हुआ पॉडकास्ट विद हरिनारायण सिंह

फिर 21 दिन बीतने को थे। तीसरे कीमो की बारी आ गयी। दूसरे कीमो के बाद पापा का हीमोग्लोबिन और तेजी से घटा। दूसरे कीमो के एक हफ्ते के बाद 9.5 और करीब 14 दिनों के बाद, तीसरे कीमो के लिए, जाने से पहले जो जांच करायी, उसमे 8.7 हीमोग्लोबिन हो गया। लेकिन पापा को बहुत कमजोरी महसूस नहीं हो रही थी। वह आराम से चल कर एयरपोर्ट भी गये और दिल्ली के एयरपोर्ट पर भी व्हील चेयर लेने की जरूरत नहीं पड़ी। दिल्ली का एयरपोर्ट काफी बड़ा है और चलना भी बहुत पड़ता है। लेकिन वहां कम चलना पड़े, उसके लिये भी, कई साधन मौजूद हैं। लेकिन पापा वाक कर के ही जाते। तीसरा कीमो भी पापा ने आसानी से लिया। लेकिन तीसरे कीमो के बाद जब हम घर आये तो कुछ दिनों के बाद पापा की हफनी बढ़ने लगी। अब छत पर चढ़ने से पापा को दिक्कत महसूस होती। लेकिन रुक-रुक कर किसी तरह वह छत पर चढ़ जाते। उन्हें छत पर घंटों रहना अच्छा लगता। वहीं मैं पापा का मसाज भी करता, नहला भी देता और पापा सो भी जाते। एक कमरा था छत पर भी। लेकिन हीमोग्लोबिन का घटना पापा के कॉन्फिडेंस को तोड़ रहा था। पापा कहते हीमोग्लोबिन घटना ठीक नहीं है। मैं कहता पापा अभी कीमो चल रहा है, हीमोग्लोबिन घटता है। एक बार जब कीमो बंद होगा सब फिर से बेहतर हो जायेगा। तीसरे कीमो के बाद से पापा ज्यादा सोचने लगे थे। कभी-कभी नेगेटिव भी हो जाते। फिर मुझे आइडिया आया कि पापा में ऊर्जा भरनी हो तो, उनसे पत्रकारिता की बात की जाये। मैंने एक शो डिजाइन किया। पापा से पत्रकारिता के दौर की स्टोरी निकलवायी जाये। मैंने उनसे कहा कि पापा जब आप 'प्रभात खबर' और 'हिंदुस्तान' में थे, उस दौरान झारखंड में कई सारी घटनाएं हुई थीं और आप उसके साक्षी भी थे। मुझे लगता है, इसपर शो करना चाहिए। 'पॉडकास्ट विद हरिनारायण सिंह' शुरू करते हैं। पापा उत्साहित हुए। बोले सही बोल रहे हो। पापा ने कहा एक-दो दिन मुझे दो, मैं तैयारी कर लेता हूं। पापा ने फिर से ऑफिस में बैठना शुरू किया। पापा ऊर्जा से लैस। हीमोग्लोबिन गया भाड़ में। दो दिन के बाद पापा तैयार हो। बोले शूट नहीं करोगे क्या पॉडकास्ट। मैंने कहा बिलकुल। मैंने पूरा सेटअप तैयार कर रखा था। उसी प्लान के साथ मैं आगे बढ़ा। पहला पॉडकास्ट शूट हुआ। नाम दिया 'पॉडकास्ट विद हरिनारायण सिंह'। मैं शो के टॉपिक के बारे में इंट्रो तो दे देता और पहला सवाल भी पूछ लेता, उसके बाद पापा नॉन स्टॉप फ्लो में बोले जाते। मुझे मन में हंसी भी आती, मैं मन ही मन कहता, अरे पापा मुझे भी बोलने दीजिये, मैं शो का होस्ट हूं। लेकिन पापा कहां चुप रहने वाले थे और यही तो मैं चाहता भी था। गिन के एक-दो सवाल ही कर पाता। उसके बाद पूरा मंच पापा का। वैसे भी घटना उनके सामने हुई थी, सब उन्हें ही पता था। जब सारा मटेरियल वह खुद ही दे रहे थे, तो मैं बीच में फ्लो क्यों खराब करता। वैसे भी मैं बीच में किसे काटता पत्रकारिता के लीजेंड को। इतनी तो हैसियत नहीं थी मेरी। खैर शो ऑन एयर हुआ। उस शो का वह एपिसोड काफी चर्चा में आया। लेकिन कीमो के दौरान पापा की वह पहली झलक सबके सामने थी। उस तस्वीर ने पापा की सेहत के बारे में बहुत कुछ बयां कर दिया। जब से पापा को कैंसर डिटेक्ट हुआ था, पापा के साथ मैंने कभी कोई तस्वीर नहीं ली। खासकर अस्पताल जाने और आने के क्रम में। मैं नहीं चाहता था कि पापा को एक सेकंड के लिए भी आभास हो कि कहीं बेटा को तो नहीं लग रहा कि ........... मैं इस वाक्य को पूरा नहीं लिख पाऊंगा। वैसे उस एपिसोड को तो लोगों ने खूब पसंद किया, लेकिन अब लोग कहने लगे थे कि हरी जी कहीं बीमार तो नहीं हैं। उनकी सेहत काफी ढल गयी है। लेकिन इस तरीके की कमेंट से मैं पापा को दूर रखता। उस दौरान गिन के पापा के साथ मैं दो ही शो कर पाया।

## बार-बार फीवर का आना पापा को तोड़ देता

पापा को बीच-बीच में फीवर आ जाता। कमजोरी बढ़ती चली गयी। पापा ज्यादा देर अब बैठ नहीं पाते। बार-बार हीमोग्लोबिन का गिरना भी पापा और मेरे मोटिवेशन को तोड़ देता। मैं भी सोचता इतना बेहतर डाइट देने के बावजूद आखिर हीमोग्लोबिन बढ़ता क्यों नहीं। ऐसा नहीं था कि पापा खाना-खाने में कोई लापरवाही बरतते। पापा अच्छे से खाया करते। कभी-कभी उनका मन नहीं होता, तो मैं अपनी हाथों से उन्हें खिला देता। वैसे तीसरे कीमो का असर साफ दिखने लगा था। पापा अब कमजोर होने लगे थे। पापा का वजन भी तेजी से घटने लगा था। अब हाथ-पांव दबाने पर पता चलता कि पापा का शरीर ढलने लगा था। जैसे-तैसे तीसरा कीमो पार हुआ।

फिर चौथे कीमो की तारीख नजदीक आ गयी। इस बीच मैंने और पापा ने आपस में चर्चा भी की कि डॉक्टर ने पहले तीन कीमो के लिए बोला था। बाद में चार बोला। क्या हमें चौथा कीमो करना चाहिए। मैंने पापा से कहा कि चौथे कीमो से पहले हम लोग पहले डॉक्टर को कहेंगे कि क्या अब आगे कीमो की जरूरत है। रांची से निकलने से पहले हम ब्लड टेस्ट करवा लेते थे। इस बार पापा की हीमोग्लोबिन 7.5 हो गयी। अगले दिन सुबह हम अस्पताल पहुंचे। कीमो शुरू होने से पहले डॉक्टर ने पहले ब्लड टेस्ट की रिपोर्ट देखी। डॉक्टर को हमने कहा कि फोर्थ कीमो जरूरी है क्या। उन्होंने कहा कि हां जरूरी है। मैंने कहा कि डोज घटा दीजिये। अब पापा को बहुत दिक्कत हो रही है। तीसरे कीमो के बाद फीवर भी बार-बार आ रहा था। फोर्थ के बाद तो दिक्कत और बढ़ जायेगी। और तो और हीमोग्लोबिन भी बहुत गिर रहा है। डॉक्टर चीजों को समझ रहे थे। लेकिन उनको हमसे ज्यादा ज्ञान था, तो उन्होंने कहा आप टेंशन मत लीजिये। ये आखिरी कीमो है। फिर पेट सिटी करा लेंगे। खैर मजबूरन हमने चौथा कीमो करने का फैसला लिया। पापा ने भी कहा चलो एक कीमो की ही बात है, फिर देखा जायेगा। लेकिन मैंने पूरे तरीके से मन बना लिया था कि पांचवा कीमो नहीं कराना है।

## जीवन में अपना पहला खून पापा को ही दिया

चौथा कीमो शुरू हुआ। कीमो देने से पहले डॉक्टर ने कहा एक यूनिट ब्लड ट्रांस्फ्यूजन करना होगा। पापा को मैंने एडमिट करवाया। वही सिंगल प्राइवेट रूम लिया। ब्लड बैंक से मैसेज आया कि मिस्टर हरिनारायण सिंह के लिए एक यूनिट ब्लड के लिए डिमांड आयी है, कृपया ब्लड बैंक से संपर्क करें। मैं नीचे गया। मुझे कहा गया कि डोनर कहां है। मैंने कहा कि मैं अटेंडेंट हूं। डोनर तो नहीं है। हम लोग इलाज कराने रांची से आये हैं। उन्होंने कहा कि डोनर तो चाहिए। मैंने कहा कि मैं डोनेट कर देता हूं। उसके बाद मैंने जीवन में अपना पहला ब्लड डोनेट किया। डोनेशन के बाद सैंडविच और जूस दिया गया। उसे मैं हाथों में लेकर पापा के रूम में चला गया। पापा अकेले थे कमरे में। नर्स को बोल कर मैं आया था। पापा को रात में करीब एक बजे ब्लड चढ़ाया गया। पापा बोले कितना लेट चढ़ाता है। पापा की एक आदत हो गयी थी। जब दवा भी चढ़ती वह टकटकी लगा कर उसे देखा करते। मैं ध्यान भटकाने की कोशिश करता, लेकिन वह बोलते देखो न उसका ड्रॉप धीरे-धीरे गिर रहा है। बड़ा देर लगेगा। मैं पापा को कहता, पापा उसकी स्पीड वही है। ज्यादा तेज नहीं चढ़ाया जाता। पापा फिर बोलते अरे बहुत देर लगेगा। मैं मन में मुस्कुराता। बोलता पापा आप सो जाइये, उधर मत देखिये। खैर ब्लड चढ़ाने के बाद अगले दिन कीमो हुआ। फिर डिस्चार्ज लेकर स्टार होटल के कमरे में चले गये। फिर वही शाम का रूटीन। बाजार जाना, खाना बनाना और पापा को अच्छे से सुलाना। फिर अगले दिन रांची के लिए निकल जाना। पापा इस बार खुश थे, बोले चलो कीमो से मुक्ति मिली। लेकिन अब हमें पेम मैंटेनेंस के लिए हर 21 दिनों के बाद आना था। इसमें इम्यूनोथेरेपी के लिए आना था। यह कीमो जैसा घातक नहीं होता।



***आगे पढ़िए:*** *पापा चले गांव। पापा का मैंने ऑटोबायोग्राफी भी किया शूट। बहुत खुश थे पापा। 2023 में हरिनारायण सिंह जी ने बुढ़वा महादेव मंदिर का निर्माण उत्तर प्रदेश स्थित पातेपुर गांव में करवाया। 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि के दिन पापा ने मंदिर में पूजा की और भंडारा का भी आयोजन करवाया था।*

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



## बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर लगाया वोटबैंक की राजनीति का आरोप

# रोहिंग्या, बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने और मतदाता बनाने की मंशा है : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार पर वोट बैंक की राजनीति के लिए बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को बसाने और मतदाता बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने जिस प्रकार से एसआइआर का विरोध किया जा रहा है यह वोट बैंक की राजनीति है। झारखंड प्रदेश में जिस प्रकार से जो डेमोग्राफी बदली है या बदल रही है, बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों को वोट बैंक बनाये रखना इनका मकसद है। इसका एक उदाहरण राज्य सरकार ने मंगलवार को स्पष्ट रूप से बता दिया है कि वह इन्हें केवल झारखंड में बसाना ही नहीं चाहती है बल्कि साथ में उन्हें मतदाता भी बनाना चाहती है। ताकि झारखंड की चुनाव कांग्रेस पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय जनता दल अपने पक्ष में करा सके। आप सब ने झारखंड की विधानसभा की कार्यवाही को देखा और आज सवेरे अखबारों में प्रमुखता से छपी इन मुद्दों से जुड़े समाचार को भी देखा होगा। बाबूलाल मरांडी बुधवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। मरांडी ने कहा कि झारखंड की अलार्मिंग सिचुएशन है। इससे तो पूरा राज्य, देश प्रभावित होगा ही लेकिन इससे सीधा और तत्काल कोई प्रभावित होगा तो वह आदिवासी समाज होगा। संथाल परगना और झारखंड में दर्जनों आदिवासी



महिला है जिससे इन रोहिंग्या, बांग्लादेशी मुसलमानों ने ना केवल शादी किया बल्कि मुखिया, जिला परिषद भी बने हैं। यही स्थिति रही तो आने वाले समय में इसी तरह से आदिवासी महिलाओं से शादी करके रोहिंग्या, बांग्लादेशी मुसलमान सांसद, विधायक भी बनेंगे। यह दृश्य साफ दिख रहा है।

1951 में जब पहली जनगणना हुई थी तब झारखंड में आदिवासियों की संख्या 35.38 प्रतिशत थी। जबकि मुस्लिम की आबादी 8.9 प्रतिशत थी। 2011 के जनगणना में आदिवासियों की संख्या 35.38 प्रतिशत से घटकर 26.20 प्रतिशत हो गयी। वहीं मुसलमानों की जनसंख्या 8.9 प्रतिशत से बढ़कर 14.53 प्रतिशत हो गयी। आदिवासियों की जनसंख्या में गिरावट आयी जबकि मुसलमानों की आबादी में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई। यही जब ओवरऑल बात किया जाये तो 1951 में सनातनियों की आबादी 87.79 प्रतिशत थी। 2011 में सनातनियों की संख्या घटकर 81.17 प्रतिशत हो गयी। मरांडी ने कहा कि यह नेचुरल तरीके से नहीं बढ़ सकती है। यह कृत्रिम तरीके से बढ़ी और बढ़ायी गयी है। बांग्लादेश से लगातार घुसपैठ होना इसका प्रमुख कारण है। कांग्रेस, झामुमो, राजद जैसे दल इसके पक्षधर हैं। ऐसे घुसपैठियों का वोटर कार्ड, राशनकार्ड बनाना, जन्म प्रमाण पत्र बनाना, उनकी जमीन उपलब्ध कराना, उनको बसाना इनकी मंशा है। ताकि वोट में इसका फायदा उठाया जा सके। यही गत मंगलवार के विधानसभा में उनकी मंशा साफ दिखी। अभी मतदाता सूची ज्वलंत मुद्दा है। इस संबंध में एक और उदाहरण देते हुए मरांडी ने कहा कि 2014 से 2019 के बीच देश के अंदर में मतदाताओं में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। जबकि झारखंड में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं 2019 से 2024 के बीच देश में मत प्रतिशत में 10.1 प्रतिशत वृद्धि हुई जबकि झारखंड में यह वृद्धि 16.7 प्रतिशत दर्ज की गयी। यह गौर करने वाली बात है। 2019 से 2024 के बीच यहां किसकी सरकार रही या बताने की जरूरत नहीं है। 2019 से 2024 के बीच राष्ट्रीय ग्रोथ से भी झारखंड में मत प्रतिशत की वृद्धि अधिक दर्ज होना, आइने की तरह सब कुछ साफ कर रहा है। यह काफी चिंता का विषय है कि इस रफ्तार से आखिर यहां पर आबादी कैसे बढ़ी, यह भी एक गहन जांच का विषय है। चूंकि 2014 से 2019 में झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार थी इसलिए यहां पर अवैध घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं थी इसलिए अधिक वृद्धि दर्ज नहीं हुई। आज वर्तमान सरकार के कार्यकाल में ऐसे लोगों को इन दलों के द्वारा वोटर बनाकर बसाया जा रहा है, इसलिए इन लोगों के पेट में दर्द हो रहा है और ये दल हंगामा कर रहे हैं।

# भाजपा झूठ और दुष्प्रचार की फैक्ट्री : विनोद पांडेय

**झूठे आंकड़ों और सांप्रदायिक जहर की राजनीति कर रही**

**एसआइआर के माध्यम से भाजपा अपने पक्ष में वोट कराना चाह रही**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता का विश्वास खो चुकी है और अब झूठे आंकड़ों और सांप्रदायिक जहर के सहारे राजनीति कर रही है। विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि झारखंड की किसी सीमा से अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर नहीं जुड़ता। ऐसे में यदि कहीं घुसपैठ हुआ है तो इसके लिए सीधे तौर पर केंद्रीय गृह मंत्रालय और उससे जुड़ी एजेंसियां जिम्मेदार हैं। भाजपा को इस मुद्दे पर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा करने के बजाय केंद्र से जवाब मांगना चाहिए। उन्होंने चुनौती दी कि अगर भाजपा के पास कोई प्रमाणित दस्तावेज है तो वह झारखंड सरकार को सौंपे। राज्य सरकार उस आधार पर केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी आदिवासी-मूलवासी समाज को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि भाजपा ने ही अपने शासनकाल में झारखंड को बेरोजगारी, पलायन और भ्रष्टाचार की दलदल में धकेला। आज जब हेमंत सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अधिकार की दिशा में ठोस काम कर रही है, तो भाजपा की जमीन खिसकती जा रही है और वह अफवाह फैलाने की राजनीति पर उतर आयी है। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा की असलियत जनता जान चुकी है। यह पार्टी सिर्फ सांप्रदायिक ध्रुवीकरण चाहती है और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अविश्वास पैदा करती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा साफ कर देना चाहता है कि आदिवासी-मूलवासी की पहचान और अधिकार सर्वोपरि है, जिसे कोई बदल नहीं सकता। भाजपा कितना भी भ्रम फैलाये, जनता आने वाले समय में उसे करारा जवाब देगी। विनोद पांडेय ने कहा कि एसआइआर के माध्यम से भाजपा अपने पक्ष में मतदान कराने का षड्यंत्र रच रही है और सबसे बड़ी अदालत जनता की अदालत में इसका माकूल फैसला आयेगा। थोड़ा इंतजार कीजिये। झारखंड के जागरूक मतदाताओं ने पिछले साल 2024 में झामुमो के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन को भरपूर आशीर्वाद देकर भाजपा को आइना दिखाया था।

# कुख्यात मयंक सिंह छह दिन की रिमांड पर, पूछताछ शुरू

**अमन साहू के हथियार और फाइनेंशियल नेटवर्क पर नकेल की तैयारी**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस के इतिहास में पहली बार अजरबैजान से प्रत्यर्पित कर कुख्यात गैंगस्टर मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा को बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच रामगढ़ जेल से रांची के धुर्वा स्थित एटीएस मुख्यालय लाया गया। रामगढ़ कोर्ट से छह दिन की रिमांड मिलने के बाद एटीएस ने मयंक से पूछताछ शुरू की।

एटीएस एसपी ऋषव कुमार झा ने बताया कि एनकाउंटर में मारे गये कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के सबसे विश्वस्त साथी मयंक सिंह को रामगढ़ जेल से रांची स्थित एटीएस मुख्यालय लाया गया है। अदालत से छह दिनों के रिमांड पर एटीएस की टीम मयंक को लेकर रांची पहुंची, जहां उसे विभिन्न आपराधिक मामलों से लेकर गिरोह के हथियार से संबंधित पूछताछ की जा रही है।

मयंक को रिमांड पर लाने से न सिर्फ झारखंड पुलिस बल्कि राज्य के कई अन्य पुलिस को भी काफी फायदा मिलेगा। गैंगस्टर अमन साहू (अब मृत) के फाइनेंशियल नेटवर्क के साथ-साथ पूरे हथियार नेटवर्क को मयंक ही संभालता था। मयंक से पूछताछ के बाद जो कार्रवाई होगी उसमें अमन साहू के हथियार और फाइनेंशियल नेटवर्क दोनों को ध्वस्त करने में सहायता मिलेगी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 28 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in




# पूजा पंडालों में भगवान गणेश विराजे

## श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ किया पूजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गणेश चतुर्थी पर आस्था का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। भव्य पंडालों में भगवान गणेश का विभिन्न रूप में देखा जा रहा है। शहर के हिनु, डोरंडा, चर्च रोड, मेनरोड, अपर बाजार समेत अन्य स्थानों पर पूजा पंडाल बनाये गये हैं। जहां पर पुजारी द्वारा पारंपरिक रूप से पूजा-अर्चना की गयी।

भगवान गणेश को बेलपत्र, पान पत्ता, दूब घास, टीका सिंदूर, फल फूल औ लडडू अर्पित किया गया। पंडाल का पट खोलते ही भगवान गणेश की प्रतिमा देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। एक पंक्ति में खड़े होकर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया । पूजा पंडाल के आगे और आसपास लाइटें लगायी गयी हैं। जो श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं।



### चर्च रोड में पहली बार शुरू हुई गणेश पूजा

चर्च रोड में पहली बार गणेश पूजा की शुरूआत की गयी। पंडाल में भव्य रूप से भगवान को विराजा गया है। इसके ठीक सामने शंकर भगवान का रूप प्रदर्शित किया गया है। पंडाल के आगे श्रद्धालुओं के आने के लिए विभिन्न रंग का वाइटो लगाया गया है। 28 अगस्त को भगवान गणेश को मोदक अर्पित किया जायेगा।

### गजराज पूजा समिति कचहरी रोड

जयपाल सिंह मुंडा मैदान कचहरी रोड में 25 साल से गणेश पूजा महोत्सव होते आ रहा है। लेकिन इस बार इस पंडाल को झारखंडी संस्कृति के रूप में बनाया गया है। पंडाल में भगवान गणेश को मां पार्वती के गोद में लिए हुए दिखाया गया है। मूर्ति के आगे पांच कलश स्थापित किये गये हैं। भगवान गणेश को लडडू, दूब घास, बेलपत्र, फल-फूल अर्तित किये गये हैं। 28 अगस्त को 101 किलो का लडडू का भोग अर्पित किये जायेंगे। 31 सितंबर को चडरी तालाब में तासा पार्टी की धुन से विसर्जित किये जायेंगे। गजराज पूजा समिति संयोजक शांतनु कुमार,अध्यक्ष हिरु सिंह, डॉ कुमार राजा, शिव प्रकाश सिंह, अभिषेक सिंह, मनिष वर्मा, सौरभ, दिपु समेत अन्य शामिल थे।

## अमर क्लब गणेश पूजा समिति हिनू

यहां 12 वर्षों से गणेश की पूजा होते आ रही है। भगवान गणेश की प्रतिमा 14 फीट ऊंची है। भव्य एवं मनमोहक प्रतिमा पंडाल में स्थापित की गयी है। अमर क्लब गणेश पूजा समिति हिनू के तत्वावधान में आयोजित पूजा महोत्सव के तहत बुधवार को इसका विधिवत उद्घाटन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, झारखंड सरकार के मंत्री राधा कृष्ण किशोर, अमर क्लब के मुख्य संरक्षक बिनय सिन्हा दीपू ने मिलकर फीता काटकर किया। यहां पर पांच दिवसीय पूजन हो रहा है। प्रथम दिन भगवान भगवान गणेश को 1001 किलो लड्डू का भोग अर्पित किया गया। शाम 6 बजे जागरण शुरू होगा। दूसरे दिन 1100 लीटर दूध का खीर का भोग लगाया जायेगा। तीसरे दिन 501 किलो चावल के खिचड़ी का भोग लगाया जायेगा। चौथे दिन महाभंडारा का आयोजन होगा। जिसमें भक्तों के बीच पूड़ी, सब्जी, चटनी, चिप्स एंड बुंदिया वितरण किया जायेगा। पांचवें दिन भव्य शोभायात्रा के साथ मूर्ति का विसर्जन होगा। समिति के अध्यक्ष सोनू सिंह, मुख्य संरक्षक विनय सिन्हा, दीपू, उदय प्रताप सिंह (मुन्ना भैया) संरक्षक कुंदन सिंह, विशाल, भोला, शिवेश, डीबी, अमृत, पपली, संजीत, राहुल कपूर समेत अन्य शामिल थे।

## पहाड़ी मंदिर के महाकाल मंदिर परिसर में गणपति हुए विराजमान



रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति द्वारा गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर महाकाल मंदिर परिसर में गणपति विराजमान हुए, गणपति का आगमन शिवलिंग में श्रृंगार स्वरूप हुआ, इस अवसर पर भोले की फौज के द्वारा कीर्तन का आयोजन किया गया। भजन की प्रस्तुति राजेश यादव, सुधीर प्रसाद एवं अभिषेक यादव के द्वारा किया गया। इको फ्रेंडली गणपति का संदेश देते हुए पहाड़ी मंदिर में शिवलिंग में ही गणपति का निर्माण पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्यों के द्वारा किया गया।

### रांची जिला प्रशासन का सराहनीय कदम

# पद्मश्री सिमोन उरांव को मिली ट्राइसाइकिल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला प्रशासन ने बुजुर्ग समाजसेवी और पद्मश्री से सम्मानित सिमोन उरांव की मदद के लिए बड़ा कदम उठाया है। बेड़ो इलाके के कुछ ग्रामीण जनता दरबार में पहुंचे थे। वहां उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने उनसे सिमोन उरांव का हाल-चाल पूछा। ग्रामीणों ने बताया कि अब उम्र और सेहत की वजह से उन्हें चलने-फिरने में बहुत परेशानी होती है। ये सुनते ही उपायुक्त ने तुरंत समाज कल्याण विभाग को कार्रवाई का आदेश दिया। उसी दिन प्रशासन की टीम सिमोन उरांव के घर पहुंची और उन्हें ट्राइसाइकिल दे दी।

ट्राइसाइकिल पाकर सिमोन उरांव खुश हो गये और कहा कि प्रशासन और राज्य सरकार ने मेरी तकलीफ समझी और तुरंत मदद की, इसके लिए मैं दिल से धन्यवाद करता हूं। गांव के लोग भी इस पहल से बहुत खुश हैं। उनका कहना है कि प्रशासन ने सच्चे समाजसेवी का सम्मान किया है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**वृष** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# चाइबासा बाल सुधार गृह की बाउंड्री फांदकर दो बाल बंदी फरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाइबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाइबासा स्थित बाल सुधार गृह (रिमांड होम) एक बार फिर दो बच्चों के भाग जाने का मामला प्रकाश में आया है। बुधवार को तड़के करीब चार बजे दो बाल बंदी परिसर के पीछे की दीवार फांद कर फरार हो गये। इसकी जानकारी मिलने के बाद बाल सुधार गृह में तहलका मच गया। डीसी चंदन कुमार व एसपी राकेश रंजन ने बुधवार की शाम मामले की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि दोनों बच्चों की खोजबीन जारी है। पुलिस रिमांड होम व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। ज्ञात हो कि इससे पहले इसी साल अप्रैल में 21 बाल बंदी तोड़फोड़ और उत्पात मचाकर फरार हो गये थे। इनमें से कई बच्चों को खोजकर वापस लाया गया था। बुधवार की घटना से बाल सुधार गृह की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।

# कोचिंग सेंटर नियंत्रण विधेयक छात्रों और अभिभावकों की जीत : अजय राय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में पारित झारखंड कोचिंग सेंटर नियंत्रण एवं विनियमन विधेयक 2025 पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए इसे छात्रों और अभिभावकों की लंबे समय से चली आ रही मांगों की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले से शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और अनुशासन आयेगा और कोचिंग संस्थानों की ओर से किये जाने वाले आर्थिक और मानसिक शोषण पर रोक लगेगी। अजय राय ने कहा कि इस विधेयक के लागू होने के बाद कोचिंग संस्थानों को शुल्क, कोर्स, शिक्षकों और आधारभूत सुविधाओं का पूरा विवरण सार्वजनिक करना होगा।



सुबह छह बजे से रात नौ बजे तक ही संस्थान चलाने की बाध्यता से छात्रों पर अनावश्यक दबाव और थकान रुकेगी। साथ ही, 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को पढ़ाने से पहले अभिभावकों की अनुमति अनिवार्य होगी और एक हजार से अधिक छात्रों वाले संस्थानों में मनोवैज्ञानिक की नियुक्ति से बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा।

# ओडीएल अब कोई विकल्प नहीं रहा, यह शिक्षा का भविष्य है: इग्नू

## इग्नू की दो-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में आयोजित दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला ने मुक्त, दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा (ओडीएल) के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, इग्नू, द ओपन यूनिवर्सिटी (यूके), और क्वालिटी एश्योरेंस एजेंसी ने मिलकर ब्रिटिश काउंसिल के सहयोग से किया था। कार्यशाला में 2035 तक भारत के सकल नामांकन अनुपात (जीइआर) के 50 प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने में ओडीएल की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। ओडीएल अब पारंपरिक शिक्षा का एक महत्वपूर्ण पूरक बन गया है, जिसके लिए पाठ्यक्रम डिजाइन, शिक्षार्थी सहायता, पारदर्शी मूल्यांकन और शासन ढांचे में मजबूत गुणवत्ता



आश्वासन की आवश्यकता है। कार्यशाला का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि ओडीएल अब कोई विकल्प नहीं रहा, यह शिक्षा का भविष्य है। सही नीतियों, प्रौद्योगिकियों और साझेदारियों के साथ, हम आजीवन और विश्व स्तर पर जुड़ी शिक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। कार्यशाला में 77 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें एनएएसी और एनबीए के अध्यक्ष; एनएएसी निदेशक, आर्थिक सलाहकार, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, सचिव, यूजीसी; संयुक्त सचिव डीइबी; क्वालिटी एश्योरेंस एजेंसी (क्यूएए, यूके) के प्रतिनिधि, इग्नू के कुलपति, राज्य मुक्त विश्वविद्यालयों के कुलपति, द ओपन यूनिवर्सिटी (यूके) के कुलपति के प्रतिनिधि और अधिकारी, लंदन विश्वविद्यालय के ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा केंद्र के निदेशक, एनएएसी के अधिकारी, मुक्त विश्वविद्यालयों के सीआईक्यूए निदेशक, दोहरी-मोड विश्वविद्यालयों के दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के निदेशक; और आइबीएम और ओपनएआइ के उद्योग जगत के लोग शामिल थे।

# सीआइडी ने ठगी में शामिल दो साइबर अपराधियों को किया अरेस्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीआइडी ने 2.98 करोड़ ठगी में शामिल दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें गुजरात का रहने वाला गरनिया भरत और गोयनिया हार्दिक भाई शामिल है। इस मामले में सीआइडी ने पहले कार्रवाई करते हुए जमशेदपुर का रहने वाला दिनेश कुमार को गिरफ्तार किया था।

बुधवार को सीआइडी ने बताया कि साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में केस नंबर 88/25 दर्ज हुआ था। यह मामला एक शिकायतकर्ता द्वारा दायर किये गये लिखित आवेदन पर हुआ था।

साइबर अपराधियों ने शिकायतकर्ता को टेलीग्राम पर एक ग्लोबल इंडिया नाम के साइट के लिंक (https://cboe&qwy-pages-dev/) पर क्लिक




करने के लिए कहा। इस लिंक पर क्लिक करने के बाद, शिकागो बोर्ड ऑप्शंस एक्सचेंज में उनका एक ऑनलाइन खाता खुल गया।

साइबर अपराधियों ने शिकायतकर्ता को मेटल ट्रेडिंग में ऊंचे रिटर्न का लालच दिया। इसके झांसे में आकर, शिकायतकर्ता ने अलग-अलग बैंक खातों में कुल 2.98 करोड़ जमा कर दिये, इस तरह साइबर अपराधियों ने अवैध रूप से इन पैसों का हस्तांतरण कर शिकायतकर्ता के साथ धोखाधड़ी की।

# करम पर्व 3 सितंबर को, जावा रखना हुआ शुरू

## पाहन भाई-बहन की सुनायेंगे कहानी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाई-बहन का पवित्र पर्व करम 3 सितंबर को मनाया जायेगा। इस दिन बहन दिनभर उपवास पर रहेंगी। भाई अपनी बहनों के लिए भूखे-प्यासे मंडली बनाकर करम डाली लाने जंगल जायेंगे।

अखड़ा में रात को विधि-विधान से करम डाली की पूजा होगी, जहां पर बहन अपने भाई के लिए सुख समृद्धि के लिए पूजा करेंगे। मुहल्ला और टोला का अखड़ा 4 सितंबर को नदी तालाब मे विसर्जित कर दिये जायेंगे। वहीं मौजा का मुख्य अखड़ा का करम डाली 5 सितंबर को विसर्जन होगा।

**बहनों ने उठाया सात प्रकार के बीज का जावा :** सरना आदिवासी भाई अपनी बहनों के लिए करम डाली अखड़ा में गाड़ेंगे। इससे पहले बहनों ने सात



प्रकार के बीज गेहूं, धान, मडुआ, चना, बाजरा, मक्का और उड़द का जावा रखना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही मुहल्लों में लोक नृत्य का अभ्यास भी शुरू हो चुका है।

**लाल सफेद रंग से पटेगा अखड़ा :** करम पर्व आदिवासी समाज बड़े हर्षोल्लास से मनायेंगे। अखड़ा को फूल और पत्तों से सजाया जायेगा। पारंपपरिक वाद्ययंत्र ढोल, नगाड़ा, झांझ और मांदर की धुन सुनायी देगी। इसके साथ ही पारंपरिक वेशभूषा में पूजा एवं नृत्य करते दिखायी देंगे। इसके साथ ही आदिवासी समुदाय के घरों में विभिन्न प्रकार का पकवान भी पकाया जायेगा।

### लोक गीत और नृत्य से गूंजेगा परिसर

अखड़ा में आदिवासी समाज अपने समुदाय की लोक नृत्य प्रस्तुत करती हुई दिखायी देंगे। मुंडारी, कुड़ुख, नागपुरी, हो और संथाली समुदाय अपने-अपने भाषा का प्रयोग करते हुए गीत गायेंगे।

### भेलवा डाली का होगा खेतों में उपयोग

मुख्य पाहन ने बताया कि शुभ कार्य के लिए भेलवा डाली का उपयोग होता है। यह औषधि का काम करता है। ज्यादा खेत होने से धान के खेतों में भेलवा, सिंदवाईर, मकई की डाली लगायी जाती है। धान के खेतों के आसपास पेड़ पौधा नहीं होता है। पक्षियों को कीटाणु खाने में परेशानी न हो इसके लिए डाली लगायी जाती है।

# मंत्रिमंडल ने नयी रेल लाइन को मंजूरी दी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल मंत्रालय की लगभग 12,328 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली चार परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं में शामिल हैं: -(1) देशलपार-हाजीपीर - लूना और वायोर-लखपत नयी लाइन। (2) सिकंदराबाद (सनथनगर)-वाडी तीसरी और चौथी लाइन। (3) भागलपुर-जमालपुर तीसरी लाइन। (4) फुर्केटिंग-न्यू तिनसुकिया दोहरीकरण। उपरोक्त परियोजनाओं का उद्देश्य यात्रियों और वस्तुओं दोनों का निर्बाध और त्वरित परिवहन सुनिश्चित करना है। ये पहल कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी और यात्रा सुविधा में सुधार के साथ-साथ लॉजिस्टिक्स लागत को कम करेंगी। तेल आयात पर निर्भरता कम करेंगी। इसके अतिरिक्त, ये परियोजनाएं कार्बनडाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करने में योगदान देंगी, जिससे



स्थाई और कुशल रेल संचालन को बढ़ावा मिलेगा। ये परियोजनाएं अपने निर्माण के दौरान लगभग 251 लाख मानव-दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार भी सृजित करेंगी।

प्रस्तावित नयी रेल लाइन कच्छ क्षेत्र के सुदूर क्षेत्रों को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। यह गुजरात के विद्यमान रेलवे नेटवर्क में 145 रूट किमी और 164 ट्रैक किमी जोड़ेगी, जिसकी अनुमानित लागत 2526 करोड़ रुपये है। परियोजना की पूर्ण होने की समय-सीमा 3 वर्ष है। गुजरात राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के अतिरक्त, यह नयी रेल लाइन नमक, सीमेंट, कोयला, क्लिंकर और बेंटोनाइट के परिवहन में भी मदद करेगी। इस परियोजना का रणनीतिक महत्व यह है कि यह कच्छ के रण को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। हड़प्पा स्थल धोलावीरा, कोटेश्वर मंदिर, नारायण सरोवर और लखपत किला भी रेल नेटवर्क के अंतर्गत आयेंगे क्योंकि 13 नये रेलवे स्टेशन जोड़े जायेंगे जिससे 866 गांवों और लगभग 16 लाख आबादी को लाभ होगा।

कनेक्टिविटी को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए स्वीकृत मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से लगभग 3,108 गांवों और लगभग 47.34 लाख की आबादी तथा एक आकांक्षी जिले (कलबुर्गी) तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी, जिससे कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार और असम राज्यों को लाभ होगा। कर्नाटक और तेलंगाना में फैली 173 किलोमीटर लंबी सिकंदराबाद (सनथनगर) - वाडी तीसरी और चौथी लाइन के पूरा होने की समय-सीमा पांच वर्ष और लागत 5012 करोड़ रुपये है, जबकि बिहार में 53 किलोमीटर लंबी भागलपुर-जमालपुर तीसरी लाइन के लिए यह तीन साल है और इसकी लागत 1156 करोड़ रुपये है। 194 किलोमीटर लंबी फुरकेटिंग-न्यू तिनसुकिया दोहरीकरण परियोजना का कार्य, जिसकी लागत 3634 करोड़ रुपये है, चार वर्षों में पूरा होगा।

बढ़ी हुई लाइन क्षमता से गतिशीलता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेलवे की प्रचालनगत दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा। इन मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्तावों से प्रचालनों का सुव्यवस्थित होना और भीड़भाड़ में कमी आना तय है। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नये भारत के विजन के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र के लोगों को व्यापक विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनायेंगी जिससे उनके रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।




आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 28 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


## रक्षा राज्य मंत्री ने स्वदेशी अपनाओ अभियान की शुरुआत की

# स्वदेशी उद्योग को बढ़ावा देकर देश को आत्मनिर्भर बना सकते हैं : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को रांची मेन रोड के काली मंदिर से पोस्टर लगाओ, स्वदेशी अपनाओ अभियान की शुरुआत हुई. इस कार्यक्रम की अगुवाई रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने की।

मंत्री संजय सेठ, चैंबर ऑफ कॉमर्स के व्यापारी और झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के सदस्य पदयात्रा करते हुए अपर बाजार, कपड़ा पट्टी, मारवाड़ी टोला जैसे इलाकों में गये। वहां दुकानों और दफ्तरों में पोस्टर-पंपलेट लगाये गये और लोगों को ज्यादा से ज्यादा देसी सामान बेचने और खरीदने के लिए प्रेरित किया गया।

संघ के अध्यक्ष उमाशंकर कानोडिया ने कहा कि हम कोशिश करेंगे कि अपनी दुकानों पर सिर्फ स्वदेशी सामान ही बेचें। यही हमारे देश के लिए सबसे अच्छा योगदान होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी और संगठन से जुड़े लोग शामिल हुए। लोगों को संबोधित करते हुए संजय सेठ ने कहा कि आजादी की लड़ाई में स्वदेशी आंदोलन ने बड़ी भूमिका निभाई थी। अब आजाद भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए फिर वही जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो आत्मनिर्भर भारत का सपना दिया है, उसे पूरा करने के लिए हर देशवासी को स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करना चाहिए। मोदी सरकार के 11 सालों में गांव से लेकर रक्षा क्षेत्र तक स्वदेशी उद्योग मजबूत हुए हैं। अगर 140 करोड़ लोग एक-एक कदम बढ़ायेंगे, तो भारत 140 करोड़ कदम आगे बढ़ जायेगा।




### सांसद संजय सेठ से श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के शिष्टमंडल ने की मुलाकात



रांची (आजाद सिपाही)। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट का एक शिष्टमंडल ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल के अगुवाई में रांची के सांसद केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से उनके आवास में मुलाकात की और उन्हें जन्म दिवस की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ट्रस्ट की ओर से सांसद संजय सेठ को एक ज्ञापन दिया गया। जिसमें उनसे पुंदाग गुटवा रोड में स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर एवं सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के सामने सड़क एवं नाली के निर्माण हेतु आग्रह किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सचिव मनोज कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, प्रवक्ता संजय सर्राफ, पूरणमल सर्राफ, मुकेश काबरा आदि शामिल थे। उक्त जानकारी ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

## स्व. हरिनारायण सिंह को अविनाश देव ने दी श्रद्धांजलि





वरिष्ठ पत्रकार और आजाद सिपाही के प्रधान संपादक स्व. हरिनारायण सिंह के आवास पर संत मरियम स्कूल पलामू के निदेशक अविनाश देव ने श्रद्धासुमन अर्पित किया और इस दुख की घड़ी में परिजनों को ढांढ़स बंधाया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### एसआइआर के खिलाफ प्रस्ताव पारित करना महत्वपूर्ण : लाल किशोर नाथ शाहदेव



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि झारखंड सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के खिलाफ विधानसभा से प्रस्ताव पारित किया है। यह प्रस्ताव मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा और संविधान की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि बिहार में 65 लाख मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काट दिये गये, जो चिंताजनक है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब वोटर लिस्ट को अपडेट करने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है, तो इतनी बड़ी संख्या में नाम कैसे कट गये। शाहदेव ने झारखंड सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि यह पूरे देश के लिए एक संदेश है और यह उन लोगों के लिए एक बड़ा सबक है जिन्होंने एसआईआर के नाम पर मतदाताओं के अधिकारों को प्रभावित करने का प्रयास किया है। झारखंड सरकार के इस कदम को संविधान की रक्षा और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह प्रस्ताव मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा और संविधान की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

### कोकर दुर्गा पूजा में भव्यता और आकर्षण का अद्वितीय संगम देखने को मिलेगा: विकास दास



रांची (आजाद सिपाही)। कोकर दुर्गा पूजा कमेटी ने इस वर्ष के आयोजन के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार का थीम राजस्थान रहेगा, जिसमें पंडाल की विशेषता बाहर से हवा महल की झलक और अंदर से चमकते हुए शीश महल की अनुभूति कराएगी। कमेटी के अध्यक्ष विकास दास ने बताया कि पंडाल की कुल ऊंचाई 70 फीट होगी और भव्य मूर्तियां राजस्थानी शैली में तैयार की जा रही हैं। बाहर से हवा महल की झलक और अंदर से चमकते हुए शीश महल की अनुभूति।राजस्थानी शैली में भव्य मूर्तियां। पंडाल के पीछे मेले और झूले की व्यवस्था। आकर्षक मैकेनिकल लाइट शो। कोकर चौक से चुना भट्टा तक संपूर्ण क्षेत्र को कोलकाता के चंदन नगर की भव्य लाइटिंग से सजाया जायेगा। इसमें 14 गेट, जिनमें 6 गेट 50 फीट ऊंचे और 8 गेट 26 फीट ऊंचे होंगे। राउरकेला का मशहूर ताश बाजार शामिल होगा। उन्होंने कहा कि कोकर दुर्गा पूजा कमेटी का कुल बजट इस वर्ष 40 लाख रुपये निर्धारित किया है। इस बार का आयोजन पहले से भी अधिक भव्य, आकर्षक और ऐतिहासिक होने वाला है।

### राजश्री गणेश पूजा समिति लोहरा कोचा में पहली बार गणेश चतुर्थी की पूजा की



रांची (आजाद सिपाही)। राजश्री गणेश पूजा समिति लोहरा कोचा में पहली बार गणेश चतुर्थी पूजा की शुरूआत की गयी है। इस गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर मोहल्ले के लोगों ने गणेशोत्सव में पहुंचकर श्रद्धापूर्वक माथा टेका और गणपति बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सभी लोगों ने सुख, शांति और समृद्धि की मंगलकामना की। गणेश चतुर्थी केवल धार्मिक आस्था का पर्व ही नहीं, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। गणपति बप्पा हम सबके जीवन से विघ्न दूर करें और हर घर में खुशहाली का संचार करें।

## केंद्रीय सरना समिति ने करम पूजा महोत्सव के लिए की बैठक, धूमधाम से मनाने की तैयारी




रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय कार्यालय आरटीआइ बिल्डिंग कचहरी परिसर रांची में बुधवार को एक बैठक सह प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने किया। बैठक में करम पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण ढंग से और हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि करम त्यौहार प्रकृति पूजक आदिवासियों का सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार है और इस बार 3 सितंबर 2025 को भादो एकादशी में उपवास और रात्रि 8:00 बजे पूजा की जायेगी। केंद्रीय सरना समिति के संरक्षक ललित कच्छप ने कहा कि करम पूजा को पहान पुजार के द्वारा रूढ़िवादी परंपरा के अनुसार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूजा से पहले जावा फूल का प्रयोग नहीं करना चाहिए और अखाड़ा में ढोल नगाड़ा मांदर के साथ में नृत्य संगीत करना चाहिए। महासचिव संजय तिर्की ने सरकार से मांग किया कि पूरे शहर को आकर्षक विद्युत सज्जा की जाये। प्रत्येक थाना क्षेत्र में शांति समिति की बैठक करायी जाये। प्रत्येक अखाड़े की साफ सफाई करायी जाये। प्रत्येक अखाड़े में जनरेटर, पानी टैंकर और शौचालय की व्यवस्था की जाये। प्रमुख अखाड़े में महिला और पुरुष बलों की तैनाती की जाये और सीसीटीवी कैमरा लगाया जाये। बैठक में केंद्रीय सरना समिति के संरक्षक ललित कच्छप, महासचिव संजय तिर्की, भुनेश्वर लोहरा, पंचम तिर्की, सोहन कच्छप, विमल कच्छप, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा, विनय उरांव, लोलेन टोप्पो सहित अन्य शामिल थे।

## वेट लॉस मैराथन 2025 के विजेताओं की घोषणा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वेट लॉस मैराथन 2025 के विजेताओं की घोषणा कर दी गयी है। इस मैराथन का आयोजन डेली वेलनेस एंड न्यूट्रिशन सेंटर के तत्वावधान में किया गया था, जिसका उद्देश्य लोगों को उनके संपूर्ण स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलावों के माध्यम से परिवार में खुशियां कायम करने के लिए प्रेरित करना है। विजेताओं की सूची में **आइडियल वजन विजेता:** प्रीति सिन्हा, मेघा पांडेय और माही रही। **प्रथम विजेता:** नीतू, मिथिलेश कुमार, अनीता देवी, प्रभा वर्मा और ज्योत्सना। **द्वितीय विजेता:** हेमा रानी, अनुराधा। **तृतीय विजेता:** कमलेश्वर प्रसाद सिन्हा, रीमा कुमारी, ज्योति मिश्रा, शुभांकर पांडेय, सरिता वर्मा, ज्ञान प्रकाश, कंचन देवी रही। वरिष्ठ वेलनेस कोच सुजीत कुमार ने कहा कि अनुशासित जीवनशैली ही सही सेहत की कुंजी है और प्रतिभागियों ने इसे बखूबी साबित किया है। इस पहल को हर घर तक पहुंचाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और संस्थानों में निशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता अभियान आयोजित किए जायेंगे। वरिष्ठ वेलनेस लाइफस्टाइल कोच इंदिरा ने कहा कि आज के समय में सबसे बड़ा धन स्वस्थ शरीर है और हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस मैराथन की सबसे खास बात यह है कि आप कहीं से भी अपने घर से ही हिस्सा ले सकते हैं और विजेता बन सकते हैं।

## प्रदेश कांग्रेस की पर्यवेक्षक और जिला अध्यक्ष की बैठक

# झारखंड में भी एसआइआर के खिलाफ कैंपेन पूरी मजबूती से चलेगा : के राजू

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत बुधवार को रांची के धुर्वा स्थित पुरानी विधानसभा सभागार में प्रदेश पर्यवेक्षक और जिला कांग्रेस के अध्यक्षों-कार्यकारी अध्यक्षों की बैठक हुई। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू और झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश इसमें मुख्य रूप से शामिल रहे। इस बैठक में संगठन मजबूती के लिए कई अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक के बाद कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू ने बैठक में लिये गये निर्णयों की विस्तार से जानकारी दी। के राजू ने कहा कि संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत एआइसीसी ने जिला कांग्रेस कमेटी प्रेसिडेंट के चयन के लिए एक नयी प्रक्रिया अपनायी है। पूरे देश में यह प्रक्रिया शुरू हुई है। अभी तक गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश में यह प्रक्रिया संपन्न हुई है। झारखंड चौथा राज्य होगा जहां नयी प्रक्रिया से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का चयन होगा। इस प्रक्रिया के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का चयन के लिए एआइसीसी द्वारा चयनित ऑब्जर्वर करेंगे। उनकी सहायता के लिए पीसीसी ने हर जिले में तीन तीन सहायक ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चयन के लिए एआइसीसी ऑब्जर्वर और पीसीसी सह ऑब्जर्वर 7 से 15 दिन अपने अपने जिला में जाकर सभी का इनपुट लेकर छह-छह नाम की सूची तैयार करेंगे। इसी सूची में से किसी एक को कांग्रेस का जिलाध्यक्ष बनाया जायेगा। के राजू ने कहा कि ऑब्जर्वर की ओर से तैयार सूची पर दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और संगठन महासचिव के साथ-साथ कांग्रेस विधायक दल के नेता, प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी मिलकर जिलाध्यक्ष के नाम फाइनल करेंगे। के राजू ने कहा कि इस प्रक्रिया से दो तिहाई जिलाध्यक्ष नये आ जायेंगे और एक तिहाई को दोबारा मौका मिलेगा, इसकी उम्मीद है। एआइसीसी ऑब्जर्वर जिलावार वैसे नेताओं को आइडेंटिफाई करेंगे जो कांग्रेस पार्टी की आइडियोलॉजी और उनके नीति और सिद्धांत के प्रति समर्पित हो। जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष के लिए छह योग्य नेताओं के नाम की सूची बनाने की प्रक्रिया को अगले 15 दिन में पूरा करेंगे। अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में हर जिले से जो भी नाम आयेंगे और जिनके नाम पर केंद्रीय नेतृत्व की सहमति होगी वहीं डीसीसी अध्यक्ष होंगे। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने कहा कि आज की बैठक में अन्य तीन मुद्दे पर भी चर्चा हुई है। संगठन सृजन वर्ष में दूसरा महत्वपूर्ण स्टेप है। हर पंचायत में पंचायत कांग्रेस कमेटी बनाना और उसे मजबूत करना और हर म्युनिसिपल वार्ड में म्युनिसिपल वार्ड नगर कांग्रेस कमेटी गठित करना। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि राज्य में पंचायत कांग्रेस कमेटी बनाने की प्रक्रिया चल रही है। 4500 ग्राम पंचायत में से 1700 ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी के गठन हो चुका है। के राजू ने कहा कि उन्होंने खुद कुछ पंचायतों का दौरा किया। वहां की हकीकत जानने की कोशिश की, पंचायत कांग्रेस कमेटी के बारे 12 सदस्यों के साथ बैठकर उनके साथ संवाद किया और कई अहम निर्देश दिये। के राजू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी फील्ड स्तर पर पार्टी को मजबूत करना चाहती है। सभी को हम अच्छी तरह से ट्रेनिंग देकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करेंगे हर पंचायत में पार्टी के लिए समर्पित नेताओं की पहचान कर उन्हें बड़ी जिम्मेवारी सौंपी जायेगी। हमारे पंचायत और वार्ड स्तरीय कमेटी और हमारे बीएलए भविष्य में झारखंड में होनेवाले एसआइआर में अपने वोटों की हिफाजत करेंगे। के राजू ने कहा कि अगले 45 दिन में राज्य के हर पंचायत और म्युनिसिपल में हमारा कमेटी होगा। के राजू ने बताया कि कांग्रेस ने देशभर में वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान चलाया है। राहुल गांधी खुद बिहार की धरती पर वोटर अधिकार यात्रा पर हैं। झारखंड में भी यह कैंपेन पूरी मजबूती से चलेगा। रांची में कांग्रेस के पंचायत से लेकर प्रदेश तक के पदाधिकारियों का बड़ा कार्यक्रम रांची में होगा। इसके लिए हम लोग का प्रोग्राम शुरू होगा या अगले 45 दिनों में स्टेट लेवल पर एक रैली ऑर्गेनाइज करेंगे जिसमें पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी भाग लेंगे। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य सिर्फ सरकार बनाने का नहीं है। हम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए एक मजबूत आवाज बनकर जनता का विश्वास जीतेंगे। सरकार के वैसे अधिकारी जो खुद को नियम कानून से ऊपर मानकर काम करते हैं वैसे अधिकारियों पर पार्टी दबाव बनायेगी।

### साइबर ठग गिरोह की महिला सरगना गिरफ्तार

रामगढ़। रामगढ़ में साइबर थाना साइबर क्रिमिनल को पकड़ने में काफी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इस थाने में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी की सक्रियता से एक ऐसी महिला गिरफ्तार की गयी है जो साइबर गिरोह चला रही थी। इस मामले की जानकारी रविवार को एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 18 जुलाई को साइबर थाने में साइबर गिरोह द्वारा 2 लाख 4 हजार 500 रुपये की ठगी किये जाने की सूचना आयी थी।

## छात्र संगठनों का विवि विधेयक 2025 के खिलाफ प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय रांची से फिरायालाल चौक तक छात्र संगठनों ने एकजुट होकर झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक-2025 और विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव को समाप्त करने के निर्णय के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। बुधवार को विरोध मार्च के दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों ने झारखंड सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला भी दहन किया। विधेयक वापस लो, लोकतंत्र पर हमला बंद करो जैसे नारों की गूंज राजधानी की सड़कों पर सुनायी दी। इस प्रदर्शन में आजसू छात्र संघ, एबीवीपी, आइसा, आदिवासी छात्र संघ सहित कई प्रमुख छात्र संगठनों ने भाग लिया। ओम वर्मा आजसू अध्यक्ष, छात्रसंघ ने कहा कि हेमंत सरकार लिंगदोह कमेटी की अनुशंसा और सुप्रीम कोर्ट के आदेश की खुली अवहेलना कर रही है। अगर सरकार ने इस पर तुरंत रोक नहीं लगायी तो आजसू छात्रसंघ सड़क से लेकर अदालत तक आंदोलन करेगी। छात्र नेताओं का कहना है कि सरकार का यह फैसला न केवल छात्र राजनीति को खत्म करने की कोशिश है बल्कि यह लोकतंत्र पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि छात्र प्रतिनिधि का चुनाव सीधे छात्रों के वोट से होना चाहिए ताकि वो जमीनी समस्याओं को समझते हुए उनके समाधान के लिए काम कर सकें। नये विधेयक के तहत प्रतिनिधियों की नियुक्ति कुलपति या प्राचार्य द्वारा की जायेगी जिससे निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं। छात्र संघों ने चेतावनी दी कि जब तक सरकार यह विधेयक वापस नहीं लेती तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गठबंधन सरकार राज्य में शिक्षा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया दोनों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। इस मौके पर आजसू के ऋतुराज शाहदेव प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष, प्रताप सिंह, राजेश सिंह, अमन साहू, सौरभ यादव, संदीप , प्रशांत महतो, शिवम कुमार, अमर, रवि रोशन, पीयूष सिंह, ऋतिक, रोशन नायक, ऋषभ और आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव, रांची कॉलेज अध्यक्ष विवेक तिर्की, दिनेश उरांव, लालेश्वर उरांव, आदित्य उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

## इश्तिहार

इस इश्तिहार के माध्यम से विक्की यादव उम्र 22 वर्ष, पिता गरज यादव सा0 बकरीहाट नियर दुर्गा मंदिर थाना झरिया, जिला - धनबाद को सूचित किया जाता है कि झरिया थाना कांड सं. 111/25 दिनांक 21/04/2025 धारा 65(1) और 06 पोक्सो एक्ट दर्ज कराया गया है जो वर्तमान जिला एवं सत्र न्यायधिश IX सह विशेष न्यायलय पोक्सो एक्ट धनबाद में लंबित है ।

आपको सूचित किया जाता है कि इस इस्तिहार के तारिख से 30 दिनो के अन्दर उपरोक्त वर्णित मनानिय न्यायालय में उपस्थित हो अन्यथा 30 दिनों के बाद न्यायसंगत कार्यवाही कि जायेगी ।

**आदेशानुसार**
**अनुसंधानकर्ता झरिया**
**थाना धनबाद**

# इनफ्लुएंसरों को सुप्रीम चेतावनी

सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों के कंटेंट से जुड़े मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने जो कुछ कहा है, उसे बहुत सावधानी से लेने की जरूरत है। समय रैना समेत पांच सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों की टिप्पणियों को दिव्यांगों की गरिमा के खिलाफ पाया गया है।

**हास्य की सीमा :** इंटरनेट सेंसेशन के इस दौर में जब अपने कंटेंट को वायरल बनाने की इच्छा सब पर हावी होती दिख रही है, इस केस ने यह ध्यान दिलाया है कि हर दूसरे अधिकार की तरह अभिव्यक्ति की आजादी भी अपने साथ जिम्मेदारी लेकर आती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में ठीक ही बेहद सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि किसी को भी दूसरों पर, खासकर दिव्यांगों, बीमारों जैसे कमजोर तबकों पर हंसने की छूट नहीं दी जा सकती। अदालत का यह मानक भी तर्कसंगत कहा जायेगा कि प्रायश्चित के तौर पर की जाने वाली क्षतिपूर्ति होने वाले नुकसान के मुकाबले ज्यादा होनी चाहिए।

**गाइडलाइन की जरूरत :** इसमें दो राय नहीं कि ऑनलाइन कंटेंट से जुड़े मामलों के लिए सरकार की ओर से गाइडलाइन होनी चाहिए। इस सिलसिले में अटॉर्नी जनरल की तरफ से बताया गया कि सभी हितधारकों से बातचीत की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। लेकिन कोर्ट ने भी माना कि इस तरह की कोई भी गाइडलाइन किसी खास केस की प्रतिक्रिया में आनन-फानन में तैयार नहीं की जा सकती और न ही ऐसा किया जाना चाहिए। यह कार्य न केवल मौजूदा परिस्थिति और इससे जुड़े तमाम पहलुओं का, बल्कि आने वाले दौर की चुनौतियों का भी ध्यान रखते हुए करना होगा।

> सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में ठीक ही बेहद सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि किसी को भी दूसरों पर, खासकर दिव्यांगों, बीमारों जैसे कमजोर तबकों पर हंसने की छूट नहीं दी जा सकती। अदालत का यह मानक भी तर्कसंगत कहा जायेगा कि प्रायश्चित के तौर पर की जाने वाली क्षतिपूर्ति होने वाले नुकसान के मुकाबले ज्यादा होनी चाहिए।

**वाणिज्यिक अभिव्यक्ति :** सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से यह सवाल भी सामने आया कि क्या अभिव्यक्ति की आजादी को वाणिज्यिक और गैर-वाणिज्यिक जैसी दो श्रेणियों में बांटकर देखा जा सकता है। ध्यान रहे, संविधान की ओर से सभी नागरिकों को अभिव्यक्ति का एक जैसा अधिकार दिया गया है। इसके साथ जुड़ी पाबंदियां भी सबके लिए समान हैं। यहां तक कि मीडिया या मीडियाकर्मियों को भी अलग से कोई अधिकार नहीं दिया गया है। ऐसे में इस पर विचार करना होगा कि क्या किसी की अभिव्यक्ति को इस आधार पर अलग तरह से देखा जाना चाहिए कि वह वाणिज्यिक कंटेंट की श्रेणी में आता है या नहीं।

**अधिकारों का टकराव :** पिछली सुनवाई की रोशनी में देखा जाये तो स्पष्ट हो जाता है कि इस मामले में अनुच्छेद 19 के तहत मिले अभिव्यक्ति के अधिकार और अनुच्छेद 21 के तहत मिले गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार दोनों पर विचार करना है। जाहिर है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि शीर्ष अदालत कैसे दोनों के बीच संतुलन साधते हुए आगे बढ़ती है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**इस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में देश की सुरक्षा से लेकर आर्थिक विकास एवं आमजन की सुख-समृद्धि में बढ़ोत्तरी के लिए एक व्यापक कार्य योजना प्रस्तुत की है। बच्चों, युवाओं, उद्यमियों से लेकर किसानों तक समाज के सभी वर्गो को संबोधित किया और 2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का विजन वा कार्ययोजना देश्वसियों के समक्ष रखी।**

# आत्मनिर्भरता व स्वदेशी के मूल मंत्र से ही भारत होगा मजबूत व सुरक्षित

मृत्युंजय

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कई कीर्तिमान एक साथ रच डाले। लाल किले की प्राचीर से 103 मिनट तक बोलते हुए अपने राजनीतिक जीवन का सबसे लंबा भाषण दिया। अपने संबोधन में हर क्षेत्र में स्वदेशी को अपनाने के साथ ही आत्मनिर्भरता को मजबूती प्रदान करने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधार से लेकर राष्ट्रीय एवं धार्मिक महत्व की सभी संस्थाओं व केंद्रों की व्यापक स्तर पर सुरक्षा के लिए वर्ष 2035 तक ऑपरेशन सुदर्शन चक्र जैसी अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की। साथ ही, देश के विभिन्न स्थानों में बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठ के कारण हो रहे जनसांख्यिकी परिवर्तन की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर मिशन मोड में अभियान प्रारंभ करने की घोषणा की है जो राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि लाल किले से उन्होंने विश्व के सबसे बड़े सामाजिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रशंसा की और उसे सबसे बड़ा एनजीओ बताया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस बार अपनी स्थापना के 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश वा समाज हित में किये गये संघ के कार्यों की चर्चा व प्रशंसा संघ के स्वयंसेवकों का उत्साहवर्द्धन करनेवाला तो रहा ही साथ ही यह भी स्पष्ट हो गया कि भाजपा और संघ के बीच कोई वैचारिक मतभेद हो ही नहीं सकता।

> यह भी स्पष्ट हो गया कि भाजपा और संघ के बीच कोई वैचारिक मतभेद हो ही नहीं सकता।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में स्वदेशी हथियारों के बल पर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की कहानी को देशवासियों के समक्ष एक बार पुनः रेखांकित किया और साथ ही पाकिस्तान को फिर से अत्यंत कड़ा संदेश देते हुए कहा कि सिंधु नदी का जल और खून



मतलब आतंकवाद एक साथ नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि अगर हम हथियारों के मामले में आत्मनिर्भर ना होते तो क्या आप सोच सकते हैं कि इतना सफल ऑपरेशन सिंदूर संभव हो पाता। अमेरिका की शह पर अनर्गल प्रलाप करने वाले पाक सेना प्रमुख आसिम मुनीर को स्पष्ट संदेश दे दिया गया है कि अब भारत के साथ परमाणु हमले की ब्लैकमेलिंग नहीं चलने वाली। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत की नीति अभी तक पहले हमला नहीं करने की रही है।

**प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना-** प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त के दिन से ही युवाओं के लिए एक लाख करोड़ रुपये की योजना लागू करने की घोषणा कर दी। इस योजना के तहत निजी क्षेत्र में पहली नौकरी पाने वाले युवकों को सरकार की ओर से प्रोत्साहन राशि के रूप में 15 हजार रूपये दिये जायेंगे। यह योजना करीब-करीब साढ़े. तीन करोड़ नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर बनायेगी।

**नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार-** पीएम मोदी ने इस दीपावली से जीएसटी सुधार के माध्यम से बड़ी राहत देने की घोषणा की है जिससे आम नागरिकों व छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है।

**हाइ पावर डेमोग्राफी मिशन-** प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि आज देश के सामने सबसे बड़ी चिंता व चुनौती यह है कि सोची समझी साजिश के तहत देश की डेमोग्राफी को बदला जा रहा है एक नये व गंभीर संकट के बीज बोए जा रहे हैं। ये घुसपैठिये देश के नौजवानों की रोजी रोटी छीन रहे हैं। झूठ बोलकर बहन बेटियों को अपना निशाना बना रहे हैं।ये घुसपैठिये भोले-भाले आदिवासियों को भ्रमित करके उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। देश यह सहन नहीं करेगा जब-जब सीमावर्ती क्षेत्रों में डेमोग्राफी परिवर्तन होता है तब-तब राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा होता है। उन्होंने कहा कि दुनिया का कोई भी देश अपने देश को घुसपैठियों के हवाले नहीं कर सकता। हमारे पूर्वजों व महापुरूषों ने त्याग और बलिदान से हमें स्वतंत्र भारत दिया है। हमने एक हाइ पावर डेमोग्राफी मिशन शुरू करने का निर्णय लिया है, जो कि इस भीषण संकट से निपटने के लिए कार्य करेगा। ज्ञातव्य है कि बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठ के कारण असम सहित अनेक सीमावर्ती राज्यों के जिलों की डेमोग्राफी तेजी से बदल गयी है व बदल रही है। कई राज्यों में घुसपैठियों के खिलाफ व्यापक अभियान भी चलाया जा रहा है। झारखंड जैसे छोटे राज्यों में यह समस्या बहुत विकराल रूप ले चुकी है और गत चुनावों में यह एक प्रमुख चुनावी मुद्दा भी बना था।

**समुद्र मंथन-** प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में समुद्र मंथन योजना की ऐतिहासिक घोषणा करते हुए कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए भारत नेशनल डीप वाटर एक्सप्लोरेशन मिशन शुरू करने जा रहा है। हम समुद्र से भारत के लिए तेल और गैस खोजने का अभियान प्रारंभ करने जा रहे हैं जिससे हम इस क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर हो सकें ।इस अभियान को समुद्र मंथन नाम दिया गया है।

**सुदर्शन चक्र मिशन-** प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में 2035 तक देश के सभी सामरिक व सेना के साथ ही आस्था के सभी महत्वपूर्ण केंद्रो को स्वदेशी तकनीक आधारित व्यापक सुरक्षा कवच देने की महत्वपूर्ण घोषणा की है और इस कवच का लगातार विस्तार होता जायेगा, ताकि देश का हर नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करे। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण से प्रेरणा लेकर हमने सुदर्शन चक्र की राह को चुना है। ये एक पावरफुल वैपन सिस्टम होगा जो दुश्मन के हमले को नष्ट तो करेगा ही करेगा साथ ही, कई गुना अधिक शक्ति से दुश्मन पर हिटबैक करेगा।

**परमाणु ऊर्जा क्षमता-** 2047 तक 10 गुना बढ़ाने का लक्ष्य भी रखा गया है। इसके लिए परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में 10 नये परमाणु रिएक्टर का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। हम परमाणु ऊर्जा क्षमता 10 गुना से भी अधिक बढ़ाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

**मेड इन इंडिया जेट इंजन-** प्रधानमंत्री मोदी ने देश के युवा वैज्ञानिकों एवं तकनीशियनों से पूछा कि हमारे देश का अपना पूरी तरह से स्वदेशी जेट इंजन होना चाहिए कि नहीं होना चाहिए। आगे कहा हमें स्वदेशी जेट इंजन का निर्माण करना है तभी हम पूरी तरह आत्मनिर्भर होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में एक मंत्र दिया है और वह है 'दाम कम, लेकिन दम ज्यादा।' अर्थात उन्होंने उद्यमियों और उद्योगों से उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाने पर अधिक ध्यान देन का आह्वान किया ताकि हम वैश्विक बाजार में अपने उत्पादों की धूम मचा सकें। अगर हमें वैश्विक बाजार में अपने उत्पादों की क्षमता प्रदर्शित करनी है तो हमें गुणवत्ता के मोर्चे पर निरंतर नयी ऊचाइयों को छूना होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया के प्रभावशाली लोगों के साथ-साथ राजनीतिक दलों से भी घरेलू स्तर पर निर्मित उत्पादों को अपनाने और बढ़ावा देने का आग्रह किया। अपने संबोधन के माध्म से प्रधानमंत्री मोदी ने एकमात्र यही संदेश दिया है कि अब आत्मनिर्भरता ही सुरक्षित भारत का मूल मंत्र है। फिर वह चाहे जो भी क्षेत्र हो। उर्वरकों में आत्मनिर्भरता का संकल्प- प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन में उर्वरकों के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता का संकल्प दिखा। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा के लिए उर्वरक में भी आत्मनिर्भर होना जरूरी है ताकि विदेशी दबाव से किसानों को मुक्त किया जा सके। उन्होंने यह भी साफ किया कि खेती की लागत घटना ही सिर्फ लक्ष्य नहीं है अपितु किसानों की आय बढ़ाने के लिए सस्ती खाद भी उपलब्ध कराना आवश्यक है।

इस प्रकार प्रधानंमत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में देश की सुरक्षा से लेकर आर्थिक विकास एवं आमजन की सुख-समृद्धि में बढ़ोत्तरी के लिए एक व्यापक कार्य योजना प्रस्तुत की है। बच्चों, युवाओं, उद्यमियों से लेकर किसानों तक समाज के सभी वर्गो को संबोधित किया और 2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का विजन वा कार्ययोजना देश्वसियों के समक्ष रखी।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### फर्जी नौकरी के नाम पर रैकेट का खुलासा

# 4 गिरफ्तार, 179 युवक-युवतियां मुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले घाटशिला थाना क्षेत्र में चल रहे बड़े पैमाने पर फर्जी नौकरी के नाम पर घोटाले का पुलिस ने खुसला कर दिया पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ऋषभ कुमार गर्ग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी घाटशिला के नेतृत्व में गठित टीम ने मऊभंडार ओपी क्षेत्र में संयुक्त छापेमारी की। छापामारी के दौरान जांच में खुलासा हुआ बेरोजगार युवाओं से नौकरी दिलाने के नाम पर 25,000 वसूले जा रहे थे। इसके अलावा युवाओं पर दो अन्य लोगों को नेटवर्क में जोड़ने का दबाव बनाया जाता था। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की जाती थी। उन्हें घर जाने तक की अनुमति नहीं दी जाती थी।जानकारी मिलने पर पुलिस ने एमएस रिया एंटरप्राइजेस (लालडीह, दहीगोड़ा, थाना-घाटशिला) के कार्यालय को सील कर दिया और मौके पर सभी दस्तावेज जब्त कर ली। कार्रवाई के दौरान फर्जी कंपनी से जुड़े 3 युवकों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। जबकि एक अन्य व्यक्ति को बेरोजगार युवाओं के साथ मारपीट करने के आरोप में पकड़ा गया।मौके पर कुल 179 युवक-युवतियां जो छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के निवासी हैं उन्हें किराये के मकानों में फर्जी नौकरी के नाम पर बंधक बनाकर रखा गया था। पुलिस ने सभी को उनके घर सुरक्षित भेजने की प्रक्रिया में जुट गई। गिरफ्तार आरोपियों में भोलाबगान, छोटागोविन्दपुर निवासी 28 वर्षीय रोमेन्ट कुमार, डोमचाच निवासी मोहन कुमार राणा, वैशाली जिला निवासी शिवम कुमार सिंह और कुलदीप सिंह शामिल है।ग्रामीण एसपी ने बताया इस मामले में मुख्य आरोपी गया जिले के राजू यादव,समस्तीपुर के सुनिल यादव, राहुल रंजन, अनिल और रवि चौहान सहित अन्य फरार हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जारही है। छापामारी दल में घाटशिला थाना प्रभारी वंश नारायण सिंह, मऊभंडार ओपी प्रभारी पंकज कुमार,मनोज मरांडी, पंकज कालिंदी सहित अन्य शामिल रहे।उधर पुलिस की कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस का मानना है यह नेटवर्क मार्केटिंग के नाम पर युवाओं को ठगने वाला संगठित रैकेट है।

# हिंदू पीठ में गणेश उत्सव का सातवां वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर के हिंदू पीठ में गणेश उत्सव का सातवां वर्ष भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है। तीन दिवसीय गणेश उत्सव में विभिन्न राजनीतिक दलों, समाजसेवियों और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्तित रहे।मंदिर परिसर को आकर्षक लाइटिंग की सजावट से सजाया गया। संध्या समय गणपति बप्पा की आरती और दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस अवसर पर हिंदू पीठ के अध्यक्ष अरुण सिंह, महासचिव दिलजय बॉस, संयोजक शंभू नाथ सिंह, ए.के. श्रीवास्तव, चैंबर ऑफ कॉमर्स के मानव केडिया, चंद्रभान सिंह, ब्रह्मदेव शर्मा, कांग्रेस नेता विजय खां और अनिल मोदी उपस्थित रहे। आयोजन में शामिल विभिन्न दलों के नेताओं और समाजसेवियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों के बीच भक्तजन आरती और पूजा-अर्चना में शामिल होकर भक्ति भाव में डूबे नजर आए। श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रसाद की व्यवस्था की गयी। पार्किंग, प्रसाद वितरण और अन्य व्यवस्थाओं के लिए 100 से अधिक स्वयंसेवक तैनात रहे, जिससे भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। हिंदू पीठ में गणेश उत्सव का लगातार सातवां वर्ष है। आयोजकों ने बताया हर वर्ष की तरह इस बार भी भक्तों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

# गणपति बप्पा सबके जीवन से विघ्न दूर करें : अमरप्रीत सिंह काले

**गणेशोत्सव पर काले ने टेका माथा, समाज में एकता और सद्भाव का दिया संदेश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने शहर के विभिन्न गणेशोत्सव कार्यक्रमों में पहुंचकर श्रद्धापूर्वक माथा टेका और गणपति बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

काले ने काशीडीह स्थित विघ्नहर्ता गणेश पूजा समिति, भालुबासा के जम्बू अखाड़ा यूथ, गणेश सेवा संस्थान , राजेंद्र नगर में आयोजित गणेश पूजनोत्सव में शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना करते हुए कहा ह्लगणेश चतुर्थी केवल धार्मिक आस्था का पर्व ही नहीं, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। गणपति बप्पा हम सबके जीवन से विघ्न दूर करें और हर घर में खुशहाली का संचार करें।

## मानगो फ्लाइओवर का नाम शहीद खुदीराम बोस के नाम पर रखने की मांग

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड बांग्लाभाषी उन्नयन समिति ने मानगो फ्लाइओवर का नाम शहीद खुदीराम बोस के नाम पर रखने और उनकी प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। बुधवार को इस संबंध में समिति के एक शिष्टमंडल ने जमशेदपुर पश्चिमी विधायक सरयू राय से मुलाकात कर अपनी बातें रखीं। समिति ने कहा मानगो चौक स्थित शहीद स्मारक और खुदीराम बोस की प्रतिमा का सौंदर्यीकरण पूर्व में विधायक सरयू राय द्वारा कराया गया था। विधायक सरयू राय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे इस मांग पत्र को विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सौंपेंगे और आग्रह करेंगे कि इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाये। इस अवसर पर राजेश राय, अंशु मुखर्जी, असीत चक्रवर्ती, कमल चक्रवर्ती, संजीव आचार्या, तारक मुखर्जी समेत कई उपस्थित रहे।

## गुरु तेग बहादुर की शहीदी जागृति यात्रा में शामिल हुए रघुवर दास



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सिखों के 9वें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस की 350वीं वर्षगांठ पर आयोजित ऐतिहासिक शहीदी जागृति यात्रा में बुधवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शामिल हुए।श्री दास ने टेल्को गुरुद्वारा पहुंच कर गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष शीश नवाकर अरदास की। इसके बाद वे शहीदी जागृति यात्रा की रवानगी में भी सहभागी बने।इस अवसर पर उन्होंने गुरु महाराज से झारखंड की उन्नति, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए कहा गुरु तेग बहादुर जी की शहादत पूरी मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर भाजपा नेता कुलवंत सिंह बंटी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गणेश पूजा पंडालों में शामिल हुई सविता महतो

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** ईचागढ़ की विधायक सविता महतो गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के पूड़ीयारा, बांदु (चांडिल) स्थित आदर्श कॉलोनी और ईचागढ़ के गौरांगकोचा में आयोजित गणेश महोत्सव में शामिल हुई।बुधवार को विधायक ने गणेश मंडप में माथा टेककर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा गणेशोत्सव समाज को एकजुट करने वाला उत्सव है। इस अवसर पर नीमडीह प्रखंड अध्यक्ष सचिन गोप, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, राहुल वर्मा, मंगल मांझी सहित पूजा समिति के कई सदस्य व सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रामदास सोरेन का श्राद्ध कार्यक्रम संपन्न, पहुंचे इरफान अंसारी और संजय यादव

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री स्व रामदास सोरेन के श्राद्ध कार्यक्रम में बुधवार को जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरे क्षेत्र में गमगीन माहौल के बीच गोड्डा के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और श्रम मंत्री संजय यादव विशेष रूप से जमशेदपुर पहुंचे और पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत नेता को अपनी श्रद्धांजलि दी।

श्राद्ध कार्यक्रम में उपस्थित तीनों नेताओं ने स्व. सोरेन की सेवाओं को याद करते हुए उन्हें झारखंड की राजनीति और समाज का अमूल्य धरोहर बताया। इस मौके पर सभी ने परिवार के सदस्यों से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त की और कठिन समय में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने दोनों पुत्रों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि पिताजी के जाने के बाद अब परिवार और समाज की विरासत तुम दोनों के कंधों पर है। तुम्हें मजबूत बनकर आगे बढ़ना है और मां का विशेष ख्याल रखना है। आज पूरा समाज तुम्हारे साथ खड़ा है, तुम्हें कभी अकेला महसूस नहीं करना पड़ेगा। रामदास सोरेन जैसे नेता का जीवन हमेशा प्रेरणा देता रहेगा और उनकी सेवा भावना को आगे ले जाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने भावुक होकर कहा कि आज मैंने केवल एक सहकर्मी ही नहीं, बल्कि एक साथी और मित्र को खो दिया है। कोल्हान का सबसे बड़ा नेता अब हमारे बीच नहीं रहा, यह विश्वास करना बेहद कठिन है। उनकी कमी को कोई भी कभी पूरा नहीं कर सकता। हमने डॉक्टरों के माध्यम से उन्हें बचाने की भरपूर कोशिश की, लेकिन नियति के आगे हम सभी हार गये। उनकी स्मृतियां हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगी। मैं परिवार के साथ पहले भी था, आज भी हूं और आगे भी सदा रहूंगा। श्रम मंत्री संजय यादव ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि रामदास सोरेन जैसे नेता अमर होते हैं। उनका जाना झारखंड की राजनीति और समाज दोनों के लिए अपूरणीय क्षति है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 28 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in



# बंशीधर नगर में खाद नहीं मिलने से गुस्साये किसानों ने सड़क जाम की

**किसानों ने पुलिस प्रशासन से खाद वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने एवं सभी किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार खाद उपलब्ध कराने की मांग की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** शहर में बुधवार को यूरिया खाद को लेकर दिनभर माहौल तनावपूर्ण रहा। प्रखंड के विभिन्न गांवों से सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष किसान खाद लेने के लिए खाद वितरण केंद्रों पर पहुंचे थे। तेज धूप होने एवं खाद नहीं मिलने से किसानों ने जमकर हंगामा किया। गुस्साये किसानों ने यहां ट्रॉमा सेंटर के निकट एनएच 75 को जाम कर दिया। साथ ही प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अचानक लगे इस जाम से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सड़क जाम होने की सूचना मिलने पर सीओ विकास कुमार सिंह एवं बीडीओ रौशन कुमार ने पुलिस बल के साथ जाम स्थल पर पहुंच कर किसानों को काफी समझा बुझा कर माहौल को शांत कराया। बाद में खाद वितरण में तेजी लाने एवं सभी लोगों को खाद उपलब्ध कराने का भरोसा दिये जाने के बाद लोगों ने दो घंटे बाद जाम हटा लिया। साथ ही यह भी भरोसा दिलाया गया कि वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जायेगी, ताकि कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लग सके। उधर किसानों का कहना था कि जो किसान हैं उन्हें खाद नहीं मिल पा रहा है। जबकि वे लोग दिनभर लाईन में खड़े रहने के बावजूद खाली हाथ लौट रहे हैं। वहीं प्रभावशाली लोग बोड़ा का बोड़ा खाद लेकर निकल जा रहे हैं। किसानों ने पुलिस प्रशासन से खाद वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने एवं सभी किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार खाद उपलब्ध कराने की मांग की।

## प्रशासन आज विभिन्न प्रखंडों में उपलब्ध करायेगा यूरिया खाद : दिनेश कुमार यादव



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिले में यूरिया खाद की बढ़ती मांग और किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गढ़वा जिला प्रशासन ने विशेष पहल की है। किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने और खरीफ फसलों को प्रभावित होने से बचाने के उद्देश्य से आज जिले के विभिन्न प्रखंडों में यूरिया खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। इस संबंध में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने जानकारी दी कि चिनिया, गढ़वा, रंका, मझीआंव, कांडी, बड़गड़, भंडरिया, चिरौंजिया मोर, मेराल, डंडई, बरडीहा, सगमा तथा केतार प्रखंडों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद किसानों के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का प्राथमिक उद्देश्य किसानों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से खाद पहुंचाना है। उन्होंने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा कि यूरिया खाद की कमी को देखते हुए प्रत्येक किसान निर्धारित केंद्रों से केवल एक बोरी (बैग) ही प्राप्त करें, ताकि सभी किसानों को समान रूप से खाद उपलब्ध हो सके। यदि किसी किसान को किसी प्रकार की कठिनाई होती है तो वह तुरंत संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क करें। गढ़वा जिला प्रशासन किसानों के हित, सुविधा और समृद्धि के लिए निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।

## मुख्यमंत्री से मिले झामुमो नेता धीरज दुबे

# जिले में अतिवृष्टि और बाढ़ से किसानों को हुए नुकसान से कराया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिले में लगातार हो रही अतिवृष्टि और बाढ़ की वजह से किसानों की हालत बद से बदतर हो गयी है। खेतों में लगी फसलें लगभग नष्ट हो चुकी हैं। किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर हालात को देखते हुए झामुमो मिडिया पैनलिस्ट सह केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे ने मॉनसून सत्र के दौरान विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और उन्हें विस्तार से पूरे हालात से अवगत कराया।

धीरज दुबे ने मुख्यमंत्री को बताया कि जिले के कई प्रखंडों में मक्का और दलहन जैसी मुख्य फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गईं है। खेतों में पानी भर जाने से किसानों के पास अपने खेत को बचाने का कोई उपाय नहीं रहा। साथ ही, कांडी प्रखंड के हेठार इलाके में बाढ़ की वजह से कई गांवों में डूब के कारण धान की फसल बर्बाद हो गये, मवेशियों के चारा तक की किल्लत हो गयी और लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिले के किसान कठिन दौर से गुजर रहे हैं। कभी उन्हें सूखा तो कभी अतिवृष्टि से नुकसान उठाना पड़ता है। अगर सरकार तत्काल राहत और मुआवजे की व्यवस्था नहीं करती, तो किसानों की स्थिति और भी भयावह हो जायेगी।

मुख्यमंत्री ने धीरज की बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि सरकार किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि जिले में हुए नुकसान का तत्काल आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत राशि उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि किसानों के कर्ज. माफी और बीमा दावों पर प्राथमिकता से कार्रवाई होगी।

## आरजीडीआइ कॉलेज प्रशासनिक भवन परिसर में फैला कचरा, छात्रों ने हटाने की मांग की

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय के थाना मोड़ स्थित राजमाता गुंजेश्वरी देवी इंटर महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन परिसर के पश्चिमी भाग में कुड़ा कचरा फैला हुआ है। प्राप्त जानकारी और लोकेशन के अनुसार यह कचरा बगल के निवासी के द्वारा परिसर का दिवार को तोड़ कर फैलाया गया है। जिसमें ईंट, पत्थर, एस्बेस्टस, लकड़ी आदि परिसर में मौजूद हैं जिसे देखा जा सकता है। इस प्रकार एक शैक्षणिक संस्थान में स्वच्छता का वातावरण होना चाहिए। किंतु यह घोर चिंता का विषय है। विद्यार्थियों ने कॉलेज प्रशासनिक भवन परिसर में मौजूद कुड़े कचरे को हटाने और स्वच्छ बनाने की मांग रंका अनुमंडल पदाधिकारी से की है ताकि एक शैक्षणिक संस्थान की गरिमा बनी रहे।

## भंडरिया में झामुमो की बैठक आयोजित



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड मुख्यालय इस्थित पीडब्लूडी बंगला परिसर मे झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की के अध्यक्षता में कार्यकर्ता बैठक आहूत की गयी थी। इस बैठक में संगठन की मजबूती के लिए इस बैठक में युवा मोर्चा के संगठन तैयार करने की विचार विमर्श किया गया और तन-मन-धन से पार्टी के कार्य में लगे रहने की बातें कही गयी, ताकि आने वाले समय में फिर से झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बने। इस मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष रविशंकर कश्यप, सचिन लॉरेंस, तिर्की रानू, मंडल उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, शेरोफिना कुजूर, अर्जुन राम एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता के पिता का निधन



मृतक परिवार को सांत्वना देते भोजपुर गढ़ प्रमुख दीपक प्रताप देव।

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। झामुमो के युवा नेता व भोजपुर गढ़ प्रमुख दीपक प्रताप देव ने खरौंधी प्रखंड के झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता राजेंद्र राम के पिता के निधन की सूचना मिलने पर उनके निवास स्थान पर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की। दीपक प्रताप देव ने कहा कि वे एवं उनकी पार्टी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं और उनके परिवार के हर सुख दुख में साथ खड़ा है। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया तथा सहयोग राशि भी प्रदान की। मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम, विजय राउत, पंकज कुमार सिंह सहित अन्य पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रंका में हाथी ने घर को किया ध्वस्त



रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना वन क्षेत्र अंतर्गत 20 अगस्त 2025 को ग्राम - कटरा निवासी प्रभू कोरवा के घर को हाथी ने ध्वस्त कर दिया। समाजसेवी नसीम अंसारी एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार के लोगों ने मसाला , लाइट एवं टीना बजाकर हाथी को भगाया। भुक्तभोगी परिवार ने सरकार से क्षतिपूर्ति मुआवजा की मांग की है ताकि घर बना सके।

# एसपीडी कॉलेज में इपीएफओ का शिविर संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज में बुधवार को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा आउटरीच कार्यक्रम के तहत निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम का एक दिवसीय शिविर संपन्न हुआ। इस मौके पर करीब एक दर्जन से अधिक मामलों का निष्पादन किया गया। यह शिविर अगले माह की 29 तारीख को पुनः आयोजित की जायेगी।

इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. हिमांशु भूषण जारुहार, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के प्रवत्रन पदाधिकारी राजेश कुमार वर्मा, सामाजिक सुरक्षा सहायक धनवंत कुमार, महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. उमेश सहाय, प्रो. रामाशिष उपाध्याय, सुबोध पाठक, वकील खान, मनोहर राम, जितेन्द्र कुमार तिवारी, अरुण पाठक आदि उपस्थित थे। इस मौके पर प्रवत्रन पदाधिकारी राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि आउटरीच कार्यक्रम के तहत निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम में कर्मचारियों के ईपीएफ से संबंधित समस्यायों का समाधान किया गया, जिसके तहत ई. नोमिनेशन, लाईफ सर्टिफिकेट, युएएन एक्टीवेशन, ज्वाईन्ट डिक्लरेशन, डिजिटल सिग्नेचर आदि से संबंधित कार्य किये गए। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के बारे में भी जानकारी दी गयी। उन्होने बताया कि अब ईपीएफ से संबंधित किसी भी समस्या का निदान स्वयं किया जा सकता है इस बात को लेकर जागरुक किया जा रहा है।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। खरौंधी थाना क्षेत्र के चंदनी गांव में एक युवक 440 वोल्ट बिजली प्रवाह के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे घायलावस्था में स्वजनों के द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक डॉ इंद्र किशोर विश्वकर्मा के द्वारा प्राथमिक उपचार के दरम्यान मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद भवनाथपुर पुलिस के एएस आई उदय यादव के द्वारा कागजी करवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि चंदनी गांव निवासी 30 वर्षीय प्रिंस दुबे पिता सूरजमन दुबे अपने घर के पीछे लगे बिजली मोटर चालू करने के लिए गया था। जहां घर के पीछे लोहे का दरवाजा खोलने के दरम्यान दरवाजे में बिजली तार के कटिंग होने के कारण दरवाजा में करंट लगने से घायल हो गया। तत्काल उसे भवनाथपुर सीएचसी में लाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

## गढ़वा में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के चिरौंजिया मोड़ स्थित राधिका नेत्रालय में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 35 मोतियाबिंद मरीजों के आख का ऑपरेशन किया गया। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के अध्यक्ष ला. डॉ असजद अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के सहयोग से अब तक 300 से अधिक मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन कराया जा चुका है। ला. डॉ असजद ने बताया कि दोनों संस्थानों के सहयोग से हर हफ्ते निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन होता रहा है । उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को सहायता एवं मदद प्रदान करना है। इस मौके पर कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन सह राधिका नेत्रालय के संस्थापक ला. सुशील कुमार ने कहा कि ये शिविर उन मरीजों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जो आर्थिक कारणों से उपचार नहीं करवा पाते हैं इस शिविर में वैसे लोगों को लाभ मिलता है। इस मौके पर क्लब की ओर से अध्यक्ष ला. डॉ असजद अंसारी, प्रोजेक्ट चेयरपर्सन ला. सुशील कुमार, ला. उमेश अग्रवाल और कई लोग उपस्थित थे।

# पलायन की भेंट चढ़ा आदिवासी परिवार का सहारा, शव पहुंचते ही माहौल हुआ गमगीन

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत अंतर्गत आदिवासी बहुल क्षेत्र मायर में एक बार फिर कोहराम मच गया, जब कुछ ही दिन बाद फिर पलायन की भेंट चढ़ा व्यक्ति का शव पैतृक गांव पहुंचा। प्रखंड क्षेत्र में लगभग तीन माह के अंदर आधे दर्जन लोग पलायन का शिकार होकर अपना जान गंवा बैठे। इसी क्रम में आदिवासी टोले के व्यक्ति चंदेश्वर सिंह 45 वर्ष आंध्रप्रदेश के नेल्लोर शहर स्थित कृष्णापट्टनम पोर्ट के अंदानी कंपनी के मारुति नंदन कंपनी में ड्राइवर का कार्य करता था। छुट्टी के दिन चंदेश्वर हादसे का शिकार हो गया। जिससे कमर, पैर एवं रीढ़ बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया। इलाज में मोटी खर्च होने के कारण मृतक का इलाज कराने में परिजन अक्षम हो गये। जिससे गरीबी की दंश झेल रहे चंदेश्वर के परिवार ससमय बेहतर इलाज नहीं करा पाया, जिससे 15 दिन बाद आंध्रप्रदेश के अस्पताल में चंदेश्वर तड़प कर दम तोड़ दिया। बुधवार को जब मृतक का शव जैसे ही पैतृक गांव पहुंचने वाला था तभी से आसपास के सैकड़ों महिला, पुरुष एवं बच्चे मृतक के घर पहुंचे। सभी के आंखे नम थीं। मौके पर मुखिया मूंगा साह, जेएमएम कार्यकर्ता सह बीडीसी प्रतिनिधि इंतियाज आलम सहित अन्य लोग पहुंचकर परिजनों को ढाढ़स देकर जैसे तैसे सांत्वना दिलाया। मृतक का अंतिम संस्कार पंडा नदी के तट पर किया गया। जिसमें सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

**मृतक के परिजनों पर टूटा दुखों का पहाड़ :** चंदेश्वर सिंह चेन्नई के अस्पताल में जीवन और मौत से जूझ ही रहा था तभी परिजन प्राकृतिक विपदा का शिकार हो गये। तीन दिनों से हो रहे मूसलाधार बारिश से उनका आशियाना ही ध्वस्त हो गया। मृतक की पत्नी राधिका देवी अपने दो पुत्र एवं एक पुत्री लेकर दूसरे के घर में रहने पर मजबूर है। मृतक चंदेश्वर सिंह अपने परिवार का इकलौता कमाऊ व्यक्ति था। ड्राइवरी का कार्य कर किसी प्रकार अपना परिवार का भरण पोषण करता था।

## दुकान का शटर तोड़कर चोरी का प्रयास, जांच में जुटी पुलिस

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के एनएच 75 पर लगमा बस स्टैंड के समीप मंगलवार की मध्यरात्रि में दुकान के शटर का ताला तोड़ कर चोरी के प्रयास को दुकानदार ने विफल कर दिया। इस बाबत अकलवानी- लगमा निवासी मिथिलेश सोनी द्वारा मेराल थाना में आवेदन दे कर घटना की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि मेरा घर और दुकान एक ही जगह है, मंगलवार की मध्य रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा मेरा एक दुकान के शटर का ताला तोड़कर दूसरा ताला तोड़ रहा था कि आवाज सुनकर मैं नीचे आने लगा, तो मुझे देखकर भागने लगे। बता दें कि चार माह पूर्व यहीं बगल से ही एक नया ट्रैक्टर की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गयी थी।

## तीन दिन पहले कोयल नदी में बहे व्यक्ति का शव जयनगरा में बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जयनगरा गांव के समीप कोयल नदी से मंगलवार की सुबह पुलिस ने एक यक्ति का शव बरामद किया। मृतक की पहचान पलामू जिला चैनपुर थाना क्षेत्र के कोल्हुआ चेड़ाबार गांव निवासी 51 वर्षीय मोहन राम, पिता रामसेवक राम के रूप में की गई है। ग्रामीणों ने सुबह टहलने के दौरान नदी में शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एएसआई आशीर्वाद महतो दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल करते हुए शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक मोहन राम जेपीएस पानी प्लांट में कार्यरत था। शनिवार दोपहर तक वह प्लांट के पास कोयल नदी में अपने दो साथियों के साथ लकड़ी पकड़ने गया था। इस दौरान उसके दोनों साथी बाहर आ गये, लेकिन मोहन तेज धारा में बह गया और लापता हो गया। मृतक के परिवार में पत्नी और तीन बेटे मनीष, कमेश व चर्खु शामिल हैं, जो बाहर काम करते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही परिवारजन घर के लिए रवाना हो गये हैं। घटना की सूचना मिलते ही राणाडीह पंचायत के मुखिया ललित बैठा, खरौंधा पंचायत उपमुखिया रवि कुमार समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

# बेहतर सेवा देकर 'जीवन रक्षक' की भूमिका निभायें एंबुलेंस कर्मी : एसडीएम

**'कॉफी विद एसडीएम' में पहुंचे एम्बुलेंस चालक, रखी समस्याएं, दिए सुझाव**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बुधवार को क्षेत्र के एम्बुलेंस चालकों ने सदर एसडीएम संजय कुमार के नियमित संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में भाग लिया। इस अवसर पर एम्बुलेंस कर्मियों ने अपनी व्यावहारिक समस्याओं के साथ-साथ व्यक्तिगत समस्यायें भी एसडीएम के समक्ष रखीं। एसडीएम ने इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने और उचित दिशा में प्रयास करने का भरोसा दिलाया।

**अनियमित मानदेय :** एंबुलेंस चालकों ने बताया कि उन्हें एजेंसी द्वारा नियमित रूप से वेतन नहीं मिलता। कई बार उनका वेतन उनकी मेहनत के अनुसार समानुपाती नहीं होता। कभी-कभी उन्हें एक दिन का 100 रुपये से भी कम भुगतान प्राप्त होता है। इसके अलावा, एजेंसी कुछ पैसे हमेशा अपने पास रोक रखती है, जिससे चालकों पर तनाव बना रहता है। 108 एम्बुलेंस सेवा से जुड़े कर्मियों के संघ के अध्यक्ष, नीरज तिवारी, ने इस विषय पर प्रशासनिक हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया।

**सुरक्षा किट की मांग :** कुछ एम्बुलेंस कर्मियों ने सुरक्षा किट की मांग भी उठायी। उन्होंने बताया कि जब वे किसी मरीज को उठाने जाते हैं, तो उन्हें नंगे हाथ काम करना पड़ता है, उनके हाथ में ग्लव्स नहीं होते और मास्क भी नहीं मिलता। इससे उनकी स्वयं की सुरक्षा खतरे में रहती है, लेकिन मजबूरी में उन्हें ऐसा करना पड़ता है। उन्होंने अनुरोध किया कि इस प्रकार की सुरक्षा किट उपलब्ध करवाई जाए।

मेराल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिनियुक्त एम्बुलेंस कर्मी सत्येंद्र चौधरी सहित कुछ अन्य चालकों ने बताया कि उनकी गाड़ी खराब है। एमवीआई से जांच भी हो गयी है, लेकिन मरम्मत न होने के कारण गाड़ी अभी भी खराब पड़ी है। इसी प्रकार कई अन्य एम्बुलेंस कर्मियों ने भी बताया कि यदि गाड़ी की मरम्मत भी हो जाती है, लेकिन भुगतान न होने के कारण मैकेनिक उसे अपने पास ही कई हफ्तों तक रखता है, जिससे कार्य प्रभावित होता है।

निजी एम्बुलेंस निर्धारित शुल्क ही लें संजय कुमार ने सभी निजी एम्बुलेंस संचालकों को निर्देश दिया कि वे किसी भी रोगी से निर्धारित राशि से अधिक शुल्क न लें। साथ ही रोगी को गंतव्य स्थल से पहले छोड़ने की कोई शिकायत न मिले। इस पर निजी एम्बुलेंस संचालक प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि निजी एम्बुलेंस भी नंबर से चलती हैं और सभी प्रमुख शहरों का किराया पहले से ही प्रशासन द्वारा तय है, जिससे वे कभी अधिक नहीं लेते।

**सड़क दुर्घटना के घायल व्यक्तियों की मदद करें :** एसडीएम ने सभी एम्बुलेंस चालकों से कहा कि वे अधिकांश समय सड़क पर ही रहते हैं। ऐसे में यदि रास्ते में कोई सड़क दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति दिख जाये तो वे स्वेच्छा से अपनी गाड़ी रोककर, यदि संभव हो, उसे भी सहायता प्रदान करें। इस पर एम्बुलेंस चालक रितेश रंजन, वकील ठाकुर, सुजित पासवान आदि ने बताया कि उन्होंने कई बार ऐसा किया है। जब वे खाली एम्बुलेंस लेकर कहीं से लौट रहे थे और रास्ते में कोई दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति दिखा, तो उन्होंने बिना किसी की मदद लिए उसे अस्पताल पहुंचाया।

# स्व. मुकेश चंद्र माथुर की पुण्यतिथि मनायी गयी

**संगीत कला महाविद्यालय और मैलोडी ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम का किया गया आयोजन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** संगीत कला महाविद्यालय में दर्द भरे नगमों के बेताज बादशाह स्वर्गीय मुकेश चंद्र माथुर का 49वीं पुण्यतिथि संगीत कला महाविद्यालय और मैलोडी ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में संगीत भरी श्रद्धांजलि मनाया गया कार्यक्रम के उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडये नगर परिषद अध्यक्षा पिंकी केशरी भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप समाज सेवी दौलत सोनी डॉक्टर पतंजलि केशरी सियाराम शरण वर्मा ने संयुक्त रूप से स्वर्गीय मुकेश जी के तस्वीर पे पुष्पांजलि और दिप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडये ने कहा कि मुकेश जी एक मखमली आवाज के मालिक थे उनकी आवाज जो कभी दिल के पार गुजर गयी, तो कभी दर्द बनकर दिल में उतर गयी। उनके गीत आज भी सदाबहार कहे जाते हैं। 22 जुलाई 1923 को जन्में मुकेश चंद माथुर हिंदी सिनेमा जगत में सिर्फ मुकेश ही कहलाये। निदेशक प्रमोद सोनी और सारे कलाकार साधुवाद के पात्र है। नगर परिषद अध्यक्षा पिंकी केशरी ने कहा कि मुकेश की आवाज में एक अजीब सी राहत थी जिसको सुनने वाला मंत्रमुग्ध हो जाता है। डॉक्टर पतंजलि केशरी ने कहा कि स्वर्गीय मुकेश अपनी माता पिता की छठी संतान थे। जब उन्होंने 10वीं की पढ़ाई पूरी कर ली, तो दिल्ली में पब्लिक वर्क में काम करने लगे थे। हालांकि जिसकी आवाज को दुनिया पर राज करना हो वो आवाज कब तक छिपी रहने वाली थी।

## पांच परगना क्षेत्र में गणेशोत्सव की धूम



बुंडू (आजाद सिपाही)। पूरे पांच परगना क्षेत्र में गणेश उत्सव धूमधाम के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर बुंडू के कई स्थानों पर आकर्षक पंडाल का निर्माण किया गया। साथ ही आकर्षक विद्युत सज्जा किया गया है। गणेश उत्सव में सुबह से ही भक्तों की उत्साह देखते ही बनती थी। पूजा को लेकर बच्चे बूढ़े खासकर महिलाएं शाम में पंडाल देखने के लिए निकले।

# हत्या के मामले में पांच गिरफ्तार, भेजे गये जेल

थाना प्रभारी विक्रमादित्य पांडेय ने बताया कि 25 अगस्त को बुद्धेश्वर पुरान को लाठी डंडे से मार पीट किया गया था, जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ में इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी थी




आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पुरानडीह गांव में बुद्धेश्वर पुरान उम्र करीब 32 वर्ष की हत्या करने के खिलाफ 5 नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक छापेमारी दल का गठन किया गया एवं बुधवार को राजेंद्र पुरान 34 वर्ष, टीपू पुरान 40 वर्ष, बांधनु पुरान 30 वर्ष, नेहरू पुरान 50 वर्ष, राम सिंगार पुरान 60 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में सरायकेला कारा भेज दिया गया। छापामारी दल में थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे, एसआई विश्वजीत तिवारी, महांती सिंकू एवं सशस्त्र बल शामिल थे। थाना प्रभारी विक्रमादित्य पांडेय ने बताया कि 25 अगस्त को बुद्धेश्वर पुरान को लाठी डंडे से मार पीट किया गया था, जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ में इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी थी। मृतक की पत्नी विशाखा देवी के बयान पर मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने कहा कि सभी 5 नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक के विरोध में विद्यार्थी परिषद ने फूंका सरकार का पुतला

विद्यार्थी परिषद के अशोक टूटी ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा पारित यह विधेयक विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक स्वतंत्रता और स्वायत्तता पर सीधा हमला है



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की खूंटी नगर इकाई ने बुधवार को बिरसा कॉलेज खूंटी के मुख्य द्वार पर झारखंड सरकार द्वारा हाल ही में पारित विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार का पुतला दहन किया। विरोध कार्यक्रम में एबीवीपी रांची विभाग संयोजक प्रकाश टुटी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का नेतृत्व परिषद के जिला संयोजक पवन कुमार और नगर अध्यक्ष अशोक टुटी ने किया।

इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद के अशोक टूटी ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा पारित यह विधेयक विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक स्वतंत्रता और स्वायत्तता पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि कुलपति और प्रोकुलपति की नियुक्ति का अधिकार सीधे राज्य सरकार को दिए जाने का अर्थ है कि अब विश्वविद्यालय पूरी तरह राजनीतिक नियंत्रण और दबाव में काम करेंगे। टूटी ने कहा कि शिक्षा संस्थान ज्ञान और अनुसंधान के केंद्र होते हैं, न कि किसी भी राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं की नियुक्ति का अड्डा। जिला संयोजक पवन कुमार ने कहा कि यह कदम संविधान की उस मूल भावना के विपरीत है, जो शिक्षा और विचार की स्वतंत्रता को सर्वोच्च मानती है। यदि विश्वविद्यालय राजनीतिक हस्तक्षेप से ग्रस्त होंगे तो आने वाली पीढ़ियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और निष्पक्ष वातावरण नहीं मिल पायेगा। विभाग संयोजक प्रकाश टुटी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा से शिक्षा में पारदर्शिता और गुणवत्ता का पक्षधर रही है। यह विधेयक शिक्षा व्यवस्था को राजनीतिकरण की ओर धकेलेगा, जिसे किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। विश्वविद्यालयों में नियुक्ति की प्रक्रिया हमेशा योग्यता और पारदर्शिता पर आधारित होनी चाहिए। राजनीतिक दबाव और दलगत निष्ठा के आधार पर नियुक्तियां स्वीकार्य नहीं होंगी। प्रदेश कार्यकारणी सदस्य हीरांजलि ने कहा कि यह केवल विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता पर हमला नहीं है, बल्कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। मौके पर दीपक, अंजनी, सोनम, सुषमा, अनमोल, आयुष आदि मौजुद थे।

## विधायक सुदीप गुड़िया ने विघ्नहर्ता भगवान गणेश से क्षेत्र की खुशहाली की कामना की



खूंटी (आजाद सिपाही)। विधायक सुदीप गुड़िया ने बुधवार को तोरपा गांधीनगर तथा तपकारा देवी मंदिर में पहुंचकर विघ्नहर्ता भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया। उन्होंने भगवान गणेश से क्षेत्र की खुशहाली के लिए कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सबका विघ्न हरने वाले भगवान गणेश हम सबका विघ्न हरेंगे। हम सब खुशहाल बनेंगे तथा तोरपा विधानसभा सभा क्षेत्र एक बनेगा। इस अवसर पर पूजा समिति द्वारा विधायक को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तोरपा गांधीनगर में विधायक ने पंडाल का निर्माण करने वाले बच्चों को सम्मानित किय। इस दौरान झामुमो तोरपा प्रखंड अध्यक्ष रुबेन तोपनो, झामुमो खूंटी जिला संगठन सचिव प्रदीप केशरी, उदय चौधरी, अरमान तोपनो, चंदन आदि उपस्थित थे।

## काउंसिल के सीसीएल रीजनल कमेटी के उपाध्यक्ष बने रामलखन और अमृत भोगता



खलारी (आजाद सिपाही)। ऑल इंडिया एससी एसटी बीसी इम्प्लाइज कॉर्डिनेशन काउंसिल के सीसीएल रीजनल कमिटी के उपाध्यक्ष रामलखन गंझु एव अमृत भोगता को बनाया गया है। इस संबंध में काउंसिल के कोल इंडिया अध्यक्ष सह सीसीएल जोन के महासचिव बृजकिशोर राम ने एक पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी की दोनों को उपाध्यक्ष के अलावा एनके, राजहरा, आम्रपाली चंद्रगुप्त एरिया का प्रभारी भी बनाया गया है। बृजकिशोर राम ने दोनो को बधाई दी है। अध्यक्ष ने मनोनयन को लेकर पत्र की प्रतिलिपि एससी एसटी आयोग भारत सरकार, एससी एसटी निदेशक क्षेत्रीय कार्यालय रांची, सीसीएल सीएमडी, निदेशक कार्मिक, संपर्क अधिकारी एससी एसटी सेल सीसीएल, काउंसिल के सीसीएल अध्यक्ष को भेजा है। उपाध्यक्ष बनने पर काउंसिल और रैयत विस्थापित मोर्चा ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। बधाई देने वाले लोगों में कॉउन्सिल के प्रदेश उपाध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, प्रदेश संगठन सचिव रमेशर भोगता, एनके एरिया अध्यक्ष दिलीप गंझु, सचिव दिलीप पासवान तथा रैयत विस्थापित मोर्चा के जगरनाथ महतो, जालिम सिंह, विनय खलखो, नरेश गंझु, मुकद्दर लोहरा, प्रभाकर गंझु, दामोदर गंझु, राजेंद्र उरांव, शिवनारायण लोहरा, शिवनाथ भोगता, सुनील यादव, रवि उरांव, विनय उरांव, प्रभु गंझु, चंदू मुंडा का नाम शामिल है।

## सोनाहातू में यूरिया खाद की किल्लत, किसान परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** बाजारटांड़ सोनाहातू में बुधवार को यूरिया खाद की किल्लत को लेकर किसानों ने आक्रोश मार्च निकाला। आक्रोश मार्च किसान नेता सुनील कुमार महतो के नेतृत्व में किया गया। प्रखंड में यूरिया खाद की काफी किल्लत हो गयी है। खुल्ले बाजार में भी यूरिया खाद किसानों को नहीं मिल पा रहा है। किसान काफी परेशान है। इस संबंध में किसान नेता सुनील कुमार महतो ने कहा कि प्रखंड प्रशासन की उदासीनता के कारण यूरिया खाद की किल्लत हो गयी है। इस वर्ष प्रखंड प्रशासन ने किसानों के लिए खाद वितरण को लेकर चिंतित नहीं हैं। किसानों को खुल्ले बाजार में दूकानदार यूरिया खाद 600 रुपये की दर पर बेची जा रही है। जबकि सरकारी दर 266.32 रुपये बताया जाता है। किसानों को यूरिया खाद ऊंचे दामों पर खुल्ले बाजार में भी नहीं मिल पा रहा है। किसान बर्दाश्त नहीं करेगा। किसान नेता ने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रखंड प्रशासन किसानों के लिए यूरिया खाद अविलंब उपलब्ध नहीं कराती है तो सैकड़ों किसान हल-बैल लेकर प्रखंड कार्यालय का घेराव करेगी। मौके पर बसंत मुंडा, परमेश्वर महतो, संतोष महतो, बलराम मसली, रमेश प्रमाणिक, राजेश महतो, शशोधर महतो, धन्नजय मांझी, अवधेश भगत, तरूण महतो, मंटू महतो आदि किसान उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री और कोयला राज्य मंत्री की बैठक विस्थापितों के लिए सराहनीय कदम : इकबाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे की हुई उच्च स्तरीय बैठक राज्य के विस्थापित रैयतों के लिए एक सराहनीय कदम है। विस्थापितों के हक और अधिकार को लेकर आहुत इस बैठक का रैयत विस्थापित मोर्चा एवं झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ने स्वागत किया है। उक्त बातें रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव इकबाल हुसैन ने प्रेस बयान जारी कर कहा। उन्होंने इस उच्च स्तरीय बैठक को रैयत विस्थापितो के हित में बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कोयला उत्खनन के उपरांत खाली पड़ी जमीन वापसी मूल रैयत को होनी चाहिए। रैयत विस्थापितों के नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास, रोजगार, पर्यावरणीय संतुलन, आधारभूत संरचना के विकास को प्राथमिकता दी जाये। कोयला मंत्री ने भी आश्वस्त करते हुए सकारात्मक पहल व क्रियान्वयन करने का भरोसा मुख्यमंत्री को दिलाया है। उपरोक्त ज्वलंत मुद्दों पर विस्थापितों का संघर्ष कई दशको से लगातार होते रहा है। मुख्यमंत्री व कोयला राज्य मंत्री की बैठक का निश्चित रूप से बेहतर परिणाम धरातल पर शीघ्र देखने को मिलेंगा।



इकबाल हुसैन की फाइल फोटो।

# सरना एकेडमी में डांस प्रतियोगिता

आजाद सिपाहीसंवाददाता

**खलारी।** सरना एकेडमी कुसुम टोला पुरनाडीह मे वार्षिक डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न वर्गों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक महेंद्र उरांव एवं प्रधानाचार्य गोपाल सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन और फीता काटकर किया गया। मंच पर विद्यार्थियों ने शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, समकालीन नृत्य तथा देशभक्ति पर आधारित विशेष प्रस्तुतियां दीं। दर्शकों ने बच्चों की अद्भुत प्रतिभा एवं उत्साह की सराहना की। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन को सृजनशीलता, भाव-भंगिमा, लय तथा प्रस्तुति के आधार पर अंक प्रदान किये। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चो को विद्यालय के निदेशक ने ट्रॉफी और सार्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल सिंह और उप प्रधानाचार्य ओम प्रकाश गुप्ता ने संयुक्त रूप से विजेताओं को शुभकामनायें देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगितायें छात्रों की छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाने तथा आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होती हैं। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक रोहित साहू, सुरेंद्र चौहान, रोस्ती मिंज, खुशी झा, नीलू कुमारी, रिया सिन्हा, रिया रौंदा, प्रिया रौंदा, क्रांति हांसदा, गुनगुन, दिव्या, सुनीता, संगीता, रूपाली कुमारी और विद्यालय के सभी बच्चे मौजूद रहे।




# मशहूर गायक मुकेश की पुण्यतिथि मनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब में बुधवार की शाम संगीत कला केंद्र, संस्कृतिक समूह पिपरवार क्षेत्र के द्वारा देश के मशहूर गायक मुकेश कुमार की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मुकेश कुमार के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय मुकेश कुमार ने कई हिट एवं सुपरहिट फिल्मों में बेहतरीन गीत गाकर लोगों को अपने और आकर्षित किया है। उनके गीतों एवं यादों को देश कभी भी भूला नहीं सकता है। वर्तमान में मुकेश कुमार जैसे बेहतरीन गीतकार की कमी खल रही है। कार्यक्रम के दौरान संगीत कला केंद्र के कलाकारों ने स्वर्गीय मुकेश कुमार के कई बेहतरीन गीतों को गाकर उपस्थित लोगों को झुमने पर मजबूर कर दिया। कलाकारों के द्वारा पेश किये गये गीतों को उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार विष्णु साहू, याकूब अली, संतोष दास, जयपाल दास, विजय शर्मा, संजय चटर्जी, सुलेखा चटर्जी, राकेश सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



## झारसुगुड़ा जिले में पीएमएफबीवाइ 2025 में किसानों का नामांकन पिछले वर्ष से कम

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। झारसुगुड़ा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ 2025 में झारसुगुड़ा जिले में किसानों का नामांकन पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम हुआ है। साल 2024 में 37,654 किसानों ने इस योजना में नामांकन किया था, जबकि इस बार खरीफ 2025 के लिए केवल 24,073 किसानों ने ही नामांकन कराया है। किसानों को जागरूक करने के लिए सभी प्रचार-प्रसार कार्यक्रम किये गये हैं। इसके बावजूद नामांकन संख्या कम होने से किसानों से अनुरोध किया गया है कि वे शीघ्र ही खरीफ 2025 के लिए ढटऋइ में नामांकन कर लें। इस योजना में नामांकन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025 है। किसी भी समस्या या प्रश्न की स्थिति में किसान अपने संबंधित ब्लॉक कृषि अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

## हृदय स्पर्शी सम्मान समारोह का आयोजन



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। झारसुगुड़ा किसी ने बड़ी सुंदर बात कही है की बड़ो का आदर व सम्मान परिवार व समाज को एक सुत्र मे बांधे रखने का काम करती है। बड़ो का जितना आदर व सम्मान रहेगा समाज उतना व्यवस्थित रहेगा। इन्हीं विचारों के साथ 21 अगस्त विश्व वृद्धजन दिवस के अवसर पर झारसुगुड़ा की हम साथ-साथ है। संस्था द्वारा एक ऐसा हृदय स्पर्शी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जो समाज के लिये न केवल एक प्रेरणा बल्की शहर के विभीन्न समाज के बड़े बुर्जुगों को एक साथ एक स्थान पर मिलने का सुअवसर प्रदान किया। होटल मोहनी रायल के सभाकक्ष मे संपन्न इस सम्मान समारोह में शहर के विभीन्न समाज के 75 वर्ष के आसपास व उससे उपर जीवन ज्ञापन कर रहे 100 से ज्यादा बड़े बुर्जुगों को उनके स्वस्थ व दिर्घायु जीवन की कामना करते हुये उन्हे एक मानपत्र व अंगवस्त्र के साथ सम्मानीत किया गया। सभा समारोह का संचालन श्रीमती मोनीका मुंदड़ा द्वारा बड़े ही सुंदर व एक से बढ़कर एक शब्दावली के साथ संमा बांधते हुये किया गया।

# गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजा कोयलांचल



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको में गणेश पूजा धुमधाम के साथ मनाया जा रहा है। बचरा बंसत विहार स्थित टीएच कालोनी मे तीन दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव का बुधवार को शुभारंभ किया गया। जानकारी के अनुसार विधिवत पूजा अर्चना के बाद पंडाल का पट खोल दिया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के ओम प्रकाश सिंह, बुचुन पांडेय, गांधीराम साहू, बसंत कुमार, किशुन केवट, गांधीराम साहू, रूपलाल केवट, जयपाल दास, भूपेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजुद थे।

इधर बचरा बाजारटांड़ मे सन क्लब द्वारा गणेश पूजा की शुरूआत की गयी। पूजा को लेकर आकर्षक पंड़ाल का निर्माण कराया गया, जिसमें भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गयी है। मौके पर प्रवीण सिंह,राजेंद्र सिंह, पप्पू सोनी, विवेक कुमार, सुमन सोनी, विक्रांत सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।



वहीं सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बेंती पंचायत मे गणेश पूजा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से बेंती मुखिया सरिता देवी, सांसद प्रतिनिधि धनराज भोक्ता, गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार केशरी, रोहन गंझू, आदित्य केशरी, अभय केशरी, रवि केशरी, नितेश प्रजापति, विशाल केशरी, पंकज केशरी, रोशन प्रजापति, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कुकडू हाट मैदान में भव्य गणेश पंडाल का हुआ उद्घाटन, पूजे गये गणपति



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। कुकडू हाट मैदान में बुधवार को गणेश पूजा महोत्सव को लेकर भव्य गणेश पूजा पंडाल का विधिवत उद्घाटन पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार साव, एएसआई रंजीत प्रसाद ने फीता काट कर उद्घाटन किया एवं गणेश पूजा शुभारंभ किया गया। वहीं पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साव ने कहा कि एक सप्ताह तक चलने वाला गणेश मेला में मीना बाजार, 28 अगस्त को भजन संध्या, 29 अगस्त को डांस प्रतियोगिता, 30 अगस्त को हेमलता दास की संगीतमय संध्या, 01 सितम्बर को जमशेदपुर का त्रिलोचन डांस एंड ग्रुप का बुगी बुगी डांस, 03 सितंबर को कुंदन कुमार नाइट का आयोजन किया गया है। मौके पर कंकेश्वर सिंह मुंडा, मनोज मछुआ, सुनील कुमार महतो, अरूण, रामभजन, निधुराम कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सिल्ली में भगवान गणेश की पूजा की गयी



सिल्ली (आजाद सिपाही)। आदि दुर्गा मंदिर परिसर मेन रोड सिल्ली में गणेश पूजा को लेकर भव्य पंडाल भव्य मूर्ति का निर्माण बंगाल की मिस्त्रियों द्वारा करवाया गया है। श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान गणेश की पूजा आयोजित की गयी। इस अवसर पर सुबह से ही मंदिर प्रांगण को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया है। पूजा-अर्चना के लिए विशेष व्यवस्थायें की गयी है। गणेश पूजा के दौरान भक्तों के लिए प्रसाद वितरण किया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## तोरपा में धमूधाम से हो रही भगवान गणपति की पूजा-अर्चना



कमलेश राम ने कहा कि गणेश उत्सव केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं है, बल्कि यह समाज को एकता और सद्भाव का संदेश देता है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा में गणेश पूजा महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को धूमधाम से हुआ। इसके पूर्व गणेश पूजा पंडाल का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश राम ने किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर झारखंड आंदोलनकारी राजेंद्र मिर्धा और तोरपा रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष अमित जायसवाल, गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष सुदर्शन नायक उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कमलेश राम ने कहा कि गणेश उत्सव केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं है, बल्कि यह समाज को एकता और सद्भाव का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में भाईचारा बनाये रखने और नयी पीढ़ी को संस्कार देने का काम करते हैं। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण मौजूद रहे। पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। वहीं पूजा समिति ने पूरे महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की जानकारी दी।

# विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय, लंबोदराय सकलाय जगद्धिताय। नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय, गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते

## भगवान गणेश की भक्ति और उल्लास में डूबा नगड़ी, बेड़ो, पिठोरिया, चान्हो और नामकुम, प्रतिमा दर्शन को उमड़ी लोगों की भीड़

आजाद सिपाही टीम









**पिस्कानगड़ी/ बेड़ो/ पिठोरिया/ चान्हो।** विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजा नगड़ी एवं आसपास के इलाकों में बुधवार से धूमधाम से शुरू हुई। आसपास कुल छह स्थानों पर भव्य काल्पनिक पंडाल का निर्माण कर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पंडितों द्वारा विधि विधान से पूजा शुरू हुई। इन पूजा पंडालों में केसरी मुहल्ला में सिद्धी विनायक गणेश पूजा समिति, पूराना बाजार टाड़ नगड़ी में उपकार क्लब गणेश पूजा समिति, दुर्गा मंदिर में मारूति संगम गणेश पूजा समिति, साहेर रोड छकनबारी में एसएस स्पोटिंग क्लब गणेश पूजा समिति, कोयल होटल नारो तालाब नगड़ी श्री गणपति गणेश पूजा समिति और गणेश पूजा समिति, स्वर्णरेखा चौक में गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। नगडी मेला टिकरा स्थित स्वर्णरेखा चौक नगड़ी में गणेश पूजा समिति के पूजा पंडाल में 72 घंटे का अखंड हरि कीर्तन सहित पूजा पंडाल का उद्घाटन जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कुशवाह विजय महतो, जिप सदस्य पूनम देवी, समाजसेवी बजरंग महतो, उपेंद्र महतो, शिक्षाविद प्रेम सागर महतो, शंभू महतो, मछिनंदर महतो और समिति के अध्यक्ष राज मोहन महतो ने संयुक्त रूप से किया। दूसरी ओर, चान्हो के न्यू शिव शक्ति क्लब गणेश पूजा समिति चोरेया के पूजा पंडाल का उद्घाटन जिला परिषद सह अधिवक्ता आशुतोष तिवारी ने किया। इस दौरान उन्होंने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। कहा कि भगवान गणेश की पूजा-अर्चना से हमें सुख, समृद्धि और शांति की प्राप्ति होती है। इस मौके पर अध्यक्ष राकेश मिश्रा के अलावा दिलीप गुप्ता, प्रभात कुमार, अखिलेश गुप्ता, सुनील साहू, शक्ति गुप्ता, मंटू गुप्ता, रवि गुप्ता, अमन गुप्ता, पवन साहू, राधेश्याम साहू, लखन साहू, छेदी साहू, सत्यनारायण साहू, पुजारी उमेश साहू ब्रजेश साहू, आचार्य धर्म प्रकाश मिश्रा, उपाचार्य अभिषेक मिश्रा आदि उपस्थित थे। वहीं, **बेड़ो** थाना परिसर में श्रीश्री राधे कृष्ण यूथ संगम क्लब की ओर से गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की पूजा कर गणेशोत्सव का शुभारंभ किया गया। गणपति बप्पा मोरया के उद्घोषों के साथ कलश स्थापना एवं विधिवत पूजा-अर्चना के बीच बुधवार की शाम सुदर्शन भगत, धीरज साहू, शिवसेना के झारखंड राज्य प्रमुख दीपक सिंह, समीर उरांव, सन्नी टोप्पो, रामनारायण भगत, करमा उरांव, धनंजय कुमार राय, मुखिया सुशांति भगत, पंसस राखी भगत ने संयुक्त रूप पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। इसके साथ ही दर्शन के लिए पंडाल के कपाट खोल दिये गये। जहां विधुत संचालित पंडाल में पहले दिन श्रद्धालु की भारी भीड़ उमड़ी। इस बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

### भक्ति-उल्लास में डूबा पिठोरिया

पिठोरिया में गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह से ही श्रद्धालु गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना में जुटे रहे। आकर्षक पंडालों में भगवान गणेश की भव्य प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। पूजा समितियों ने आकर्षक सजावट, रोशनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है। शाम में आरती और भजन संध्या में भारी संख्या में श्रद्धालु जुट रहे हैं। बच्चों और युवाओं में भी विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। २पूजा समिति के अध्यक्ष कृष्णा जायसवाल, सचिव आकाश सोनी, कोषाध्यक्ष विकास लहेरी कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन शर्मा सह-सचिव अभिषेक जयसवाल, सह-कोषाध्यक्ष शुभम सोनी, महामंत्री अम्बर केशरी, राजेश कुमार साहु, विजय सोनी (विक्की), समिति के संरक्षक अनिल केशरी,भरत प्रसाद सोनी, विशेश्वर जयसवाल, शंकर साहू, प्रदीप सोनी, जयराम महली, पंचम साहू, अमित वर्मा, सुनिल साहु, कृष्णा चौरसिया, श्रवण गोप, जितेंद्र साहू (जीतू), मंटु गुप्ता, कृष्णा महतो, शंकर महतो, शक्ति जयसवाल, राजेश महतो, रघुवर साहू और शावर मल शर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं, प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की पुख्ता तैयारी की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## एसएसबी 26वीं के अंतर-क्षेत्रक लॉन टेनिस प्रतियोगिता का हुआ समापन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** एसएसबी 26 वाहिनी रांची की ओर से खेलगांव स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय अंतर-क्षेत्रक लॉन टेनिस प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए सेमीफाइनल और फाइनल का मुकाबला काफी रोमांचक रहा। इसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल और खेल भावना का परिचय दिया। मेंस सिंगल लॉन टेनिस के खेले गए फाइनल मैच में कमांडेंट 21वीं वाहिनी बगहा के तपेश्वर संबित राउत ने उप-कमांडेंट, 26 वाहिनी रांची के प्रवीण कुमार हसदे को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। वहीं मेंस डबल लॉन टेनिस फाइनल में तपेश्वर संबित राउत एवं आदर्श चौहान, सहायक कमांडेंट (संचार), 21 वाहिनी, बगहा ने डॉ एएफ खान, कमांडेंट (मेडिकल), 26 वाहिनी रांची एवं अजय यादव, उप-कमांडेंट 26 वाहिनी रांची को पराजित कर विजेता ट्रॉफी हासिल किया। इधर 50 वर्ष से ऊपर श्रेणी (मेंस सिंगल लॉन टेनिस) के हुए मैच में संजय कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक, रिक्रूट प्रशिक्षण केंद्र सुपौल विजेता बनी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रिक्रूट प्रशिक्षण केंद्र सुपौल के उप महानिरीक्षक संजय कुमार शर्मा थे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों एवं मैच रेफरी से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच को शुरू कराया। इस अवसर पर खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए संजय कुमार शर्मा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं न केवल खिलाडियों को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि संगठन में आपसी सहयोग, सौहार्द और एकता की भावना को भी प्रबल बनाती हैं। बाद में मुख्य अतिथि द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं स्मृति-चिह्न (मोमेंटो) देकर पुरस्कृत किया गया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन किया गया। मौके पर सीमांत मुख्यालय पटना के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रक मुख्यालयों के अधिकारी, 26 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## ओरमांझी के कोलकाता पब्लिक स्कूल पहुंचे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री

# आज का भारत सशक्त और प्रगतिशील है : संजय सेठ

### ऑपरेशन 'सिंदूर' थीम पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ बुधवार को ओरमांझी के कोलकाता पब्लिक स्कूल पहुंचे, जहां उनकी पहल पर सांसद कला महोत्सव के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। पेंटिंग प्रतियोगिता की थीम ऑपरेशन 'सिंदूर' था। जिसमें करीब 125 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें से छह प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता हासिल की। सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल राउंड 21 अक्टूबर को खेलगांव में आयोजित होगा, जहां चयनित प्रतिभागियों में से शीर्ष तीन बच्चों को पुनः सम्मानित किया जाएगा। इन अवसर पर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा कि आज का भारत सशक्त और प्रगतिशील है। जहां बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा मजबूत हो रहा है। वहीं महिलाएं भी सेना में नेतृत्व कर रही हैं। हाल ही में ऑपरेशन 'सिंदूर' में कर्नल सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह ने देश का नाम रोशन किया। वहीं, ब्लॉक चौक पर एजेंट की भूमिका निभा रहे अमीन अंसारी को बच्चों को चौक पर सड़क पार कराने की जिम्मेदारी के लिए वारियर के तौर पर संजय सेठ द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, वरिष्ठ भाजपा नेता अमरनाथ चौधरी, लक्ष्मण साहू, बालक पाहन, मुखिया दीपक बड़ाइक, राजेश गुप्ता, दुर्गा शंकर साहू, नील मोहन पाहन, बालक महतो, संतोष कुमार गुप्ता, आनंद महतो, अर्जुन सिंह, रूपेश साहू, रविंद्र कुमार, विपिन श्रीवास्तव सहित बच्चे-शिक्षक उपस्थित थे।



बच्चों की बनायी पेंटिंग देखते केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ।

## 31 को प्रस्तावित झारोटेप जिला स्तरीय कर्मचारी शक्ति समागम को सफल बनाने को लेकर बैठक

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। झारोटेप रांची जिला कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को आइटीआई संघ भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह ने की। इसमें 31 अगस्त को रांची में प्रस्तावित झारोटेप के जिला स्तरीय कर्मचारी शक्ति समागम को सफल एवं भव्य बनाने की रणनीति पर चर्चा की गयी। साथ ही कार्यों का बंटवारा एवं प्रखंड के शत प्रतिशत कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड वार प्रभारी का चयन कर अनगड़ा, कांके एवं ओरमांझी प्रखंड के लिए इमामउल हक, सतीश बड़ाईक, मनीषा एक्का, कुमारी सुप्रिया झा एवं भागीरथ साहू, मांडर एवं चन्हों प्रखंड के लिए आदित्य साहू, जीवरा उरांव एवं शंकर लकड़ा, बुढ़मू एवं रातु प्रखंड के लिए आशीष कुमार नापित, तपेश्वर महतो एवं प्रेम प्यारे लाल,नगड़ी, इटकी, बेड़ो एवं लापुंग प्रखंड के लिए मिथिलेश कुमार सहाय, ऑगस्टीन लकड़ा, अशोक कुमार साहू एवं शंकर लकड़ा,राहे,सोनाहातू एवं सिल्ली प्रखंड के लिए इंद्रजीत बैठा, उप्पल हेरेंज, एवं प्रेम प्यारेलाल,नामकुम एवं खलारी प्रखंड के लिए अनंत कुमार महतो, मार्था पूर्ति, असीबा श्रद्धा हेरेंज एवं बद्री विशाल, बुंडू एवं तमाड़ प्रखंड के लिए भूपेंद्र कुमार, मदन कुमार महतो, रांची सदर के लिए धनंजय कुमार सिंह, प्रियंका माथुर, रिजवाना खातून एवं बेतूल सुधर्म को जिम्मेवारी सौंपी गयी है। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह, संयोजक आनंद किशोर साहू, संगठन सचिव सुनील नायक, सेवानिवृत्ति प्रकोष्ठ से मिथिलेश कुमार सहाय, रांची जिला अध्यक्ष मो कयामुद्दीन खान, जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार नापित, इमाम उल हक, महिला जिला सचिव प्रियंका माथुर, संयुक्त सचिव जिवरा उरांव,अनंत कुमार महतो, जिला उपाध्यक्ष शंकर लकड़ा सोशल मीडिया प्रभारी अगस्टिन लकड़ा आदि उपस्थित। इसकी जानकारी झारोटेप के रांची जिला मीडिया प्रभारी सतीश बड़ाईक ने दी।

## नेचुरोपैथी क्लींजिंग थेरेपी शिविर में दवामुक्त जीवन का प्रशिक्षण



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची के अक्षत आरोग्यं नेचरोपैथ वेलनेस सेंटर की ओर से रांची के समरगढ़ रिजॉर्ट में आयोजित तीन दिवसीय वेल्थी लाइफ शिविर का समापन हुआ। जिसका उद्घाटन डॉ रूपक कुमार हड्डी रोग विशेषज्ञ ने किया। इस शिविर में बनारस के प्रसिद्ध प्राकृतिक चिकित्सक डॉक्टर संतोष पांडे एवं उनकी टीम ने प्राकृतिक जीवन शैली अपनाकर बिना दवा के स्वस्थ रहने का प्रशिक्षण दिया। साथ ही क्लींजिंग थेरेपी करवाई गई। इसमें बिहार और झारखंड के 20 प्रतिभागियों के साथ डॉ संतोष पाण्डेय, डॉ अवनींद्र सिंह, डॉ धनेश्वर महतो एवं क्लींजिंग थेरेपी विशेषज्ञ सुधींद्र कुमार, वेद प्रकाश और राकेश रोशन एवं योगगुरु प्रीतम बनिक एवं संजय राय उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों को लिवर, किडनी, एसिडिटी, थायराइड, प्रोस्टेट, लंग्स, चेस्ट, गायनी, फैलोपियन ट्यूब, कोलोन, मुंह, आंख, नाक, कान, बाल, फूट और त्वचा की क्लींजिंग कार्रवाई गई और उसका प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे वे वापस जाकर स्वयं और दूसरों की क्लींजिंग कर सकें। मालूम हो कि क्लींजिंग थेरेपी डॉ पीयूष सक्सेना द्वारा विकसित एक ऐसी चिकित्सा प्रक्रिया है, जिससे विश्व में ज्ञात 90 प्रतिशत बीमारियों का शत प्रतिशत उपचार संभव है, ऐसा उनका दावा है। डॉ संतोष पाण्डेय ने बताया कि एक बार लीवर क्लींजिंग से रक्त नलिकाओं में जमा इतना कोलेस्ट्रॉल निकल जाता है कि अगले छह माह तक हार्ट अटैक का खतरा समाप्त हो जाता है।

## भारतश्री अवार्ड से सम्मानित योद्धाओं को संजय सेठ ने दिया सम्मान



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** विगत दिनों कुशीनगर में हुए अंतरराष्ट्रीय मिलन समारोह में एक्यूप्रेशर, योगा, नेचुरोपैथी आदि क्षेत्र में सम्मान पाने वाले डॉ मधुसूदन पांडे, डॉ बलराम महतो, अनुज कुमार सिंह, महेश प्रजापति को केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने अपने हेहल स्थित आवास पर सम्मानित किया। उन्होंने सभी विभूतियों को बधाई देते हुए कहा कि इन्होंने झारखंड ही नहीं, बल्कि देश का नाम भी रोशन किया है। उन्होंने एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे कार्यालय के एक्यूप्रेशर से संबंधित विभिन्न समस्याओं के लिए आयुष मंत्रालय से बात कर इनकी समस्या का समाधान निकालने की बात कही है। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता राजेश मिश्रा, नरेश महतो, रोहित श्रीवास्तव, सत्यजीत सिंह, केडी सिंह आदि उपस्थित थे।

## चोरी कांड का उद्भेदन तीन आरोपी गिरफ्तार


**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** नरकोपी पुलिस ने 18-19 अगस्त की रात हुई चोरी की घटना का उद्भेदन करते हुए तीन आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। लगे हाथ चोरी का अधिकांश सामान भी बरामद कर लिया है। बतातें चलें कि चोरों ने नरकोपी थाना क्षेत्र के बेयासी गांव स्थित प्रोजेक्ट स्कूल के छात्रावास में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। नरकोपी थाना प्रभारी नागेश्वर साव ने बताया कि इस संबंध में थाने में 19 अगस्त को मामला दर्ज किया गया था। चोरों ने छात्रावास में रखे 40 बेड और कुछ अन्य सामान चोरी किये थे। इधर, बेड़ो के पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार राम और पुलिस निरीक्षक उत्तम उपाध्याय के निर्देश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में मंगलवार की रात छापामारी के दौरान दो मुख्य आरोपियों और एक कबाड़ी को गिरफ्तार किया। जिसने चोरी का सामान खरीदा था। पकड़े गये आरोपितों की पहचान नरकोपी थाना क्षेत्र के डोरंडा पिपरटोली निवासी इजराइल अंसारी, नगड़ी थाना क्षेत्र के एड़चोरो गांव निवासी अली मोहम्मद अंसारी और ओरमांझी के दरदाग निवासी शुभम कुमार के रूप में हुई है। शुभम कुमार एक कबाड़ीबाला है, जिसने चोरी का सामान खरीदा था। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी में इस्तेमाल की गई एक पिकअप गाड़ी के साथ ही चोरी के 40 में से 37 लोहे के बेड भी बरामद कर लिये है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

## लापुंग में मना विहिप का 61वां स्थापना दिवस



लापुंग (आजाद सिपाही)। प्रखंड के विभिन्न मांगों में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) का 61वां स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य वक्ता विहिप खूंटी जिला के पूर्व मंत्री सह समरसता प्रमुख बीरेंद्र सोनी ने चर्चा की। कहा कि हम जन्म से हिंदू है। जात पात में न बंटे। जाती धर्म को छोड़कर संगठन को मजबूत बनायें। वहीं, जन्मेजय पाठक ने कहा कि हिंदू आस्था को बचाने के लिए सप्ताह में एक दिन एक घंटा के लिए एक जगह देवालय में जुटकर एकता का परिचय दें। ककरिया में पीपल पेड़ के समीप अनिल साहू और शिवनारायन वर्मा, दोलैईचा देवीगुड़ी प्रांगण में कंचन साहू, नीलकमल साहू, डिम्बा पंचखंडा महाप्रभु प्रांगण में जनमेजय पाठक एवं दुर्गा पाइक, लालगंज ने काली मंदिर प्रांगण में पवन हजाम एवं गणेश महली, महुगांव बाजार ताड़ में विहिप उपाध्यक्ष किश्वर साहू एवं दीपनारायण सिंह, टांगरकेला में सतीश साहू एवं रमेश साहू की अध्यक्षता में बैठक की गयी। टांगरकेला में विहिप के पूर्व जिला पूर्व मंत्री सह समरसता प्रमुख वीरेंद्र सोनी और लापुंग महामंत्री को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विहिप कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रसाद साहू, संरक्षक नंदलाल साहू, मंत्री महेश साहू, चुनिया राम किश्वर साहू व विश्राम प्रधान का अहम योगदान रहा।

## स्वास्थ्य सहिया के लिए उमा कुमारी का चयन





ओरमांझी (आजाद सिपाही)। पंचायत भवन में ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार की अध्यक्षता में बुधवार को ग्राम सभा की बैठक हुई. बैठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओरमांझी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के पत्रांक के आलोक में सहिया पद के चुनाव के लिए बुलाई गई थी। जिसमें मुखिया दीपक बड़ाईक ने कहा कि सहिया का पद रिक्त होने से उस क्षेत्र में स्वास्थ्य के कामों में काफी कठिनाई हो रही थी। उमा कुमारी का चयन होने से अब काम सुचारू रूप से चलेगा। इस मौके पर उप मुखिया संतोष गुप्ता, वार्ड सदस्य सत्यम राज कुशवाहा, पूर्व मुखिया मीना देवी, बीटीटी मुकुट लाल महतो, सहिया साथी अरुणा देवी, सहिया पूजा देवी, अनीता देवी, समाजसेवी शशि मेहता, जेएसएलपीएस के ग्रुप के महिलाएं कुमिता देवी, मुन्नी देवी, बबिता देवी नंदिनी देवी, राजकिशोर महतो, प्रज्ञा केंद्र के संचालक चंदन महतो आदि मौजूद रहे।

## गोंदलीपोखर दुर्गा पूजा समिति का हुआ पुनर्गठन, रामकृष्ण चौधरी बने अध्यक्ष

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गोंदलीपोखर दुर्गा पूजा समिति की बैठक बुधवार को मंदिर प्रांगण में हुई। जिसमें इस वर्ष भी दुर्गा पूजा भव्य रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्की सोनी, उपाध्यक्ष अरुण कुमार महतो, सूरज कुमार गुप्ता, सतीश महतो, नरेश साहू, सुनील केशरी, सचिन केशरी, महामंत्री रंजीत केशरी सोनू, सचिव ज्योतिष महतो, सहसचिव राजेंद्र साहू, विवेक केशरी, कोषाध्यक्ष संजय केशरी, सह कोषाध्यक्ष शिवपूजन चौधरी, प्रचार मंत्री शिवशंकर केशरी, मुख्य संरक्षक रामकुमार पाहन, नीलकंठ चौधरी, दीपक सोनी, शिवशंकर केशरी, रंथा महली, सुरेन्द्र महतो, अजय महतो, सागर साहू, शूकर साहू, रामसाय मुंडा, हिमांशु शेखर चौधरी, विशेश्वर चौधरी, संरक्षक जलेश्वर महतो, हरेकृष्ण चौधरी, गोवर्धन महतो, ललितलाल चौधरी, ओमप्रकाश सोनी, डॉ कपिल दत्ता, अशोक केशरी, छोटन साहू एवं मदन साहू बनाए गए।

## बेड़ो के सरकारी स्कूलों में गैस सिलेंडरों की चोरी से परेशानी

# छह दिनों में चार स्कूलों से 11 गैस सिलेंडर और पोषाहार चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूल इन दिनों चोरों के निशाने पर हैं। इसी कड़ी में मंगलवार की रात भी प्रखंड के पुरियो कटहरटोली गांव स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने मिड डे मील के चावल, दो रसोई गैस सिलेंडर और बर्तन चोरी कर लिया। बुधवार की सुबह विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव बिरसा उरांव एवं ग्रामीणों द्वारा सूचना देने पर स्कूल के प्रधानाध्यापक बिरसा उरांव विद्यालय पहुंचे तो ताला टूटा पाया। उसमें रखा दो गैस सिलेंडर, एक ड्रम चावल और एक स्टील ड्रम चोरी हो गये थे। इस बाबत प्रधानाध्यापक ने इसकी लिखित शिकायत बेड़ो थाना में की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बतातें चलें कि उक्त विद्यालय में एक साल पहले यानी 29 सितंबर 2024 को भी चोरी हुई थी। तब चोरों ने पांच बोरा चावल, 30 थाली, दो बाल्टी, एक स्टील का ड्रम, दो जग, और 30 स्टील के ग्लास आदि चोरी कर लिये थे। गौरतलब हो कि एक बार फिर से चोरों की नजर सरकारी स्कूलों पर पड़ी हुई है। यहां विछले छह दिनों में एक के बाद एक लगातार चार सरकारी स्कूलों में चोरी की घटान हो चुकी हैं। चोर पोषाहार के साथ गैस सिलेंडर भी चोरी कर ले रहे हैं। 22 जुलाई को प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय बेड़ो में तीन गैस सिलेंडर की चोरी हुई। इसके बाद 24 जुलाई को प्रखंड के तुको चचकोपी गांव के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय से दो गैस सिलेंडर और हरहंजी गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय से अंडा और चार गैस सिलेंडर की चोरी, जबकि 26 जुलाई को पुरियो के कटहर टोली गांव में स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में दो गैस सिलेंडर और चावल आदि चोरी कर लिया गया है। हालांकि इतना कुछ होने और लगातार शिकायतों के बावजूद पुलिस को हाथ खाली है। अब तक किसी मामले का उद्भेदन नहीं हो सका है।

## ट्रैक्टर की ट्रॉली से टकराने से बाइक सवार की मौत



मांडर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के हातमा के समीप बुधवार तड़के चार बजे ट्रैक्टर की ट्रॉली से टकरा जाने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। 22 वर्षय युवक बुढ़मू के सिदरोल का रहने वाला था। वह बुढ़मू की ओर आ रहा था। तभी हातमा के समीप सड़क पर खड़ी एक ट्रैक्टर ट्राली से जा टकराया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची मांडर पुलिस ने ट्रैक्टर और बाइक को जब्त कर लिया। साथ ही शव को जब्त कर थाने ले आई। मृतक के घर वालों के आने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची स्थित रिम्स अस्पताल भेज दिया।

## दुर्गा पूजा को लेकर चंदा संग्रहण शुरू



**गुमला (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा को लेकर श्री बड़ा दुर्गा मंदिर समिति की ओर से अर्थसंग्रह का कार्य आरंभ किया गया। समिति के अध्यक्ष निर्मल गोयल, सचिव रमेश कुमार, कोषाध्यक्ष द्वारिका मिश्रा, कौशलेंद्र जमुआर आदि ने इसकी विधिवत शुरूआत अर्थसंग्रह कर किया। साथ ही बताया कि दुर्गा पूजा में समिति की भूमिका केंद्रीय की होती है। परंपरा रही है कि गणेश पूजा के दिन से ही अर्थसंग्रह का काम शुरू किया जाता है। इस शुभ दिन पर गणपति का पूजन और आर्शिवाद के साथ अर्थसंग्रह शुरू किया गया है। सभी सदस्यों को उनका दायित्व भी सौंपा गया है। इस बार दुर्गा पूजा धूमधाम के साथ मनाने का संकल्प लिया गया है।

## चरका टांगर जामटोली में अधेड़ ने लगायी फांसी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के बृंदा पंचायत अंतर्गत चरका टांगर जामटोली गांव निवासी 50 वर्षीय बनिया उरांव ने मंगलवार की रात घर के सामने आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बुधवार की सुबह फुटबॉल खेलने जा रहे लड़कों की नजर व्यक्ति पर पड़ी इसके बाद लड़के घटना की सूचना मृतक के घर वालों को दिए वहीं बिंदा पंचायत की मुखिया सत्यवती देवी ने गुमला थाना को फोन कर घटना की जानकारी दी। गुमला थाना के एसआइ मिंटू कुमार घटना स्थल पहुंचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने बताया मृतक अक्सर शराब का नशा करता था। पूर्व में भी वह घर में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था, लेकिन दिन होने के कारण उसे बचा लिया गया था। इधर बीती रात को खाना पीना खाकर घर में सभी सोए हुए थे तभी वह घर से निकल गया और आत्महत्या कर ली। बुधवार दिन के 2 बजे सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

## हाथियों ने मोरहाटोली में उत्पात मचाया



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा बीती मंगलवार की रात लगभग नौ बजे के आसपास जंगली हाथियों ने गांव मोरहाटोली मे भारी उत्पात मचाते हुए एक ग्रामीण भंजन लोहरा के मकान को चारों ओर से क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं घटना की खबर लगते ही बसिया वन प्रमंडल के वनकर्मी रातोंरात गांव मोरहाटोली पहूंची और ग्रामीणो के सहयोग से उक्त जंगली हाथियों को जंगल की ओर भगाया गया। जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड क्षेत्र के सालेगुटू पंचायत के अंतर्गत गांव मोरहाटोली मे बीती मंगलवार की रात मे दो जंगली हाथी विचरण करते हुए गांव मे प्रवेश कर गये। इसके बाद ग्रामीण भंजन लोहरा के मकान के चारो ओर से सिर और सूढ़ के सहारे क्षतिग्रस्त कर घर के अंदर रखे सामग्रियों को इधर-उधर फेंककर नुकसान पहुंचाया। वही घटना के वक्त घर के सभी परिजन किसी तरह से बाहर भागकर अपनी जाने बचायी है। वहीं सालेगुटू में जंगली हाथियों ने एक ग्रामीण महिला बालमति देवी (पति रंथु) साहु के मकान को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। यह घटना बीती मंगलवार की रात लगभग 8 बजे के आसपास की है। बताया जा रहा है घर के सभी सदस्य खाना खाने की तैयारी कर रहे थे। उसी दौरान दो जंगली हाथी उसके घर के बाहर की दीवार को तोड़ कर सभी घरेलू समान को बर्बाद कर दिया। जिसे घर के सपरिवार बाहर भागे और ग्रामीणो को बताया। वहीं सभी ग्रामीण एकत्रित हुए और हो हल्ला करते हुए गांव से बाहर की ओर भगाया। इधर बुधवार की सुबह मे उक्त पीड़ित परिवार के सदस्यों ने वन प्रमंडल बसिया को वनकर्मियों को इसकी जानकारी देते हुए उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## कोंसा बड़काटोली में हाथी ने फसल को रौंदा



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत गांव कोंसा बड़काटोली मे जंगली हाथियों ने विगत 26 अगस्त कि रात को किसान दानिल हरी के लगभग तीन एकड़ भूमि पर लगी धान के पौधों को पूरी तरह से रौंद डाला है। उक्त किसान ने बुधवार को पंचायत के मुखिया प्रेमचंद केरकेट्टा को इसकी जानकारी देते हुए प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है। वही मुखिया ने बसिया वनप्रमंडल के वनपाल को उक्त पूरे मामले के बारे मे अवगत कराते हुए बताया कि उक्त किसान की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है।

## घाघरा और बिशुनपुर में जेएलकेएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र महतो का स्वागत




**घाघरा/ बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो और दक्षिणी छोटा नागपुर केंद्रीय युवा मोर्चा के सचिव सनी संदीप तिग्गा के बिशुनपुर और घाघरा आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को भव्य स्वागत किया। फूल-मालाओं से सम्मानित कर कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक नारे लगाये। इस दौरान पार्टी नेताओं ने कहा कि महतो का आगमन संगठन में नयी उर्जा और दिशा प्रदान करेगा। बैठक में संगठन विस्तार और विचारधारा को लेकर चर्चा हुई। देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि पार्टी झारखंड की अस्मिता, भाषा और अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रही है और आने वाले समय में इसे और मजबूत किया जायेगा। पार्टी का उद्देश्य झारखंड की जनता की समस्याओं को उठाना और उनके समाधान के लिए संघर्ष करना है। उन्होंने कार्यकताओं से गांव-गांव तक पार्टी की नीति और सिद्धांत पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बिशुनपुर से रोहित रोशन भगत, वीरेंद्र लोहरा, कृष्णा बड़ाइक, राजू भगत, गणेश महतो, विजय ठाकुर, दीपक सिंह, नीरज गुप्ता, विजय नायक, आशीष सिंह, बृजेश महतो, संतोष महतो, और घाघरा से जिलाध्यक्ष शलिंद्र उरांव, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष भुनेश्वर गोप, प्रखंड अध्यक्ष संजय उरांव, उपाध्यक्ष पवन साहू, कृष्णा बड़ाइक, चैतू उरांव, प्रेम उरांव सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के आरोप में पिता गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्ते को शर्मसार करने वाला घटना प्रकाश में आया है। नाबालिग बेटी अपने मां और मौसी के साथ दो दिन पूर्व घाघरा थाना पहुंचकर पिता के विरुद्ध लिखित प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार की शाम 5 बजे जेल भेज दिया वहीं पीड़िता का सदर अस्पताल में मेडिकल कराया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक आरोपी की दो बेटी है। पिता एक साल से अपनी बेटी के साथ गलत काम कर रहा था। वही बेटी डर से किसी को कुछ नहीं बता रही थी। इधर तीन चार दिन पूर्व बेटी अपने मामा के घर मेहमान गई थी जहां अपनी मौसी को पूरी बात बतायी। बताया जाता है कि आरोपी पिता अपने पिता की हत्या के मामले में जेल जा चुका है और 4 वर्षों की सजा काटकर बाहर निकला है।

## भूमि साक्षरता पर पीएलवी को मिला प्रशिक्षण

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा और ग्राम नियोजन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 27 अगस्त को व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित सभा कक्ष में 47 अर्ध कानूनी स्वयंसेवकों को भूमि साक्षरता विषय पर मॉड्यूल वन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा राजकमल मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, एलएडीसीएस सहायक श्रीमती इंद्राणी कुजूर और ग्राम नियोजन केंद्र के इश्तेयाक अहमद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं ग्राम नियोजन केंद्र के इश्तेयाक अहमद ने सभी अर्ध कानूनी स्वयंसेवकों को झारखंड में जमीन के प्रकार, जमीन की बुनियादी समझ, जमीन संबंधी कागजात, पंजी टू, केवाला कराते समय आवश्यक दस्तावेज आदि पर विस्तृत रूप से जानकारी दी।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** प्रखंड में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार की रात अलग-अलग जगहों पर हुए दो हादसों में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। पहला मामला गुरदरी थाना क्षेत्र के चटकपुर गांव स्थित बेती मोड़ का है। जहां देर रात करीब 9 बजे बेथड़ निवासी 30 वर्षीय सुनील खेरवार अपने रिश्तेदार के घर से बाइक में सवार हो कर अपना घर लौट रहा था तभी चटकपुर स्थित बेती मोड़ के समीप अपना संतुलन खो बैठा और सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार उसके पैर में गहरी चोट आयी है।

वहीं दूसरी घटना बिशुनपुर थाना क्षेत्र के सालम नावाटोली मोड़ की है। जहां लबगा निवासी 23 वर्षीय ललित उरांव लापू गांव में यूट्यूब शूटिंग देखने गया था। इस दौरान यूट्यूबरों का बैटरी समाप्त हो जाने पर वह बनारी से बैटरी लाने निकला। वापसी के क्रम में सालम मोड़ के पास उसकी बाइक फिसल गई और वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से उसे भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया।

# घाघरा में घूसखोरी के खिलाफ होगा चरणबद्ध आंदोलन : विजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** भ्रष्टाचार विरोधी मंच घाघरा के तत्वाधान में हाई स्कूल मैदान के पास वरिष्ठ किसान नेता जीवन भगत की अध्यक्षता में पंचायत स्तर के मुख्य लोगों को लेकर भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन की रणनीति बनाने के लिए बैठक संपन्न हुई। बैठक में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि सरकार की निकम्मीपन के कारण घाघरा ब्लॉक में घूसखोरी चरम पर है, जिसके विरुद्ध चरणबद्ध आंदोलन संगठित की जायेगी। श्री सिंह ने यह भी कहा कि घाघरा मेरा गृह प्रखंड है और यहां लोगों पर शोषण अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने सांसद-विधायक की निष्क्रियता के कारण हो रही लूट खसोट को रोकने के लिए आम जनता से जगने व एकजुट होने को कहा है। वहीं यूरिया खाद्य संकट को किसान विरोधी नीति का देन बताया और कहा कि अपने हक के लिए किसान जागरूक व संगठित हो जाएं तभी उनके हित की रक्षा होगी। श्री सिंह ने भ्रष्टाचार के विरोध मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए 6 सितंबर 2025 को हाइ स्कूल मैदान के पास आयोजित प्रखंड स्तरीय बैठक की तैयारी करने की भी अपील की है। बैठक में झारखंड नवनिर्माण दल की ओर से महिला नेत्री पुष्पा उराँव, आदित्य सिंह, धर्मपाल उरांव, श्रवण उरांव, कुहरू मुंडा, संतु मिश्रा, सुकरा उरांव, राजीव सिंह, राधा वल्लभ पाठक, छोटना टाना भगत, बसंत उरांव, देसी उरांव, शिवशंकर भगत मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# सिसई में स्पेशल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत एक्सल डाटा सर्विसेज प्रशिक्षण केन्द्र कुदरा मोड़ सिसई में प्रशिक्षित युवक-युवतियों को रोजगार देने के लिए केंद्र प्रबंधक रायमल यादव के नेतृत्व में प्लेसमेंट स्पेशल ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अखिल केरकेट्टा यूएनडीपी गुमला के सानिध्य एवं सभी अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर की गयी। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण केन्द्र सुशीला फाउंडेशन महुआडीपा सिसई एवं प्रशिक्षण केन्द्र सिद्धि विनायक पालकोट रोड गुमला के संयोजक, प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षुओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में एलएमएस कंपनी प्रालि के एचआर मोहम्मद अफसर एवं ट्वेंटी फिफ्टी हेल्थकेयर के एचआर गौरव गुंजन ने अपने अपने कंपनी के बारे में जानकारियां साझा किये। इस दौरान कुल 60 लाभान्वित प्रशिक्षु युवक युवतियों को ऑफर लेटर देकर रोजगार से जुड़ने का सुनहरा अवसर प्रदान किया गया। लाभान्वित प्रशिक्षु में एक्सल डाटा सर्विसेज के 30, सुशीला फाउंडेशन के 15, एवं सिद्धि विनायक केन्द्र के 15 युवक युवतियां शामिल थे। ऑफर लेटर के अलावा सर्टिफिकेट, टूल किट, एवं प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में एक्सल डाटा सर्विसेज के केन्द्र प्रबंधक रायमल यादव, यूएनडीपी गुमला के अखिल केरकेट्टा, विवेक कुमार, एवं खिलेश्वर साहु के द्वारा सभी प्रशिक्षु का मार्गदर्शन करते हुए कहा गया कि मुख्यमंत्री सारथी योजना का उद्देश्य झारखंड राज्य के 18 वर्ष से 35 वर्ष आयुवर्ग के सभी युवक युवतियों को झारखंड सरकार की ओर से निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उन सभी को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत बनाने में विशेष योगदान प्रदान करना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशिक्षक नन्द किशोर रवि, संध्या विश्वकर्मा, नूपुर कुमारी, होलिका कुमारी, सुषमा अन्ना, रफत अंजुम, राखी सिन्हा, सानिया प्रवीण, शुभम मिश्रा, सीमा कुमारी, राज साहु, सहित केन्द्र के सैकड़ों प्रशिक्षु युवक युवतियों का सराहनीय योगदान रहा।

# डीलर संघ बिशुनपुर के नयी कमिटी का गठन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डीलर संघ बिशुनपुर की बैठक बुधवार को गुमला जिला अध्यक्ष अरखीतानंद देवघरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव तनवीर नाच, जिला उपाध्यक्ष निमाज खान, जिला संयोजक श्याम बिहारी शुक्ला शामिल हुए। बैठक में संगठन विस्तार सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। तत्पश्चात सर्वसमिति से नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संयोजक रोजलीन तिर्की, अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष राधे साहू, सुषमा कुजूर, रामसेवक साहू, सचिव छोटू अंसारी, सह सचिव सुनीता देवी, कोषाध्यक्ष मो यूनुस, कार्यकारिणी सदस्य सुमंती कुमारी, सुरेश प्रसाद गुप्ता, मंजू लकड़ा, हरिचरण प्रसाद, रविंद्र उरांव, बृजेश कुमार और फुलकुवइर भगत को मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष के द्वारा प्रखंड कमेटी के सभी लोगों से एकजुट होकर कार्य करने की अपील की गयी। मौके पर बिशनपुर कई के डीलर मौजूद थे।

# डिजिटल लेन-देन में सुरक्षा बढ़ाने को लेकर महेश पोद्दार ने वित्त मंत्री को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड के पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर 14 अक्टूबर 2010 की अधिसूचना संख्या 235 के कार्यान्वयन से संबंधित अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रणाली में आरटीजीएस/एनइएफटी लेन-देन मुख्य रूप से केवल खाता संख्या पर आधारित होते हैं। प्राप्तकर्ता का नाम मिलान प्रक्रिया में प्राथमिकता नहीं पाता। इससे कभी-कभी खाता संख्या गलत होने या मेल खा जाने की स्थिति में त्रुटि या धोखाधड़ी की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल लेन-देन की गति और संख्या दोनों बढ़ी है। ऐसे में यह आवश्यक है कि आरटीजीएस/एनइएफटी प्रणाली पूरी तरह सुरक्षित और त्रुटिहीन हो। केवल खाता संख्या के आधार पर भुगतान करना जोखिमपूर्ण है। यदि प्राप्तकर्ता के नाम और खाता संख्या का मिलान सुनिश्चित किया जाए तो धोखाधड़ी और गलत भुगतान जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है। मेरा मानना है कि छोटे-छोटे तकनीकी सुधारों से ग्राहकों का विश्वास और वित्तीय व्यवस्था की पारदर्शिता दोनों बढ़ेंगी। सांसद के पत्र के आलोक में वित्त मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार डॉ अभिजीत फुकन ने उत्तर देते हुए सूचित किया है कि यह मामला भारतीय रिजर्व बैंक के समक्ष उठाया गया है। मंत्रालय ने श्री पोद्दार के सुझावों को भुगतान प्रणाली को और अधिक सुरक्षित और कुशल बनाने की दिशा में सराहनीय बताया है।

# के राजू का आगमन कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार करेगा : चैतू उरांव



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू का गुमला आगमन 28 अगस्त को होने जा रहा है। उनका यह दौरा बेहद अहम माना जा रहा है क्योंकि कांग्रेस संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने और आगामी चुनावों की रणनीति तय करने के लिहाज से यह बैठकें निर्णायक साबित हो सकती हैं। प्रदेश प्रभारी के राजू का राज्य में पांच दिवसीय दौरा 26 से 31 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान वे विभिन्न जिलों में संगठन को गति देने और कार्यकर्ताओं से संवाद करने का काम करेंगे। इसी कड़ी में 28 अगस्त को गुमला जिला में उनका कार्यक्रम निर्धारित है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतू उरांव और मीडिया चैयरमैन सह प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर ने जानकारी दी कि 28 अगस्त को दिनभर प्रभारी कई महत्वपूर्ण बैठकें करेंगे। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक सिसई प्रखंड क्षेत्र में जिला स्तरीय पदाधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ संवाद होगा। वहीं 1:30 बजे से 2:30 बजे तक उत्तरी भरनो प्रखंड में बैठक, 2:30 बजे से 4 बजे तक भरनो के तुरियाम्बा में पंचायत समिति के सदस्यों के साथ विशेष बैठक होगा। इन संवादों में जिला पदाधिकारी, अग्रणी मोर्चा संगठन के जिला अध्यक्ष, सभी प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, सिसई प्रखंड के 18 पंचायतों के कार्यकारिणी सदस्य और अग्रणी मोर्चा संगठन के प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

जिला अध्यक्ष और प्रवक्ता ने कहा कि जिले में प्रदेश प्रभारी का आगमन कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह और ऊर्जा का संचार करेगा। उन्होंने बताया कि तैयारियां लगभग पूरी कर ली गयी हैं और कार्यकर्ताओं को ग्राम स्तर तक आमंत्रण भेजा गया है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष समेत झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस की पूरी टीम भी मौजूद रहेगी।

उन्होंने कहा कि यह दौरा संगठन के लिए नयी दिशा तय करेगा और आगामी चुनाव में कांग्रेस को मजबूती प्रदान करेगा। दोनो ने कहा कि प्रदेश प्रभारी के राजू सड़क मार्ग से गुमला पहुंचेगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जिलेवासियों में उनके आगमन को लेकर जबरदस्त उत्साह है। जगह-जगह उनके स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम की सफलता में जिला महासचिव फिरोज आलम, जिला सचिव तरुण गोप, मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर, प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी, मुकेश कुमार दास, जितेंद्र लोहार, महावीर उरांव, लालमोहन साहू, जुबेर अंसारी, उमराव हसीब अंसारी, करमा उरांव, सोहन लोहार, मस्जिद अंसारी, सतीश उरांव, शाहजहां, विजय यादव, नंदकिशोर साहू, सुनील उरांव, सरिता देवी, सुनीता उरांव, सोमरा उरांव लगातार कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने में लगे हुए हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि प्रदेश प्रभारी का गुमला दौरा कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की कवायद का हिस्सा है।

# घाघरा में गणेश चतुर्थी की रही धूम, दो पंडालों में हुई पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर घाघरा मुख्यालय श्रद्धा और उत्साह से सराबोर रहा। दो प्रमुख स्थानों माधवंस क्लब और थाना चौक पर भव्य पंडाल सजाकर गणेश पूजा का आयोजन किया गया। पूजा-अर्चना का विधिवत आरंभ आचार्य प्रशांत पाठक और नीरज कुमार ने कराया। माधवंस क्लब में इस वर्ष आकर्षक थीम पर आधारित पंडाल सजाया गया, जिसे रंग-बिरंगी रोशनियों और फूलों से विशेष रूप से सजाया गया था। वहीं थाना चौक गणेश पूजा समिति द्वारा स्थापित भव्य प्रतिमा के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। पूजा के बाद भक्तों ने भगवान गणेश से सुख-समृद्धि, शांति और क्षेत्र के विकास की कामना की। आयोजन समिति ने भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया। पूरे दिन भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर पवन साहू, नीरज कुमार, राहुल कुमार, क्षितिज कुमार, सचिन कुमार, निखिल कुमार, सिंटू साहू, बिपिन साहू, शुभम राज, सानू कुमार, विक्की कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## बिशुनपुर में गणपति के दर्शन के लिए उमड़ी भीड़



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में गजानन समिति के द्वारा तीसरे वर्ष भी नकटी देवी मंडप प्रांगण में पंडाल में प्रतिमा स्थापित कर सिद्धि विनायक भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की गयी। गणपति का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पंडाल में भगवान गणेश की पूजा-पाठ पूरे विधि-विधान के साथ की गयी और 108 बेलपत्र देकर आहुति किया गया। पुजारी मनीष मिश्रा ने बताया कि विघ्नहर्ता श्री गणेश की पूजा करने से जीवन में सुख समृद्धि, विद्या बुद्धि और धन आदि प्राप्त होती है। गजानन समिति के सदस्य शिशुपाल शर्मा ने बताया कि पिछले 3 वर्षों से समिति द्वारा गणेश पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी समिति के सदस्यों ने पूजा को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। इस मौके पर राकेश कुमार प्रजापति, प्रकाश गुप्ता, गोस्वामी, गौतम साहु, सचिन ठाकुर, गणेश कुमार प्रजापति, प्रदीप सिंह, नीरज गुप्ता, शंकर गोस्वामी, शिवकुमार प्रजापति बबलू यादव पीयूष ठाकुर आरव राज सहीत कई कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 28 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


## कार्रवाई : नावाडीह में 17 अगस्त को हुई डकैती कांड का बोकारो पुलिस ने किया उद्‌भेदन

# धनबाद से जाकर बोकारो में करते थे डकैती स्वर्ण दुकानदार के साथ ही छह गिरफ्तार

**हथियार, नकद, आभूषण और कारतूस सहित वाहन भी जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



पकड़े गये डकैतों की जानकारी देते एसपी हरविंदर सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी।

**बोकारो।** जिले के नावाडीह थाना अंतर्गत बिरनी डाही गांव के धनेश्वर साहू के घर विगत 17-18 अगस्त की रात हुई डकैती की घटना का पुलिस ने उद्‌भेदन कर लिया है। कार्रवाई करते हुए एसआइटी ने एक दुकानदार सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूटे गए गहनों के अलावा घटना में इस्तेमाल देसी कट्टे और जिंदा कारतूस, एक स्कॉर्पियो, नगद रुपए, सोना-चांदी गला कर बनाया गया शीट आदि बरामद किया गया है। उक्त जानकारी एसपी हरविंदर सिंह ने दी। बुधवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर उन्होंने बताया कि डकैती कांड के उद्‌भेदन करने को लेकर बेरमो एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया था। तकनीकी साक्ष्य एवं मानवीय सूचना के आधार पर विगत 26 अगस्त को ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के मेन रोड रोड पर स्थित होटल के पास पीछा करते हुए संदिग्ध स्कॉर्पियो को रोक कर उसमें सवार लोगों से पूछताछ की गई। नावाडीह डकैती कांड में इनकी संलिप्तता की बात पता चलने पर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान धनबाद के भूलीडीह निवासी विक्रम कुमार, गोविंदपुर निवासी धर्मेंद्र राय, ईस्ट बसुरिया निवासी रवि कुमार महतो और महुदा के कांड्रा निवासी हाशिम शेख के रूप में हुई है। एसपी की मानें तो गिरोह का सरगना बैंक मोड़ के भूलीडीह ब्लॉक सेक्टर 10बी निवासी विक्रम कुमार है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने पुनः धनबाद के भूली निवासी किशन पंडित के घर पर छापामारी कर उसे पकड़ लिया। साथ ही, दो देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, एक कार्बाइन टाइप कट्टा और छह जिंदा कारतूस बरामद कर जब्त कर लिया। इनके बयान पर चोरी के आभूषण खरीदने वाले दुकानदार नावाडीह निवासी मुकेश सोनार को भी धर दबोचा। दुकानदार की निशानदेही पर 10 ग्राम सोना एवं 470 ग्राम चांदी को गलाकर बनाये गये शीट को भी जब्त किया गया। एसपी ने बताया कि यह गिरोह पूर्व में भी संगठित रूप से आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता रहा है। पुलिस इस घटना में शामिल अन्य आरोपितों को दबोचने के लिए लगातार छापामारी कर रही है। एसपी ने बताया कि घटना के बाद कांड के खुलासे के लिए एक पुलिस टीम बनाई गई। पुलिस टीम में बेरमो अंचल के निरीक्षक नवल किशोर सिंह, नावाडीह थानेदार अमित कुमार सोनी, दुगदा थानेदार मनीष कुमारख, चंद्रपुरा थानेदार अजय कुमार सिंह, ईस्ट बांसुरिया धनबाद के थानेदार रुपेश दुबे और तकनीकी शाखा के कामेश्वर महतो आदि शामिल थे।

### धनबाद के ईस्ट बांसुरिया में होटल के पास स्कॉर्पियों दिखने पर हुआ खुलासा

एसपी हरविंदर सिंह ने डकैती के बाद गठित एसटीओ की टीम को यह सूचना मिली थी कि धनबाद के महुदा और भूली के डकैत गिरोह पूरे मामले में शामिल हैं। पुलिस की टीम सूचना के बाद छापामारी के लिए धनबाद के ईस्ट बांसुरिया ओपी के मेन रोड स्थित एक होटल के पास स्कॉर्पियो को देखा। हालांकि पुलिस को देखकर चालक वाहन लेकर भागने लगा। पर पुलिस ने पीछा कर उसे रोका और इसमें बैठे आरोपितों रवि, विक्रम, हाशीम और धर्मेंद्र को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। तब इन लोगों ने बताया कि भूली में रहने वाले विक्रम के यहां वह लोग हथियार छिपा कर रखे हैं। पुलिस ने विक्रम के यहां से कट्टा, पिस्टल और कारबाइन टाइप कट्टा को बरामद किया।

### अक्टूबर 2024 में भी नावाडीह में डाला था डाका

पुलिस कप्तान के मुताबिक आरोपितों ने बताया है कि साल 2024 के अक्टूबर महीने में भी नावाडीह के चिरुडीह निवासी पुरुषोतम साव के यहां डकैती डाले थे। इसके अलावा इस वर्ष जुलाई माह में धनबाद के इस्ट बांसुरिया में भी डकैती की थी। पहले भी आरोपित जेल जाने की बात स्वीकार किये हैं।

## टाटा स्टील झरिया शाखा ने मनायी सर दोराबजी टाटा की 166वीं जयंती




**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील की झरिया शाखा ने बुधवार को जामाडोबा स्थित सर दोराबजी टाटा पार्क में अपने पहले चेयरमैन सर दोराबजी टाटा की 166वीं जयंती मनायी। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। टाटा स्टील झरिया शाखा के चीफ (जामाडोबा ग्रुप) सुब्रत दास ने वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और यूनियन प्रतिनिधियों के साथ मिलकर सर दोराबजी टाटा पार्क में उनकी स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में सुब्रत दास ने सर दोराबजी टाटा के जीवन की उपलब्धियों और महत्वपूर्ण पड़ावों को याद करते हुए उपस्थित सभी लोगों से उनके दृष्टिकोण और मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का आह्वान किया, जो आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि कैसे सर दोराबजी टाटा ने अपने पिता जमशेदजी नसरवानजी टाटा के बाद टाटा समूह की बागडोर संभाली और उसे आगे बढ़ाया। जमशेदजी की दूरदर्शिता ने देश में आत्मनिर्भरता की नींव रखी थी और सर दोराबजी ने उस विरासत को मजबूती से आगे बढ़ाया। सुब्रत दास ने यह भी उल्लेख किया कि सर दोराबजी टाटा खेलों के प्रति बेहद उत्साही थे। भारतीय ओलंपिक अभियान के अग्रदूत माने जाते हैं। भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने 1924 में पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय दल की यात्रा का पूरा खर्च खुद वहन किया था। इस अवसर पर पंकज दास (हेड एचआरबीपी), श्वेता मिश्रा (हेड एडमिनिस्ट्रेशन), अंशुल कुमार मिश्रा (जीएम झरिया की ईए), अनमोल श्रीवास्तव (सीनियर एरिया मैनेजर एचआरबीपी, जामाडोबा एवं सेंट्रल फंक्शन्स), उमेश सिंह (सीनियर मैनेजर, एनवायरनमेंट), संजीव कुमार सिंह (सीनियर मैनेजर, टी एस यू आई एस एल), संतोष महतो (क्षेत्रीय सचिव, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन) आदि उपस्थित थे।

## गणेश पूजा में शामिल हुए मंत्री योगेंद्र प्रसाद



**गोमिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया मोड़ स्थित शिव मंदिर प्रांगण में गणेश चतुर्थी के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय गणेश पूजन कार्यक्रम में बुधवार को राज्य के पेयजल, स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद शामिल हुए। पूजा कमेटी की ओर से मंत्री योगेंद्र प्रसाद को चुन्नी ओढ़कर स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री जी मे भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष मत्था टेका और क्षेत्रवासियों की खुशहाली, समृद्धि और विकास की मंगलकामनाएं की। साथ ही सभी को श्री गणेश चतुर्थी की ढेरों शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अमित पासवान, पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, पूर्व मुखिया दुलाल प्रसाद, यूनियन नेता नरेश मंडल, झामुमो गोमिया प्रखंड उपाध्यक्ष मो असलम और राजू शाह आदि मौजूद रहे।

## वेद़ांता इएसएल स्किल स्कूल के छात्रों को मिली नौकरी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड की सीएसआर पहल वेदांता इएसएल स्किल स्कूल में बुधवार को खास अवसर मनाया गया। फील्ड टेक्नीशियन और होम अप्लायंसेस रिपेयरिंग (एमएसटी) ट्रेड के पहले बैच के 25 छात्रों को सफल प्रशिक्षण पूरा करने के बाद नौकरी का ऑफर लेटर दिया गया। इन सभी छात्रों को नोएडा की आमधने प्राइवेट लिमिटेड में अच्छे पैकेज पर नौकरी मिली है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आनंद दुबे (सीएफओ, ईएसएल स्टील लिमिटेड) और कुणाल दरिपा (सीएसआर हेड, ईएसएल स्टील लिमिटेड) मौजूद रहे। आनंद दुबे ने छात्रों को मेहनत और आत्मविश्वास के साथ अपने करियर की नई शुरूआत करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, ऑफर लेटर मिलने पर छात्रों ने खुशी और भावुक अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का समापन फ्लैग वेव-ऑफ के साथ हुआ, जब सभी छात्र नौकरी के लिए नोएडा रवाना हुए। बतातें चलें कि वेदांता ईएसएल स्किल स्कूल एक रेजिडेंशियल ट्रेनिंग सेंटर है, जहां युवाओं को रोजगार से जुड़े प्रशिक्षण दिये जाते हैं। यहां सोलर पीवी इंस्टॉलर, फील्ड टेक्नीशियन और फूड एंड बेवरेज सर्विस जैसे कोर्स चलाए जाते हैं। अब तक 673 छात्रों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इनमें से 500 छात्रों को नौकरी भी मिली है।

## धनबाद पहुंचे केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री बेलगड़िया टाउनशिप का किया भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे बुधवार को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) मुख्यालय धनबाद पहुंचे। जहां डीसी आदित्य रंजन ने जिला प्रशासन की ओर से उनका स्वागत किया। वहीं, बीसीसीएल की ओर से सीएमडी समीरन दत्ता ने कंपनी के सभी निदेशकों के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान मंत्री की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मंत्री ने झरिया मास्टर प्लान पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किये। वहीं, डीसी ने जेआरडीए के तहत बेलगड़िया में चल रहे सभी विकास कार्य एवं योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि बेलगड़िया टाउनशिप में बड़े पैमाने पर स्किल डेवलपमेंट, आकर्षक पार्क का निर्माण, तालाबों का नवीनीकरण, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था के कार्य किये जा रहे हैं। डीसी ने लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) एवं नॉन लीगल टाइटल होल्डर (नॉन एलटीएच) की सत्यापन स्थिति, सर्वे वेरीफिकेशन, टाउनशिप एरिया के विकास, स्किल डेवलपमेंट, बेलगड़िया टाउनशिप में जेआरडीए कार्यालय का निर्माण, टाउनशिप एरिया में पेयजल की सुविधा, सुचारू बिजली व्यवस्था, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, रिचार्ज पिट, तालाब सौंदर्यीकरण, पार्क का निर्माण, सुरक्षा एवं शिक्षा व्यवस्था, सड़क निर्माण, एलइडी स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट लाइट सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। डीसी ने बताया कि बेलगड़िया टाउनशिप को आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करने, वहां के निवासियों को रोजगार से जोड़ने सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित रखते हुए विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। इसमें बेलगड़िया के दोनों तालाबों में मछली पालन के लिए उसका जीर्णोद्धार, लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कौशल विकास केंद्र की स्थापना की गई है। सुगम आवागमन के लिए भारत कोकिंग कोल लिमिटेड द्वारा बसे चलाई जा रही है। 50 ई-रिक्शा प्रदान करने के लिए जेआरडीए और बीसीसीएल के बीच एमओयू हुआ है। बताया कि बेलगड़िया टाउनशिप के निवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चारों ओर बाउंड्री वॉल, नालियों की सफाई, सुरक्षा गार्डों की तैनाती, सड़कों का चौड़ीकरण, स्ट्रीट लाइट, विद्यालय का जीर्णोद्धार, खेल मैदान, लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए शिकायत निवारण प्रकोष्ठ की स्थापना के साथ ही अन्य कई योजनाओं के अलावा टाउनशिप के निवासियों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ देना इसमें शामिल है। इस दौरान मंत्री ने बीसीसीएल के पिछले वर्ष के प्रदर्शन, उत्पादन स्तर, सुरक्षा मानकों एवं संचालन की गहन समीक्षा की और कंपनी की भावी रणनीतियों व योजनाओं पर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऊर्जा एवं औद्योगिक क्षेत्र को मजबूत बनाने में बीसीसीएल की भूमिका की सराहना करते हुए इसे और अधिक सशक्त बनाने की प्रेरणा दी। इश मौके पर निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक (वित्त) राकेश कुमार सहाय, निदेशक (तकनीकी) संजय सिंह, निदेशक (तकनीकी-योजना एवं परियोजना) मनोज कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित थे। इसके बाद डीसी ने मंत्री के साथ बेलगड़िया टाउनशिप का भ्रमण किया। जहां मंत्री जी ने बेलगड़िया के विकास के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यों को देखा।

## संरक्षित क्षेत्रों में धरना-प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध

- टू-टैंक गार्डन धरना प्रदर्शन का एकमात्र स्थल घोषित
- संवेदनशील प्रतिष्ठानों को घोषित किया गया संरक्षित क्षेत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बिहार गजट, ऑफिसियल गजटेड अधिनियम-1923 (1923 के अधिनियम-क) की धारा (2), उपधारा (8), कंडिका (सी) एवं (डी) के अंतर्गत बीएसएल संयंत्र प्रशासनिक भवन, 132 केवी टाउनशिप सब-स्टेशन, गरगा डैम, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं इनके आस-पास का क्षेत्र संरक्षित स्थान घोषित किया गया है। इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन या सार्वजनिक सभा करना प्रतिबंधित है। इसकी जानकारी जिला प्रशासन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई। बताया गया कि विभिन्न संगठनों एवं संघों की ओर से किये जाने वाले धरना-प्रदर्शनों के दौरान जन-सुरक्षा एवं औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बीएसएल प्रबंधन ने टु-टैंक गार्डन को आधिकारिक रूप से धरना एवं प्रदर्शन स्थल के रूप में निर्धारित किया है। साथ ही, सभी संगठन, संघ और संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में कोई भी धरना, प्रदर्शन, जुलूस या सभा का आयोजन केवल टु-टैंक गार्डन स्थल पर ही करने को कहा गया है। अन्य किसी स्थान पर इस प्रकार की गतिविधियाँ करना कानूनन वर्जित बताया गया। इस बाबत चास के अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढ़ांडा ने सभी संगठनों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे शांति एवं व्यवस्था बनाएं रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें और केवल निर्धारित स्थल पर ही कार्यक्रम आयोजित करें।

## धनबाद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को उत्कृष्ट प्ले स्कूल की तर्ज पर किया जायेगा विकसित: डीसी

- बाबूडीह के मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण
- आंगनबाड़ी को मॉडल आंगनबाड़ी सह प्री नर्सरी स्कूल के तर्ज पर किया जा रहा विकसित

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** डीसी आदित्य रंजन ने बाबूडीह स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में चल रहे कार्यों का बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खेलकूद वाले क्षेत्र, क्लासरूम, किचन, वाशरूम, पोषण वाटिका सहित पूरे परिसर में चल रहे कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया एवं कमियों को सुधारने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को उत्कृष्ट प्ले स्कूल की तर्ज पर विकसित किया जायेगा। इसके लिए पहले बाबूडीह स्थित आंगनबाड़ी को मॉडल आंगनबाड़ी सह प्री नर्सरी के तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। इसके सफलता के बाद जिला के बाकी मॉडल आंगनबाड़ी को भी इसी तर्ज पर विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों का सशक्तिकरण राज्य सरकार की प्राथमिकता है, क्योंकि यहां पढ़ने वाले बच्चे देश के भविष्य हैं। इन केंद्रों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना, धात्री और गर्भवती महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर डीएमएफटी टीम लीडर शैलेश तिवारी, डीएमएफटी पीएमयू के सदस्य, सेविका आदि उपस्थित थे।

## सीसीएल और सीआइएसएफ की संयुक्त छापमारी में 37 टन अवैध कोयला जब्त



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल ढ़ोरी महाप्रबंधक रंजय सिन्हा के आदेश पर क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी सुरेश सिंह के नेतृत्व में अमलो रेलवे साइडिंग के इंजन साइड एवं पीपल धौड़ा कारखना के पास अवैध कोयला के विरुद्ध छापामारी की गयी। इस दौरान साढ़े 37 टन कच्चा कोयला जब्त किया गया। जिसे जेसीबी से ट्रैक्टर में लाद कर कांटा करवाने के बाद अमलो रेलवे साइडिंग के क्रेशर में डंप किया गया। छापामारी में सीआइएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट केवीए श्रीधर, इंस्पेक्टर एसआर नायक, एएसआई दिलीप कुमार, एएसआई यूके राय, कांस्टेबल शाहजहां अली, रोहित मिंज, आरिफ खान, क्राइम से संदीप कुमार, सब इंस्पेक्टर एसके तिवारी एवं सहयोगी दल, सीसीएल अमलो साइडिंग इंचार्ज, जयशंकर, एरिया सुरक्षा इंचार्ज शिलचंद हवलदार, कृपाल सिंह, मानिक दिगार, गब्बर सिंह और मुकेश कुमार शर्मा आदि शामिल थे।

### लंबे समय से केंद्रों में अंडा वितरण नहीं होने पर डीसी नाराज

## बोकारो जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में अंडा उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




डीसी अजय नाथ झा।

**बोकारो।** आंगनबाड़ी केंद्रों में पिछले कई महीनों से अंडा वितरित नहीं होने की जानकारी मिलने पर डीसी अजय नाथ झा ने गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी (डीएसडब्ल्यूओ) को इस पर तुरंत ठोस कदम उठाने और किसी भी स्थिति में वितरण में बाधा न आने देने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए तत्काल प्रभाव से अंडा वितरण शुरू करने का निर्देश दिया है। कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और कुपोषण उन्मूलन के लिए अंडा एक महत्वपूर्ण आहार है, जिसकी उपलब्धता हर केंद्र पर सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने जिला पशुपालन पदाधिकारी को प्रत्येक माह स्वच्छता संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। डीसी ने स्पष्ट कहा कि अंडे की गुणवत्ता सुनिश्चित करना डीएसडब्ल्यूओ की जिम्मेदारी होगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या मानक से कम गुणवत्ता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी या आपूर्तिकर्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने को लेकर भौतिक निरीक्षण की व्यवस्था शुरू करने का निर्देश दिया है। कहा कि प्रत्येक माह 20 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण खुद डीएसडब्ल्यूओ करेंगी। 20 केंद्रों का निरीक्षण बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) और 20 केंद्रों का निरीक्षण महिला पर्यवेक्षिका (एलएस) करेंगी।

## मिहिजाम में गणेत्सव की धूम, आकर्षक पंडालों-प्रतिमाओं के दर्शन को उमड़ी भीड़

**मिहिजाम (आजाद सिपाही)।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर मिहिजाम, चित्तरंजन सहित आसपास के क्षेत्रों में भगवान श्रीगणेश की अराधना की जा रही है। बुधवार को रेलनगरी चित्तरंजन के कर्नल सिंह डैम किनारे स्थित सिद्धि विनायक मंदिर में भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा स्थापित किया गया। पूजा के दौरान चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना के महाप्रबंधक विजय कुमार अपनी पत्नी संग भगवान गणेश की आराधना किया और पूजा का महाभोग खिचड़ी ग्रहण किए उनके साथ चिरेका प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी स्वजनों के साथ मंदिर में श्रीगणेश का दर्शन किए। मंदिर कमेटी के सदस्य बाटुल दा, मिट्ठू दूबे, संजय सिंह, पप्पू दूबे आदि का योगदान देखी जा रही थी। वहीं, सुंदर पहाड़ी नार्थ एरिया स्थित बिजली कार्यालय समीप चित्तरंजन नार्थ सोशल वेलफेयर आर्गेनाइजेशन की ओर से चार दिवसीय गणेश चतुर्थी उत्सव इस साल भी आकर्षक रुप से की जा रही है। संस्था के सदस्य अरुण कुमार उर्फ टुन्नी ने बताया कि नौवा वर्ष आयोजित उत्सव को यादगार बनाने के लिए चित्तरंजन के रेलवे आवास का माडल को आकर्षक पंडाल एवं भगवान श्रीगणेश की मनमोहक प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की। इस मौके पर अमरजीत यादव, सचिन दास, कौशल किशोर सिंह, रवी श्रीवास्तव, सुनील कुमार, मुन्ना दास गुप्ता, सुरज कुमार, नंदन कुमार, दुर्गेश कुमार आदि का सराहनीय योगदान देखा गया। वहीं, मिहिजाम नगर परिषद क्षेत्र स्थित बेसिक स्कूल प्रांगण में आर्ट क्लब की ओर से आयोजित गणेशोत्सव का आगाज बुधवार की सुबह गगणभेदी मंत्रोच्चारण के आरंभ हो गई। 10 दिवसीय गणेशोत्सव का आकर्षण भव्य मेला होगा, जिसमें तारामाझी झुला, नौका झुला, घोड़ा की सवारी, महिलाओ-युवतियों के लिए श्रृंगार की दुकाने, जलेबी की दुकान आदि लगाई गई है। मेला में सुरक्षा को लेकर पुलिस बल एवं सीसीटीवी कैमरा लगाई गई है। कल्ब के सदस्य सुरेश राय ने बताया कि वर्ष 1980 से गणेशोत्सव का आयोजन होते आ रहा है। सुरेश राय ने मिहिजाम, चित्तरंजन सहित आस पास क्षेत्र के लोगों को गणेशोत्सव में आकर आनंद लेने की अपील किया है। गणेशोत्सव को सफल संचालन के लिए संदीप शर्मा, कमल गुप्ता, बालमुकुंद रविदास, बाबू सोनी, पप्पू साव उर्फ कालिया, शैलेन्द्र यादव, पप्पू यादव आदि कार्यकर्ताओ का शराहनीय योगदान देखी जा रही है।

## सीरिया की राजधानी दमिश्क में इस्राइली ड्रोन से भीषण हमला


**दमिश्क (एजेंसी)(आजाद सिपाही)।** सीरिया की राजधानी दमिश्क के दक्षिणी इलाके में इस्राइली ड्रोन हमलों में छह सीरियाई सैनिकों की मौत हो गयी है और कई अन्य घायल हुए हैं। यह जानकारी सीरिया की सरकारी मीडिया और एक युद्ध निगरानी संगठन ने दी। सरकारी टीवी चैनल के अनुसार, मंगलवार को दमिश्क के दक्षिणी उपनगर किस्वाह में यह हमला हुआ। यहां हुए हमले में छह सैनिकों की जान गयी। वहीं इस हमले पर इस्राइली सेना ने अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। दिसंबर 2024 में सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद के सत्ता से गिरने के बाद से इस्राइल सीरिया के अलग-अलग हिस्सों में सैकड़ों हवाई और ड्रोन हमले कर चुका है। इन हमलों में सीरियाई सेना की कई संपत्तियां और ठिकाने तबाह हो चुके हैं।

# देश के लिए किसी भी हद तक जायेंगे: राजनाथ

## महू के रण संवाद में कहा, चुनौतियां बड़ी हैं, लेकिन हमारा संकल्प उससे भी बड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**महू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमें किसी की जमीन नहीं चाहिये, लेकिन अपनी जमीन की रक्षा के लिए हम किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। जब हम आगे की ओर देखते हैं, तो हमें याद रखना चाहिये कि भारत के सामने चुनौतियां बड़ी हैं, लेकिन हमारा संकल्प और साहस उससे भी बड़ा है। दुनिया हमें सिर्फ हमारी शक्ति के लिए ही नहीं, बल्कि सत्य, शांति और न्याय के प्रति हमारे समर्पण के लिए भी सम्मान देती है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा केवल सीमा पर तैनात सैनिकों द्वारा ही नहीं की जाती, बल्कि नयी तकनीक विकसित करने वाले वैज्ञानिकों, हथियार प्रणाली बनाने वाले उद्योगपतियों और अगली पीढ़ी को युद्ध के लिए तैयार करने वाले



शिक्षकों द्वारा भी की जाती है। राजनाथ ने यह बात महू में आयोजित रण संवाद 2025 के दूसरे दिन बुधवार को कही। उन्होंने कहा कि हमें अपनी एकता, अपनी स्पष्ट नीयत और पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस देश को आगे ले जाना है। इसी आत्मविश्वास के साथ हम 2047 की ओर पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे। भारत को नयी ऊंचाइयों पर ले जायेंगे।

**रणनीति को मजबूत करेगा रण संवाद**

रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि आज का 'रण संवाद' सिर्फ विचारों का आदान-प्रदान नहीं है, बल्कि सुरक्षा, नीति निर्माण और तीनों सेनाओं के विभिन्न पहलुओं को समझने का एक अवसर है। यहां होने वाली चचाएं हमें यह सोचने का अवसर देंगी कि हम भारत को कैसे और अधिक सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बना सकते हैं। ये न केवल रक्षा रणनीति को मजबूत करेंगी, बल्कि एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण बनाने में भी मददगार साबित होंगी।

**युद्ध का स्वरूप बदल रहा है**

राजनाथ ने कहा कि आधुनिक दौर में युद्ध अब सिर्फ जमीन, समुद्र और आकाश तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि अंतरिक्ष और साइबर स्पेस तक फैल चुके हैं। सैटेलाइट सिस्टम, एंटी-सैटेलाइट हथियार और स्पेस कमांड सेंटर अब शक्ति के नये साधन बन गये हैं।

आज साइबर वॉरफेयर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन और सैटेलाइट आधारित निगरानी युद्ध की नयी दिशा तय कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज के समय में युद्ध का कोई तयशुदा स्वरूप नहीं है। यह युग नॉन लीनियर और मल्टी डोमेन वारफेयर का है। ऐसे में हमें अपनी रणनीति को लचीला और समयानुकूल बनाना होगा। किसी निश्चित युद्ध नीति पर आंख मूंदकर भरोसा करना अब संभव नहीं है।

# भारत पर 50% अमेरिकी टैरिफ लागू

## 5.4 लाख करोड़ रुपये का निर्यात प्रभावित

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 30 जुलाई को भारत पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। जो 7 अगस्त से लागू हुआ था। अतिरिक्त 25% टैरिफ बुधवार से लागू हो गया है। यानी अब भारत पर 50% टैरिफ लागू है। भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर बुधवार से 50% टैरिफ लागू हो गया है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआइ) की रिपोर्ट के मुताबिक, यह नया टैरिफ भारत के लगभग 5.4 लाख करोड़ रुपये के निर्यात को प्रभावित कर सकता है। 50% टैरिफ से अमेरिका में बिकने वाले कपड़े, जेम्स-ज्वेलरी, फर्नीचर, सी फूड जैसे भारतीय उत्पाद महंगे हो जायेंगे। इससे इनकी मांग में 70% की कमी आ सकती है। चीन, वियतनाम और मेक्सिको जैसे कम टैरिफ वाले देश इन सामानों को सस्ते दाम पर बेचेंगे। इससे भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में हिस्सेदारी कम होगी।




## बिहार के मंत्री श्रवण कुमार पर जानलेवा हमला, डेढ़ किमी पैदल भागकर बचायी जान



**पटना/नालंदा (आजाद सिपाही)।** बिहार के नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के मलावां गांव में बीते मंगलवार को सड़क हादसे में मारे गये नौ लोगों के परिजनों से मिलने पहुंचे ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और स्थानीय जेडीयू विधायक कृष्ण मुरारी उर्फ प्रेम मुखिया पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। अफरातफरी के बीच दोनों नेताओं को अपनी जान बचाने के लिए डेढ़ किलोमीटर पैदल भागना पड़ा। इस दौरान सुरक्षा में लगे एक स्कॉर्ट सिपाही पथराव की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद उसे हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताते चलें कि 23 अगस्त की सुबह पटना जिले के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के सिगरियामा में ऑटो और हाइवा की भीषण टक्कर में मलावां गांव के नौ लोगों की मौत हो गयी थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक श्रवण कुमार और कृष्ण मुरारी सुबह करीब 10 बजे दोनों गांव में पहुंचे। गांव में घुसते ही भीड़ ने दोनों को घेर लिया। अपनी-अपनी समस्याएं बताईं। मुआवजे को लेकर ग्रामीण उग्र हो गये। इसके बाद ग्रामीणों ने दोनों को लाठी-डंडे लेकर दौड़ाया। जान बचाने के लिए दोनों नेता एक किलोमीटर भागे और तीन गाड़ियां बदलीं।

## स्कूल के बाथरूम में मिली जली हुई छात्रा, मौत

**पटना (आजाद सिपाही)।** पटना में बुधवार को गर्दनीबाग इलाके के आमला टोला कन्या विद्यालय के बाथरूम में 5वीं की छात्रा की जलकर मौत हो गयी। घटना के बाद गुस्साये परिजन और छात्रों ने स्कूल में तोड़फोड़ की है। स्कूल के बाहर जाम लगाया, आगजनी भी की गयी। हंगामा रोकने आए पुलिस वालों को लोगों ने जमकर थप्पड़ मारे। परिजन का आरोप है कि बच्ची को कैरोसिन डालकर जलाया गया है। वो सुसाइड नहीं कर सकती है। छात्रा की पहचान दमडीया की रहने वाली जोया परवीन के रूप में हुई है। छात्रा के शरीर का ऊपरी हिस्सा बुरी तरह से झुलसा था। सेंट्रल एसपी दीक्षा ने बताया कि मौके पर बोतल मिली है। जिसमें करीब आधा लीटर केरोसिन तेल बचा था। बाथरूम को सील कर दिया गया है। एफएसएल की टीम ने मौके से सबूत इकट्ठे किये हैं। भाई बोला, सर ने बहन से मिलने नहीं दिया: भाई शहबाज ने बताया कि हम लोग क्लास में बैठे थे, पता चला आग लगी है। वो वॉशरूम में थी। गेट बंद था।

## गुजरात मॉडल वोट चोरी का मॉडल: राहुल



### स्टालिन ने कहा, वोटर्स को लिस्ट से हटाना आतंकवाद से खतरनाक


आजाद सिपाही संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा का बुधवार को 11वां दिन था। यात्रा मुजफ्फरपुर पहुंची है। यहां जारंग हाई स्कूल मैदान में राहुल ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने महाराष्ट्र और गुजरात का चुनाव चोरी किया। 2014 से पहले ये गुजरात में शुरू हुआ। गुजरात मॉडल आर्थिक मॉडल नहीं है। गुजरात मॉडल वोट चोरी करने का मॉडल है। जिसे ये लोग 2014 में राष्ट्रीय स्तर पर लाये। हम कुछ कहते नहीं थे, क्योंकि हमारे पास कोई सबूत नहीं थे, लेकिन महाराष्ट्र में हमें सबूत मिल गया। इससे पहले तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वोटर्स को लिस्ट से हटाना आतंकवाद से खतरनाक है। बीजेपी ने चुनाव आयोग को कठपुतली बना लिया है। राहुल गांधी जी के शब्दों और आंखों में कभी डर नहीं होता। राहुल गांधी ने दरभंगा से सुबह साढ़े 8 बजे अपनी यात्रा शुरू की थी। इस दौरान वे प्रियंका गांधी के साथ बुलेट से भी चले। मुजफ्फरपुर के बाद यात्रा रात में सीतामढ़ी पहुंचेगी। यहां की 4 सीटों से होकर गायघाट, बोचहां, मीनापुर, औराई से यात्रा गुजरेगी। इसके अलावा नगर विधानसभा क्षेत्र का बड़ा हिस्सा भी इस यात्रा से प्रभावित होगा। नगर सीट कांग्रेस के कब्जे में है। यहां से विजेंद्र चौधरी विधायक हैं।

## वैष्णो देवी में लैंडस्लाइड से मौत का आंकड़ा 32 हुआ



**जम्मू (आजाद सिपाही)।** वैष्णो देवी मंदिर के ट्रैक पर लैंडस्लाइड में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर बुधवार को 32 हो गया। हादसा मंगलवार दोपहर 3 बजे पुराने ट्रैक पर अर्धकुमारी मंदिर से कुछ दूर इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ था। कल देर रात तक सात लोगों के मरने की खबर थी, लेकिन सुबह आंकड़ा बढ़ गया। वहीं, 23 से ज्यादा लोग जख्मी हैं और कई लापता हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। कल दोपहर बादल फटने के कारण यात्रा स्थगित कर दी गई थी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा बुधवार को घायलों से मिलने कटरा पहुंचे। उन्होंने बताया कि घायलों की हालत स्थिर है। कई मृतकों की पहचान हो गई है और शव उनके घर भेजने की व्यवस्था हो रही है। श्राइन बोर्ड मृतकों के परिजन को पांच लाख रुपये और डिजास्टर मैनेजमेंट 4 लाख रुपये देगा। जम्मू शहर में मंगलवार को 24 घंटे से भी कम समय में 250 मिमी से ज्यादा बारिश हुई थी। इससे कई जगह बाढ़ जैसे हालात हैं। घरों और खेतों में पानी भर गया है। वैष्णो देवी लैंडस्लाइड के चश्मदीद ने बताया- बड़े-बड़े पत्थर अचानक गिरने लगे और सब तबाह हो गया। नॉर्दर्न रेलवे ने भी आज जम्मू-कटरा से चलने वाली और यहां रुकने वाली 22 ट्रेनें रद्द की हैं। इसके अलावा 27 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। हालांकि कटरा-श्रीनगर के बीच ट्रेन सर्विस जारी है।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**